धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, सोमवार 02 सितंबर 2024 ● भाद्रपद अमावस्या 14, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 145 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.3 | 25.9 |
| जमशेदपुर | 32.3 | 25.4 |
| डालटनगंज | 33.2 | 26.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



वुमेंस टी-20 वर्ल्ड कप : भारत-पाकिस्तान समेत पांच टीमों ने...

पेज 10






**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,500 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

## ब्रीफ खबरें

### 'स्थगन की संस्कृति' को बदलें: राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में 'स्थगन की संस्कृति' को बदलने के प्रयास की जरूरत है. जिला न्यायपालिका के दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अदालतों में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है. न्याय की रक्षा करना देश के सभी जजों की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि अदालती माहौल में आम लोगों का तनाव का स्तर बढ़ जाता है. कार्यक्रम में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए.

### छग में कांग्रेस नेता ने सपरिवार की खुदकुशी

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में कांग्रेस नेता ने पत्नी और दो बेटों के साथ अपने घर पर कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली. एक अधिकारी ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य गंभीर हालत में पाए गए जिसके बाद उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. मृतकों की पहचान कांग्रेस नेता पंचराम यादव, उनकी पत्नी दिनेश नंदिनी (55) बेटे सूरज (27) और नीरज (32) के रूप में हुई है.

### वायुसेना के उप प्रमुख ने पदभार संभाला

**नयी दिल्ली।** एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने रविवार को भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख (डीसीएएस) का पदभार संभाला. रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी. वायु सेना मुख्यालय (वायु भवन) में पदभार ग्रहण करने के बाद एयर मार्शल ने यहां स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी.

### शिवाजी की प्रतिमा ढहने के विरोध में मार्च

**मुंबई।** एनसीपी (एसपी) सुप्रीमो शरद पवार और शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे नेता उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के विरोध में दक्षिण मुंबई स्थित प्रतिष्ठित हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक रविवार को महा विकास आघाडी के मार्च का नेतृत्व किया. दोनों नेताओं ने पीएम मोदी को अहंकारी करार दिया.

-पेज 12 भी देखें

### एनआईए के आईजी की बेटी मृत मिली

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी की डॉ. राम मनोहर लोहिया लॉ यूनिवर्सिटी में एलएलबी तृतीय वर्ष की छात्रा की मौत हो गई. एनआईए के आईजी आईपीएस अफसर संतोष रस्तोगी की बेटी अनिका रस्तोगी (21) गर्ल्स हॉस्टल के कमरे में बेहोश मिली. उसको तुरंत अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

### केसी त्यागी का जदयू के प्रवक्ता पद से इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** जदयू नेता केसी त्यागी ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह राजीव रंजन प्रसाद को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है. त्यागी ने कहा कि वह जदयू में बने रहेंगे. - पेज 12 भी देखें

# फॉरेस्ट क्लीयरेंस और तकनीकी पेंच में फंसे राज्य के 35 कोल ब्लॉक

**रवि भारती। रांची**

झारखंड की 35 कोयला खदानें तकनीकी और फॉरेस्ट क्लीयरेंस के पेंच में फंसी हुई हैं. ये कोयला खदान सार्वजनिक और निजी कंपनियों को आबंटित की गई थीं. लेकिन इन खदानों से अब तक कोयला उत्पादन का काम शुरू नहीं हो पाया है. खास बात यह है कि पावर प्लांट के लिए आबंटित कोल ब्लॉक भी ऑपरेशनल नहीं हो पाया है. पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित बनहरदी कोल ब्लॉक की माइनिंग लीज की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है. टीवीएनएल को आबंटित राजबार कोल ब्लॉक के लिए एब तक एमडीओ का चयन नहीं हो पाया है. पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड को पचुवारा नोर्थ व पीएसपीसीएल को आवंटित पचवारा सेंट्रल कोल ब्लॉक से भी अब तक कोयला का उत्पादन शुरू नहीं हो पाया है. इन कोल ब्लॉक का आबंटन 2015 में हुआ था.

**सिर्फ तीन कोल ब्लॉक ही ऑपरेशनल :** राज्य के 38 कोयला खदानों में से सिर्फ तीन कोल ब्लॉक ही ऑपरेशनल हैं. इसमें एनटीपीसी को हजारीबाग जिले में आवंटित पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू व केरनडारी से ही कोयला का उत्पादन हो रहा है. वहीं अब तक 19 कंपनियों को ही खनन से पहले ड्रिल कर खनिज का पता लगाने का लाइसेंस मिला है. ओएनजीसी, आईओसी को हजारीबाग, बोकारो और धनबाद में कोल बिड मिथेन के लिए पेट्रोलियम एक्सप्लोजन का लाइसेंस मिला है.

## झारखंड में क्या है कोयले की स्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 80.36 | 42.37 | 19.43 | 18.56 |
| बिलियन टन राज्य में रिजर्व | बिलियन टन सीसीएल को आवंटित खदानों में रिजर्व | बिलियन टन बीसीसीएल को आवंटित खदानों में रिजर्व | बिलियन टन ईसीएल को आवंटित खदानों में रिजर्व |



- पतरातू और टीवीएनएल को आबंटित कोल ब्लॉक भी ऑपरेशनल नहीं
- सीसीएल, जेएसएमडीसी, यूपी विद्युत निगम के कोल ब्लॉक से उत्पादन नहीं

**कोयला खदान बंद होने का साइड इफेक्ट :** कोयला खदानों के बंद होने से लगभग ढाई लाख मजदूरों की रोजी-रोटी में आफत हो गई है. इसकी वजह यह है कि इनके पास वैकल्पिक रोजगार के लिए हुनर नहीं हैं. एक कोल ब्लॉक में 4 से 5 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है. साथ राज्य सरकार को भी इनके ऑपरेशनल होने पर लगभग 10 हजार करोड़ का राजस्व मिलेगा.

### ये प्रमुख कोल ब्लॉक ऑपरेशनल नहीं

- हिंडाल्को को आवंटित चकला कोल ब्लॉक में फॉरेस्ट क्लीयरेंस का मामला लंबित है.
- **हिंडाल्को को आबंटित डुमरी कोल ब्लॉक के लिए कंपनी द्वारा अब तक माइनिंग लीज के लिए आवेदन नहीं दिया गया है**
- त्रिमूला इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आवंटित मेराल कोल ब्लॉक फॉरेस्ट क्लीयरेंस की वजह से लंबित है
- **जेएसडब्ल्यू को आवंटित मोइत्रा कोल ब्लॉक का मामला बांड की वजह से लंबित है.**
- एनटीपीसी को आवंटित बादाम कोल ब्लॉक का मामला भी माइनिंग लीज को लेकर लंबित है.

### ये कोल ब्लॉक अब तक ऑपरेशनल नहीं

- रजहारा नॉर्थ (फेयरमाइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड)
- गोंडुलपारा (अडानी)
- उरमा पहाड़ी (अरबिंदो रियालिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड)
- जोगेश्वर एंड खास जोगेश्वर (कैप्टिव कोल)
- रौता (श्री सत्या माइंस)
- बंसतपुर (गंगरामाचक माइनिंग)
- बिजा (असम मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन)
- बुढ़ाखाप (श्री सत्या माइंस)
- वृंदा एंड सिसई (डालमिया सीमेंट)
- जीतपुर (टेरी माइनिंग)
- तोकीसुद टू (टवेंटी फर्स्ट सेंचुरी माइनिंग लिमिटेड)
- चोरियाटांड तिलैया (रुंगटा माइंस)
- पाताल इस्ट (आरसीआर स्टील)
- नॉर्थ धादू इस्ट (एनटीपीसी)
- नॉर्थ धादू वेस्ट (एनएलसीआइएल)
- सुगिया (जेएसएमडीसी)
- रोहने (एनएमडीसी)
- पर्बतपुर (जेएसडब्ल्यू स्टील)
- सीतानाला (जेएसडब्ल्यू स्टील)
- तुबेद (डीवीसी)
- ब्रह्मडीहा (एपीएमडीसीएल)
- कोत्रे बसंतपुर (सीसीएल)
- अमरकोंडा मुर्गाडंगल (इसीएल)
- ब्राह्मणी (इसीएल)
- साहरपुर जमराइपानी (यूपी राज्य विद्युत निगम)
- तोकीसुद नॉर्थ (एनएमडीसी)

**गरमाई सियासत :** बाबूलाल मरांडी ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

# शराब दुकानों के लाइसेंस में आदिवासी महिलाओं-रिटायर जवानों को दें प्राथमिकता

**संवाददाता। रांची**

राज्य में नई शराब नीति लागू करने को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर सुझाव दिया है. उन्होंने पत्र में कहा कि झारखंड की सामाजिक संरचना में हजारों गरीब, दलित और आदिवासी महिलाएं हैं, जो सड़क किनारे हड़िया, दारू बेच कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं. आप भी उसी समाज से आते हैं, इसलिए आप खुद भी आदिवासी महिलाओं की स्थिति से अवगत होंगे.



- राज्य में नई शराब नीति को लेकर बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को दिया सुझाव

मरांडी ने सीएम से आग्रह किया कि जिस प्रकार केंद्र सरकार पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी के लाइसेंस निर्गत करने में दलित, आदिवासी, महिला, दिव्यांगों और सेना से सेवानिवृत्त जवानों को प्राथमिकता देती है, उसी तरह राज्य सरकार भी देसी -विदेशी शराब दुकानों का लाइसेंस जारी करने में गरीब आदिवासी महिलाओं व सेना से सेवानिवृत्त जवानों को प्राथमिकता दे. उन्होंने पत्र में लिखा है कि चूंकि शराब नीति का निर्धारण पंचायती राज विभाग और ग्रामसभा का विषय है, इसलिए सरकार से आग्रह है कि वह इन विभागों की मदद से ऐसी नीति तैयार करें, जो अदिवासी महिलाओं के हित में हो.

**पिछली दो शराब नीति जनता के शोषण व राजस्व नुकसान का कारण बनीं :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मरांडी ने पत्र के जरिए सीएम को बताया कि इससे पहले आपके नेतृत्व में दो बार शराब नीति लागू की जा चुकी है, लेकिन वह राज्य हित में नहीं थी. दोनों शराब नीतियां राज्य की जनता के शोषण व सरकारी राजस्व के नुकसान का करण बनीं. निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर शराब बेचने के कारण जनता से अवैध वसूली की गई, जिससे सिर्फ शराब माफिया व दलालों को लाभ हुआ.

**बाबूलाल को मंत्री बैद्यनाथ राम का जवाब**

### आखिर महिलाओं से क्यों बेचवाना चाहते हैं शराब?



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर नई शराब नीति के लिए सुझाव दिया है. इसपर राज्य के उत्पाद मंत्री बैद्यनाथ राम ने जवाब देते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी आखिर महिलाओं से शराब क्यों बिकवाना चाहते हैं? वर्तमान में सिर्फ सुझाव मांगे गए हैं और नई शराब नीति पर अभी तक कोई चर्चा भी शुरू नहीं हुई है. यह समय सुझाव देने का नहीं, बल्कि सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रख कर काम करने का है. उन्होंने कहा, पता नहीं क्यों भाजपा नेता महिलाओं से शराब क्यों बिकवाना चाहते हैं, यह समझ से परे है.

### डीजल कारों को बोलें अलविदा: गडकरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सीआईआई के कार्यक्रम में डीजल पर बड़ी बात कही है. उन्होंने लोगों को सलाह देते हुए कहा कि जल्द ही डीजल को अलविदा कह दीजिए. मंत्री ने कार निर्माता कंपनियों से डीजल वाहन बनाना बंद करने की अपील की. गडकरी का कहना है कि अगर जल्द ही डीजल गाड़ियों का निर्माण बंद नहीं किया गया, तो वे इन गाड़ियों पर इतना टैक्स लगा देंगे कि इन्हें बेचना मुश्किल हो जाएगा. -शेष पेज 7 पर

**ट्रेन में बीफ खाने के शक में बुजुर्ग की पिटाई पर बोले राहुल**

## भाजपा उपद्रवियों को दे रही छूट

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

महाराष्ट्र के धुले एक्सप्रेस ट्रेन में गोमांस के शक में 72 साल के शख्स की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने वीडियो में दिख रहे आरोपियों में से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया.

अब इस मामले को लेकर राजनीति भी गरमा गई है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उस बुजुर्ग का तस्वीर शेयर करते हुए भाजपानीत एनडीए सरकार पर जम कर निशाना साधा है. उन्होंने भाजपा पर नफरत और खुलेआम हिंसा फैलाने का भी आरोप लगाया है. राहुल गांधी ने कहा, नफरत को राजनीतिक हथियार बनाकर सत्ता की सीढ़ी चढ़ने वाले देश भर में भय का राज स्थापित कर रहे हैं. भीड़ की शक्ल में छिपे हुए नफरती तत्व कानून के राज को चुनौती देते हुए खुलेआम हिंसा फैला रहे हैं. -शेष पेज 7 पर




मुंबई में गणेश चतुर्थी उत्सव से पहले भगवान गणेश की मूर्ति को पंडाल में ले जाते भक्त। (पीटीआई फोटो)

# केंद्रीय योजनाओं के राशि भुगतान में नहीं होगी किच-किच

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में चल रही केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन के राशि भुगतान में किच-किच नहीं होगी. अब सीधे रिजर्व बैंक से राशि का भुगतान किया जाएगा. योजनाओं की राशि दूसरे बैंकों में नहीं जाएगी. इसके लिए सरकारी विभागों को आरबीआई में एकाउंट खोलना होगा. वित्त मंत्रालय ने मुख्य सचिव को इसके लिए पत्र लिखा है. कहा गया है कि इस व्यवस्था लागू करने के लिए एसएनए स्पर्श सिस्टम को लागू करें. एसएनए का मतलब सिंगल नोडल एजेंसी और स्पर्श भुगतान की प्रक्रिया के लिए तैयार किया गया सॉफ्टवेटर है.

**राज्य में चल रहीं 24 केंद्र प्रायोजित योजनाएं :** झारखंड में फिलवक्त 24 केंद्रीय योजनाएं चल रही हैं. सरकार के वित्त विभाग ने इसको लागू करने के लिए स्वास्थ्य, गृह, वन-पर्यावरण, उच्च शिक्षा, खाद्य आपूर्ति, भू-राजस्व, भवन निर्माण, पेयजल, कृषि, उद्योग, जलसंसाधन, ग्रामीण विकास, महिला बाल विकास, नगर विकास और स्कूली शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव और सचिव को पत्र लिखा है. बताते चलें कि पिछले दिनों हुए कैबिनेट की बैठक में वित्त विभाग के एसएनए कोषागार और साइबर कोषागार की स्थापना को मंजूरी दी गई थी. जो केंद्रीय योजनाएं राज्य में चल रही हैं उनमें उच्चतर शिक्षा, स्वच्छ भारत (ग्रामीण), जल जीवन, मत्स्य संपदा योजना, इकोसिस्टम, कृषि विकास, कृषि उन्नति,पशुपालन विकास योजना, एनएफएसए, माइक्रो फूड प्रोसेसिंग, आयुष्मान भारत, जन आरोग्य, अमृत योजना, स्वच्छ भारत (शहरी), पीएम आवास, लाइवलीहुड मिशन, मनरेगा, स्कूल राइजिंग इंडिया, कृषि सिंचाई योजना, रिवर इंटरलिंक, पुलिस बल आधुनिकीकरण व मिशन शक्ति योजना आदि शामिल हैं.

**सीधे आरबीआइ से होगा पेमेंट**



- नहीं फंसेगा योजनाओं का पैसा, पीएफएमएस पोर्टल पर सभी चीजें रहेंगी ऑनलाइन
- वित्त मंत्रालय ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र, लागू करें एसएनए स्पर्श सिस्टम
- सरकारी विभागों को आरबीआइ में खुलवाना होगा एकाउंट

**इस सिस्टम में पैसा फंसने की नहीं होगी समस्या :** एसएनए स्पर्श सिस्टम लागू होने के बाद योजनाओं का पैसा फंसने की संभावना नहीं रहेगी. साथ ही इंटरेस्ट की भी समस्या नहीं होगी. क्योंकि आरबीआई में जो खाता खुलेगा वह पीएफएमएस पोर्टल पर पूरा स्टेटस ऑनलाइन दिखेगा.

**बड़ा फैसला** चार्जशीट के बाद भी हाईकोर्ट को है एफआईआर रद्द करने का अधिकार

# सुप्रीम कोर्ट ने खत्म किया लंबे समय का विवाद

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हाईकोर्ट को धारा 482 सीआरपीसी के तहत चार्जशीट दाखिल होने के बाद भी एफआईआर रद्द करने का अधिकार है, यदि कोर्ट को लगता है कि कार्यवाही जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरूपयोग होगा, तो किसी मुकदमे में चार्जशीट दायर होने के बाद उसकी एफआईआर दर्ज की जा सकती है.

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपने एक ताजा फैसले में दोहराया है कि यदि हाईकोर्ट को लगता है कि कार्यवाही जारी रखना कानूनी प्रक्रिया का दुरूपयोग होगा, तो हाईकोर्ट को सीआरपीसी की धारा 482 के तहत चार्जशीट दायर होने के बाद भी एफआईआर को रद्द करने का अधिकार है. सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि 30 मई 2023 को नोटिस दिए जाने के बावजूद शिकायतकर्ता महिला अपील का विरोध करने के लिए अदालत में उपस्थित नहीं हुई, जैसा कि 2 दिसंबर 2023 की रिपोर्ट में जिक्र किया गया है. सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि शिकायतकर्ता और उसके पति ने 2004 में अपने वैवाहिक संबंध तोड़ लिए थे और दोनों अपने-अपने जीवन में अच्छी तरह से व्यवस्थित थे. कोर्ट नेपाया कि शिकायतकर्ता महिला अपने वैवाहिक जीवन को बाधित नहीं करना चाहती थी और उसने अदालत की वर्तमान कार्यवाही में भाग नहीं लिया था. सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि एफआईआर में लगाए गए आरोप अस्पष्ट और सामान्य प्रकृति के थे. इसलिए, कोर्ट ने सवाल किया कि क्या एफआईआर और चार्जशीट को केवल अपीलकर्ताओं के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला दिखने के कारण सुनवाई के लिए आगे बढ़ाया जाना चाहिए. शीर्ष अदालत ने अभिषेक बनाम मध्य प्रदेश राज्य सहित कई मिसालों का हवाला देते हुए इस बात पर जोर दिया कि हाईकोर्ट के पास चार्जशीट दायर होने के बाद भी सीआरपीसी की धारा 482 के तहत एफआईआर को रद्द करने की शक्ति है. इसलिए, सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए एफआईआर, चार्जशीट और इससे उत्पन्न होनेवाली अन्य सभी कार्यवाहियों को रद्द करके पक्षों के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद को खत्म कर दिया.



**क्या है मामला :** लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष अदालत ने गुजरात हाईकोर्ट द्वारा एफआईआर को खारिज करने से इनकार करने के खिलाफ शिकायतकर्ता के सास-ससुर और पति द्वारा दायर अपील को स्वीकार कर लिया. शिकायतकर्ता महिला ने 2002 में अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी. उसने और उसके पति ने 2004 में आपसी सहमति से तलाक ले लिया था. गुजरात हाईकोर्ट ने 14 सितंबर 2011 को महिला के पति और सास-ससुर द्वारा दायर केस रद्द करने की अर्जी खारिज कर दी थी,क्योंकि जांच अधिकारी ने केस में चार्जशीट दायर कर दी थी और अपीलकर्ताओं के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनाया गया था. हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ अपीलकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर वर्तमान अपील दायर की थी.

# बांग्लादेश में हिंदू शिक्षकों से जबरन लिया जा रहा इस्तीफा

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश में नई अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस की सारे वादे जुमला साबित हो रहे हैं. पड़ोसी मुल्क में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार बदस्तूर जारी है. बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना की सरकार के गिरने के बाद से अब तक हिंसा प्रभावित देश में अल्पसंख्यक समुदायों के कम से कम 50 हिंदू शिक्षकों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया.

- जुमला निकला अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस का वादा

अल्पसंख्यकों के एक संगठन ने यह जानकारी दी. बांग्लादेशी दैनिक प्रोथोम अलो के अनुसार, बरिशाल के बेकरगंज सरकारी कॉलेज की प्रिंसिपल शुक्ला रानी हलदर को भी अपना इस्तीफा देना पड़ गया है. 29 अगस्त को छात्रों और बाहरी लोगों की भीड़ ने उनके कार्यालय पर धावा बोल दिया और उनसे इस्तीफा देने की मांग की. कई घंटों तक डराने-धमकाने के बाद परेशान हलदर ने एक सादा कागज पर सिर्फ मैं इस्तीफा देती हूं लिख कर सरकारी नौकरी छोड़ दी. इससे पहले 18 अगस्त को अजीमपुर गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल और कॉलेज की करीब 50 छात्राओं ने प्रिंसिपल गीतांजलि बरुआ को घेर लिया और उनसे सहायक प्राचार्य गौतम चंद्र पॉल और शारीरिक शिक्षा शिक्षिका शहनाजा अख्तर से इस्तीफा मांगा. बरुआ ने डेली स्टार को बताया, 18 अगस्त से पहले उन्होंने कभी मेरा इस्तीफा नहीं मांगा.

## आजसू बुद्धिजीवी मंच का शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह संपन्न

# राज्य की दिशा-दशा बदलने में बुद्धिजीवी मंच की भूमिका अहम : सुदेश महतो

**संवाददाता।रांची**

**बुद्धिजीवी मंच पार्टी की शक्ति का मुख्य केंद्र**



राज्य की दिशा और दशा को बदलने के लिए आजसू बुद्धिजीवी मंच की भूमिका अहम है. मंच के सभी अनुभवी पदाधिकारी को अपने दायित्व का बोध है.बुद्धिजीवी मंच पार्टी की शक्ति का मुख्य केंद्र है. आपके अनुभव से हम राज्य को बेहतर बनाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे. उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित आजसू बुद्धिजीवी मंच के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह में कहीं. इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने पद की शपथ ली, जिन्हें सुदेश महतो ने सम्मानित भी किया. कहा कि मंच के सभी पदाधिकारियों का समर्पण और संगठन के प्रति अपना श्रेष्ठ देने का जज्बा हम सभी के लिए प्रेरणादायक है.आप सभी सरकार के अर्थ और सामर्थ्य को समझते हैं. सरकार के कार्यकाल का मूल्यांकन करने का समय है. पदाधिकारी अलग -अलग क्षेत्र से हो सकते हैं, लेकिन सब की सामूहिक जिम्मेदारी नए जनादेश के लिए काम करने की है. कहा कि पार्टी द्वारा राज्यभर में चलाए जा रही जन जागरण पदयात्रा और राज्य के बेरोजगार युवाओं के बॉयोडाटा संग्रह अभियान के साथ ही आठ सितंबर को होनेवाली नवनिर्माण संकल्प सभा और नौ सितंबर से हर विधानसभा क्षेत्र में निकलनेवाली नवनिर्माण संकल्प पदयात्रा को सफल बनाने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आप सभी को अपना योगदान देना है.

आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा ने कहा कि हमारा लक्ष्य सुशिक्षित और सुविकसित झारखंड बनाने के लिए काम करना है. मंच के केंद्रीय महासचिव मुकुंद चंद्र मेहता ने कहा कि हम गांवों में जाकर आजसू पार्टी की नीतियों- सिद्धांतों को जन -जन तक पहुंचाने का काम करेंगे. मंच संचालन अंचल किंगर ने किया. शपथ ग्रहण समारोह को कई पदाधिकारियों ने संबोधित भी किया.शहजाद आलम मंच के रांची जिलाध्यक्ष बनाए गये. मौके पर मंच के उपाध्यक्ष प्रो उमेश चंद्र मेहता, कामेश्वर प्रधान, महेंद्र मोदी, डॉ केपी सिन्हा, शिवशंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह, अंचल किंगर, काशी नाथ महतो, प्रशांत कुमार बलथरिया, मंजूर खान, कौशिक चांद, मनोज साहू, प्रो आनंद कुशवाहा, डॉ राकेश सिन्हा,डॉ राम प्रसाद, प्रद्युम्न पांडेय उपस्थित थे

## मेडम जी भी गाने लगीं गीत, मेरे पैरों में घुंघरू बंधा दे तो फिर मेरी चाल देख लो

**संजय सिंह।रांची**

**चुनावी चकल्लस**



पलामू में भले गरीबी हो. सूखा पड़ता हो, बेरोजगारी और पलायन चरम पर हो, लेकिन इससे किसी को कोई मतलब नहीं. यहां तो राजनीति उफान पर रहती है. सुखाड़, बेरोजगारी, पलायन का गीत गुनगुना कर यहां राजनीति चमकानेवाले नेताजी लोगों की कमी नहीं है. अब पलामू के धनाढ्य परिवारों में से एक की मेडम जी को चुनावी चकल्लस का चस्का लगा है. मेडम जी कभी पलामू की पहले मेडम हुआ करती थीं. मान-सम्मान मिले लगा, तो राजनीति का चस्का भी लग गया. अब मेडम जी पूरे डालटनगंज इलाके में घूमरी चकिय्या लगा रही हैं. लोगों से मिल रही हैं, समस्याएं सुन रही हैं, लेकिन सुलझा नहीं पाने का मलाल है. कहती हैं, हमरो पैरवा में आपलोग विधायक वाला घूंघरु पहिरा दीजिए, फिर देखिए मेरी चाल ही बदल जाएगी. फिर तो आप लोगन को कोनो चिंता ही न करे पड़ेगा. दनादन आपलोगन का काम होगा.

मेडम जी वइसे तो बह्म कमल ही खिलावे के चक्कर में लगल हैं. गेटिंग-सेटिंग भी करे में तनिको नहीं पिछुवा रही हैं. नदी ई पार से ऊ पार कईले हैं. सतबरवा से लेकर बीस फुट्टा तक मेडम जी सगरो छिछिया रही हैं, लोगन को पटिया रही हैं. एगो बुजुर्ग बाबा (पंडितजी) मेडम जी से पूछ बइठते हैं- का मेडम जी, सगरो घूम रहे हैं, कोन पार्टिया से टिकटवा मिलेगा. पहिले पार्टी का टिकटवा फिट कर लीजिए, तब न. मेडम जी कहती हैं-आपलोग साथे रहिए न, कमल तो झटकिए लाएंगे. हमरो कुछ सेटिंग है न. ऊपरेवाला लोग भी हमको और हमरा फेमिली को जानता है. जुगाड़ तो लगिए जाएगा. एक बार खाली मौका मिले दीजिए, गर्दा उड़ा देंगे. हंडित जी गौर से उनकी बात सुनते हैं, फिर पूछ बइठते है-ए मेडम ई सब तो ठीक है, लेकिन नदिया के उ पारवाले भइया जी का आखिर का होगा. ऊ कोनो कच्चा गोली थोड़े न खेलले हैं. उहो तो दु बेर से मजा मारले हैं, तो एतना आसानी से छोड़वाला नइखन न. रउरा तो उनको जोगाड़ लगावे पड़ी. मेडम जी थोड़ा झेंप जाती हैं, कहती हैं, उ सब तो सलटिए लिया जाएगा. ओकरा में कौनो दिक्कत थोड़े न है.

मेडम जी सूर्य की माफिक तेज लिए शंकर जी के साथे-साथे रखले हैं. मेडम जी को भरोसा है कि जइसे नगर निगम के माफिक अबरियो टिकटवा लहाइए लेंगे. कोनो कंपीटिशन थोड़े न है. वइसे भी पूर्व में कमल ब्रांड के एगो फायरब्रांड नेताजी का आशीर्वाद उनको मिलबे करेगा. लेकिन अबरी ऊ नेताजी के चलेगा कि न चलेगा, ई में सस्पेंस है. ऊ नेताजी तो अब संविधानिक पद पर चल गए हैं, लेकिन मेडम जी को भरोसा है कि रघु कृपा बरस ही सकती है. मेडम जी फिलहाल लोगन के बीच जा रही हैं और गीत गा रही हैं-मेरे पैरों में घुंघरू बंधा दे, तो फिर मेरी....

### लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने राज्यपाल गंगवार से मुलाकात की



**रांची।** लघु उद्योग भारती के पूर्व अखिल भारतीय अध्यक्ष और वर्तमान में पूर्वी व पूर्वोत्तर भारत के प्रभारी ओमप्रकाश मित्तल के नेतृत्व में लघु उद्योग भारती का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मिला. प्रतिनिधिमंडल में झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार छापरिया, उपाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, सचिव सत्यप्रकाश पांडे, मधुसूदन अग्रवाल व आदित्य अग्रवाल शामिल थे.

### रिजल्ट की मांग को ले जेएसएससी का घेराव आज

**रांची।** झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का रिजल्ट अब तक प्रकाशित नहीं किया गया है. लगभग 921 पदों के लिए 10 माह पहले झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से परीक्षा ली गयी थी, लेकिन उसका रिजल्ट अब तक जारी नहीं किये जाने से अभ्यर्थियों में आक्रोश व्याप्त है. अभ्यर्थी उमेश कुमार, राजकुमार और रवि कुमार सहित अन्य ने कहा कि उन्होंने जेएसएससी अध्यक्ष व सचिव से कई बार मिल कर रिजल्ट जारी करने का आग्रह किया, लेकिन आश्वासन ही दिया गया. राज्य सरकार के सभी मंत्रियों से मिल कर अभ्यर्थियों ने गुहार लगायी, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला. ऐसे में अभ्यर्थियों ने बाध्य होकर रिजल्ट की मांग को लेकर दो सितंबर को जेएसएससी के समक्ष प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है. अभ्यर्थियों द्वारा उक्त प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा.

### कांके में नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन

**रांची** । कांके ईदगाह, बाजार तांड, कांके रांची में समाधान मनोचिकित्सा एवं नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली ने किया. उन्होंने कहा कि समाधान खुलने से रांची समेत राज्य के अन्य क्षेत्रों के लोगों को मनोचिकित्सा एवं नशा से संबंधित सुधार के लिये बेहतर इलाज मिलेगे. उन्होंने कहा कि समाधान में सभी तरह की सुविधा उपलब्ध है. समाधान के निदेशक शाहिद इकबाल ने कहा कि हर प्रकार के नशे एवं मानसिक रोग का इलाज आधुनिक चिकित्सा उपकरण द्वार किया जाता है, मौके पर रेनबो होम्स इंडिया के कंट्री प्रोग्राम मैनेजर अनवारूल हक ने कहा कि रांची में सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की बहुत आवश्यकता है खासकर बेघर रोगियों के लिए कार्यक्रम चलाने की जरूरत है.

## राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विवि में जस्टिस एसबी सिन्हा की स्मृति में व्याख्यान

# मौलिक अधिकार संविधान की आत्मा : जस्टिस गवई

**संवाददाता।रांची**



एनयूएसआरएल के व्याख्यान के मौके पर जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई व अन्य.

रांची के राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (एनयूएसआरएल) ने जस्टिस एसबी सिन्हा की स्मृति में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया. इस कार्यक्रम का मुख्य विषय "केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य" था. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की. कार्यक्रम की शुरुआत में झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगोन मुखोपाध्याय ने जस्टिस एसबी सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ व्याख्यान की औपचारिक शुरुआत की गई. कुलपति डॉ. अशोक आर पाटिल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और जस्टिस एसबी सिन्हा के योगदान को याद करने का अवसर बताया. मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने अपने व्याख्यान में जस्टिस एसबी सिन्हा के न्यायिक योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया. उन्होंने बताया कि जस्टिस सिन्हा ने कानून के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके फैसले 2000 से 2009 तक के लॉ जर्नल्स में प्रमुख स्थान पर थे. न्यायमूर्ति गवई ने जस्टिस सिन्हा की कार्यशैली की तारीफ की, उन्हें अत्यंत मेहनती और समर्पित बताते हुए कहा कि वे कई स्टेनोग्राफरों से काम लेते हुए कई महत्वपूर्ण फैसले लिखवाते थे और सेवानिवृत्ति के बाद भी सक्रिय रहे.

**मौलिक अधिकारों की रक्षा के महत्व पर दिया गया जोर :** इस कार्यक्रम में जस्टिस गवई ने "केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य" मामले को संविधान के विकास में अहम बताते हुए मौलिक अधिकारों की रक्षा के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने संविधान की मूल संरचना में किसी भी परिवर्तन की असंभवता पर भी प्रकाश डाला. इसके अलावा इंदिरा गांधी और मेनका गांधी के मामलों में न्यायिक फैसलों का उल्लेख किया, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और विदेश यात्रा के संवैधानिक अधिकार को स्थापित करते हैं.

न्यायमूर्ति गवई ने मौलिक अधिकारों को संविधान की आत्मा बताते हुए कहा कि ये अधिकार सम्मानपूर्ण जीवन जीने और सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, जल और बेहतर पर्यावरण की आवश्यकता और सामाजिक-आर्थिक विकास का महत्व भी बताया. कार्यक्रम के दौरान, न्यायमूर्ति गवई ने जस्टिस एसबी सिन्हा के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया और उन्हें आदर्श व्यक्तित्व बताया, जो हमेशा जूनियर जजों की मदद करते और हमेशा सीखने की प्रेरणा देते थे.

कार्यक्रम का समापन अस्सिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. जीसु केतन पटनायक ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया. उन्होंने इस आयोजन को गौरवपूर्ण बताते हुए सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, विशेषकर न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई का आभार व्यक्त किया. इस आयोजन ने जस्टिस एसबी सिन्हा के न्यायिक योगदान और उनके व्यक्तित्व को याद करने का एक सार्थक प्रयास किया. इससे भारतीय संविधान, मौलिक अधिकारों और न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया. यह कार्यक्रम छात्रों, कानूनी पेशेवरों और आम जनता को भारतीय न्यायिक प्रणाली की समृद्ध परंपरा और उसके महत्व को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है.

## कोल्हान विवि के नवनियुक्त प्राध्यापकों ने बाबूलाल के प्रति जताया आभार

**संवाददाता।रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पिछले दिनों कोल्हान विश्वविद्यालय के लिए जेपीएससी परीक्षा द्वारा चयनित 17 इतिहास विषय के शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की थी. जिसपर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया था. शनिवार को इतिहास विभाग के सभी चयनित प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त हो गया. इन लोगों ने रविवार को बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर उनके सार्थक प्रयासों के लिए आभार प्रकट किया. साथ ही प्राध्यापकों ने राज्यपाल के प्रति भी आभार जताया. नव नियुक्त प्राध्यापकों में विनोद कुमार लोहरा,हेमा लकड़ा, मैरी नीला हांसदा,कविता कुमारी,अरविंद कुमार साहू,साकेत बिहारी,प्रदीप झा,पंकज श्रीवास्तव,स्वीकृति,अमृता जायसवाल,नूपुर,नितिन नीरज, शामिल हैं.

# रांची रेल मंडल की चार ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

**संवाददाता।रांची**



रेलवे ने दशहरा, दिवाली और छठ पर्व के मौके पर ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ की संभावना को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रांची रेल मंडल से होकर चलने वाली चार ट्रेनों का अवधि विस्तार किया है. ट्रेन संख्या 07051/07052 हैदराबाद -रक्सौल सिकंदराबाद स्पेशल और ट्रेन संख्या 07005/07006 सिकंदराबाद- रक्सौल- सिकंदराबाद स्पेशल वाया रांची के परिचालन अवधि में 2 जनवरी तक विस्तार किया गया है. ट्रेन संख्या 07051 हैदराबाद -रक्सौल स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) यात्रा प्रारम्भ 12/10/2024 से 28/12/2024 तक प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से प्रस्थान करेगी. ट्रेन संख्या 07052 रक्सौल -सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन (वाया रांची), यात्रा प्रारंभ 15/10/2024 से 31/12/2024 तक हर मंगलवार को रक्सौल से प्रस्थान करेगी. ट्रेन संख्या 07005 सिकंदराबाद- रक्सौल स्पेशल ट्रेन (वाया रांची), यात्रा प्रारंभ 07/10/2024 से 30/12/2024 तक हर सोमवार को सिकंदराबाद से प्रस्थान करेगी. ट्रेन संख्या 07006 रक्सौल- सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन (वाया रांची), यात्रा प्रारंभ 10/10/2024 से 02/01/2025 तक हर गुरुवार को रक्सौल से प्रस्थान करेगी.

### रोलिंग ब्लॉक के कारण रांची मंडल की ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**रांची** । दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल अंतर्गत डेवलपमेंट वर्क के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा. ऐसे में रांची रेल मंडल से चलनेवाली ट्रेनें प्रभावित रहेंगी. ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर -हटिया एक्सप्रेस ( यात्रा प्रारंभ 2, 04, 05, 06 एवं 07 सितंबर को) अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार, मुरी होकर चलेगी. ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर- हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस (यात्रा प्रारंभ 05 से 07 सितंबर तक) का आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन और आंशिक प्रारंभ होगा. इन ट्रेनों का आद्रा -हटिया-आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा.

# झारखंड में विधानसभा चुनाव राज्य बचाने के लिए : शिवराज

**संवाददाता।रांची**



केंद्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में होने वाला विधानसभा चुनाव राज्य को बचाने के लिए है. यहां आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है. वे रविवार को ट्रेन से विदिशा रवाना होने से पहले मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड की जनता बीजेपी को वोट करने जा रही है. वर्तमान सरकार ने राज्य को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है. रांची से रवाना होने से पहले उन्होंने बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनाव पर भी मंथन किया.

चौहान ने में कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने राज्य को बर्बाद कर दिया है, और हर जगह अराजकता है. उन्होंने आरोप लगाया, राजनेताओं और नौकरशाहों के यहां से (जांच एजेंसियों द्वारा छापेमारी में) नोटों के पहाड़ बरामद किए जा रहे हैं. झारखंड के मंत्री एवं अन्य लोग इसमें शामिल हैं. आदिवासियों की जमीनें घुसपैठियों द्वारा हड़पी जा रही है, जो स्थानीय लड़कियों से शादी कर रहे हैं और उनके नाम पर भूखंड खरीद रहे हैं. उन्होंने कहा, यह चुनाव झारखंड को बचाने के लिए है. इसे बचाने के लिए लोग भाजपा के साथ आ रहे हैं. हम झारखंड में एकजुट होकर अच्छा काम कर रहे हैं. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए, जबकि पूर्व झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने एक दिन बाद पार्टी छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया.

# शिकायत कोषांग में तीन साल से एसआई रैंक के पुलिसकर्मियों के 450 से अधिक मामले लंबित

**संवाददाता।रांची**

झारखंड पुलिस मुख्यालय के शिकायत कोषांग में स्वास्थ्य संबंधी और अन्य कारणों से सैंकड़ों पुलिसकर्मियों ने तबादले के लिए आवेदन दिया था. लेकिन बोर्ड की बैठक नहीं होने की वजह से तीन साल से सारे मामले लंबित पड़े हुए हैं. जानकारी के मुताबिक, शिकायत कोषांग में 450 से अधिक सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिसकर्मियों की शिकायतें लंबित हैं, जिस पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है.

**तीन साल पहले हुई थी बोर्ड की बैठक**

सब इंस्पेक्टर संबंधित शिकायत कोषांग में आये शिकायत को लेकर नवंबर 2021 में अंतिम बार बोर्ड की बैठक हुई थी. इसके बाद से अब तक बोर्ड की बैठक नहीं हुई है, जिस वजह से कई सब इंस्पेक्टर ने अलग-अलग कारणों का हवाला देते हुए तबादला के लिए अपना आवेदन दिया है. वह अभी तक लंबित है. जानकारी के मुताबिक नियम है कि हर तीन महीने में शिकायत कोषांग को लेकर बोर्ड की बैठक होना अनिवार्य है.

## कांग्रेस | जीत की संभावना, संगठन के प्रति निष्ठा टिकट वितरण का प्रमुख आधार होगा

# हर क्षेत्र से मजबूत नेताओं-कार्यकर्ताओं ने आवेदन दिया: चोड़ानकर

**संवाददाता।रांची**




झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर ने कहा कि चुनाव में जीत की संभावना, संगठन के प्रति निष्ठा और दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करना ही टिकट वितरण का प्रमुख आधार होगा. वे रविवार शाम पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि दो दिनों के प्रवास के दौरान प्रारंभिक चरण में सभी जिलों के अध्यक्ष, उम्मीदवारों, वरीय नेताओं से बातचीत हुई है. हम यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि नेताओं-कार्यकर्ताओं के मन में क्या है, चुनाव में हम आगे कैसे बढ़ना है, इस पर मंथन जारी है.

**लोग कांग्रेस व गठबंधन सरकार के पक्ष में:** उन्होंने कहा कि कांग्रेस सामाजिक समीकरणों का पक्षधर रही है और आजादी के समय से ही पार्टी ने अपनी नीतियों में इसे आधार बनाकर रखा है. उम्मीदवारों का चयन कठिन है, क्योंकि साफ दिख रहा है कि हर क्षेत्र से मजबूत नेताओं- कार्यकर्ताओं ने आवेदन दिया है. लोग इस बात को समझ रहे हैं कि राज्य को अगर विकास के पथ पर आगे ले जाना है, तो कांग्रेस और महागठबंधन की सरकार को वापस लाना होगा.

**गठबंधन सरकार फिर सत्ता में आएगी :** चोड़ानकर ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि अगले दौर में हम दो-तीन जिलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीयकृत व्यवस्था कर मुलाकात की जाए. साथ ही जिलावर विधानसभा की स्थिति की समीक्षा की जाए, ताकि अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के विचार सामने आ सकें. हमें पूरा विश्वास है कि यहां की स्थिति के अनुसार सरकार पुनः सत्ता में आएगी. हर विधानसभा क्षेत्र से सैंकड़ो की संख्या में आवेदन आए हैं, जिससे साफ पता चलता है कि संगठन मजबूत हुआ है. मौके पर स्क्रीनिंग कमेटी की सदस्य पूनम पासवान, प्रकाश जोशी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, जयशंकर पाठक, कमल ठाकुर, शमशेर आलम, ऋषिकेश सिंह भी उपस्थित थे.


## क्लासिफाइड


















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | धनबाद, सोमवार 02 सितंबर 2024 ● भाद्रपद अमावस्या, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 145 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### वीएल कानंथा रॉय बने कोयला सचिव

**धनबाद।** कोल इंडिया का सचिव बदले गए. वीएल कानंथा रॉय को कोयला सचिव का प्रभार सौंपा गया. इससे पहले वीके रॉय उत्तर प्रदेश कैडर का आईएएस अधिकारी रहे हैं .ऐसे में कोयला मंत्रालय में सचिव जैसी प्रभावी पद मिलना उनके लिए बड़ी चुनौती होगी.

### साइबर कांडों की हुई समीक्षा

**धनबाद :** केन्दुआडीह थाना में लंबित साइबर अपराध से संबंधित कांडों की समीक्षा रविवार को पुलिस उपाधीक्षक, साइबर द्वारा की गई. अनुसंधानकर्ता पुलिस निरीक्षक वकार हुसैन, थाना प्रभारी केंदुआडीह, पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली, थाना प्रभारी पुटकी थाना, पुलिस निरीक्षक जयप्रकाश महतो, केन्दुवाड़ीह अंचल एवं पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी,महुदा अंचल तथा सहायक अनुसंधानकर्त्ता पंकज कुमार साइबर थाना, धर्मराज कुमार भागाबांध ओपी एवं संतोष महतो मुनीडीह ओपी शामिल हुए.

### भू विवाद में एक जख्मी

**टुंडी:** टुंडी के कटचीरा मधुरसा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई. जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया है. मामले के अनुसंधान कर रहे सहायक पुलिस अवर निरीक्षक अखिलेश प्रसाद ने बताया कि दो पक्ष एक ही परिवार से एक दूसरे के रिश्तेदार हैं. सुबह जमीन को लेकर विवाद हुआ व आपस में उलझे व मारपीट हो गई थी. विवाद दर्शन मंडल व जीतन मंडल के बीच मारपीट में जीतन मंडल घायल है.

### रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रह

**धनबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद और शरबत दा भला सेवा सोसाइटी गुरु सिंह सभा जोड़ाफाटक रोड धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जोड़ा फाटक छोटा गुरुद्वारा के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रह किया गया.

**अब ट्रेन में मिलेगा प्लेन का मजा :** विश्वस्तरीय अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस होगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

# जल्द ही पटरियों पर दौड़ती नजर आएगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**खास बातें**

- दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय की सुविधा
- अधिकतम 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी ट्रेन

संवाददाता।रांची/दिल्ली



रेलवे द्वारा जल्द वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाने वाला है. वंदे भारत ट्रेन की तरह वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का निर्माण भी स्वदेशी तकनीक से किया गया है. इस ट्रेन में पैसेंजर सेफ्टी के साथ-साथ लोको पायलट और अटेंडेट्स की सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा गया है. लोको कैब को बेहतर बनाया गया है. साथ ही यह ट्रेन टक्कर रोधी कवच प्रणाली से लैस होगी. वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की डिजाइन और इसका इंटीरियर काफी आकर्षक है और इसमें विश्वस्तरीय अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. इस ट्रेन में यूएसबी चार्जिंग प्रावधान के साथ एकीकृत रीडिंग लाइट, सार्वजनिक घोषणा और विजुअल इन्फॉर्मेशन प्रणाली, इनसाइड डिस्प्ले पैनल और सिक्योरिटी कैमरे व मॉड्यूलर पैंट्री की सुविधा है. साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं. इसके अतिरिक्त, फर्स्ट एसी डिब्बे में यात्रियों के लिए गर्म पानी के शॉवर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है.

### जल्द शुरू होने वाला है ट्रेन का ट्रायल

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल जल्द शुरू होने वाला है और उसके पश्चात इस ट्रेन को देश के विभिन्न रेल मार्गों पर संचालित किया जाएगा. वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को लंबे रेल रूट्स पर संचालित किया जाएगा और इस ट्रेन से भारत में लंबी दूरी की रेल यात्रा में क्रांति आने की उम्मीद है. वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आराम, सुरक्षा और दक्षता के मामले में नए मानक स्थापित करेगी.

### रेल मंत्री ने उत्पादन इकाई का दौरा किया

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बेंगलुरु में उत्पादन इकाई का दौरा कर वहां वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट के उत्पादन का निरीक्षण किया. इस दौरान केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना भी उनके साथ थे. रेल मंत्री ने वंदे भारत स्लीपर के उत्पादन में कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन भी किया.

### वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की मुख्य विशेषताएं

- ♦ ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ट्रेनसेट
- ♦ यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेनसेट में दुर्घटना-रोधी विशेषताएं
- ♦ जीएफआरपी पैनलों के साथ श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ इंटीरियर
- ♦ एरोडायनामिक बाहरी लुक
- ♦ मॉड्यूलर पैंट्रीकार
- ♦ ईएन 45545 के अनुसार फायर सेफ्टी जोखिम स्तर : 03
- ♦ दिव्यांगों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय
- ♦ स्वचालित बाहरी यात्री दरवाजे
- ♦ सेंसर आधारित इंटर कम्युनिकेशन डोर
- ♦ अंतिम दीवार पर दूर से संचालित अग्नि अवरोधक दरवाजे
- ♦ एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन की गई गंध रहित शौचालय प्रणाली
- ♦ लोको पायलट के लिए शौचालय
- ♦ प्रथम एसी कार में गर्म पानी से स्नान
- ♦ यूएसबी चार्जिंग प्रावधान के साथ एकीकृत रीडिंग लाइट
- ♦ सार्वजनिक घोषणा और दृश्य सूचना प्रणाली
- ♦ सामान रखने के लिए बड़ा लगेज रूम

# साहिबगंज में रांची के अभ्यर्थी की मौत, दौड़ में हुआ था बेहोश

- उत्पाद सिपाही बहाली : 11 दिन में 11 अभ्यर्थियों की हो चुकी है मौत

लगातार न्यूज नेटवर्क।रांची



- शनिवार को दौड़ के दौरान बेहोश हुआ था विकास लिंडा
- सदर अस्पताल साहिबगंज में इलाज के दौरान हुई मौत

साहिबगंज जिले में उत्पाद सिपाही की बहाली में रांची के अभ्यर्थी की दौड़ लगाने के दौरान तबीयत बिगड़ने पर इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतक की पहचान रांची जिले के नामकुम निवासी विकास लिंडा (22) के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, शनिवार को साहिबगंज स्थित भर्ती केंद्र पर दौड़ के दौरान विकास लिंडा बेहोश हो गया था. इसके बाद पुलिस के जवान और स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे सदर अस्पताल, साहिबगंज में भर्ती कराया था. इलाज के दौरान देर रात उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई. अभ्यर्थी की मौत की जानकारी मिलते ही जिरवाबाड़ी थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### अब तक 11 अभ्यर्थियों की हो चुकी है मौत

राज्य भर में सात केंद्रों पर 22 अगस्त से झारखंड उत्पाद सिपाही के पद पर भर्ती के लिए शरीरिक दक्षता परीक्षा चल रही है. रांची के अभ्यर्थी की बीती देर रात मौत के बाद बहाली दौड़ के दौरान अलग-अलग केंद्रों पर मरनेवाले अभ्यर्थियों का आंकाड़ा 11 तक पहुंच चुका है, जबकि अब तक 200 से अधिक अभ्यर्थी बेहोश हो चुके हैं. जान गंवाने वाले अभ्यर्थियों में झारखंड जगुवार रांची केंद्र से एक, पलामू केंद्र से चार, गिरिडीह पुलिस लाइन व पदमा हजारीबाग केंद्र से दो-दो, सीटीसी मुसाबनी और साहिबगंज झासपु-09 केंद्र से एक-एक अभ्यर्थी शामिल है.

### सीएम के आदेश पर बदला गया है दौड़ का समय

उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ के दौरान अभ्यर्थियों की मौत और बेहोशी के मामलों पर शुक्रवार को ही सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया था. उन्होंने अधिकारियों को भर्ती दौड़ का समय बदलने के निर्देश दिए थे, ताकि अभ्यर्थियों को दौड़ के समय तेज धूप का सामना नहीं करना पड़े. सीएम के आदेश के बाद शनिवार से ही भर्ती दौड़ का समय बदल कर सुबह चार बजे कर दिया गया और सुबह नौ बजे तक दौड़ की प्रक्रिया पूरी कर ली जा रही है.

### उत्पाद मंत्री ने विभागीय सचिव से मांगी रिपोर्ट

अब तक 11 अभ्यर्थियों की मौत के मामले में सियासत शुरू हो गई है. सूबे के उत्पाद मंत्री बैद्यनाथ राम ने विभाग के सचिव से इसकी जानकारी ली है. बताया जा रहा है कि उत्पाद सिपाही की भर्ती पुलिस विभाग द्वारा ली जा रही है. इसमें उत्पाद विभाग का सीधा हस्तक्षेप नहीं है. वहीं, किन परिस्थितियों में अभयर्थियों की मौत हुई है, इसको लेकर के विभागीय मंत्री ने उत्पाद विभाग ने रिपोर्ट तलब की है.

### बाबूलाल ने न्यायिक जांच की मांग की

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं. कहा है कि हेमंत सरकार ने नौकरी नहीं देने के लिए ही मौत बांटने का इंतजाम पक्का किया है. उन्होंने अभ्यर्थियों की मौत की न्यायिक जांच कराने और आश्रितों को मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग की है.

### पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया : बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सीएम हेमंत सोरेन से सवाल किया है कि जिन अभ्यर्थियों की मौत हुई है, उनका पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया गया? उन्होंने आरोप लगाया है कि चुनाव को देखते हुए आनन-फानन में भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई. पूछा, नवंबर से फरवरी के बीच के उपयुक्त मौसम को नजरअंदाज करते हुए भादो की प्रचंड गर्मी में दौड़ क्यों करायी जा रही है?

# काली मंदिर के अस्तित्व को लेकर दो पक्ष भिड़े

संवाददाता।धनबाद



1. आउटसोर्सिंग ऐना का कार्य कराया बंद
2. मौके पर पहुंची पुलिस व सीआइएसएफ
3. आरके आउटसोर्सिंग के काम का बढ़ रहा दायरा
4. 30 मीटर की दूरी पर है मंदिर

काली मंदिर के अस्तित्व को लेकर इंडस्ट्री के स्थानीय लोगों ने पूर्व पार्षद निरंजन कुमार के नेतृत्व में आरके आउटसोर्सिंग ऐना का काम ठप कर दिया. कार्य ठप होने के बाद आउटसोर्सिंग के पक्ष में क्षेत्र के कुछ लोग उतर आए. इनलोगों ने पार्षद पर अपने स्वार्थ के चलते बेवजह आंदोलन करने का आरोप लगा दिया. बाद दोनों पक्षों के बीच हाथापाई व नोक झोंक हो गई. सूचना पाकर झरिया व बोरगढ़ पुलिस सहित सीआईएसएफ बल वहां पहुंचे. दोनों पक्षों को शांत कराया गया. दोनों पक्षों के बीच बवाल के बाद आउटसोर्सिंग का कार्य शुरू हुआ. दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ गाली-गलौज और धक्का मुक्की करने का आरोप लगाया है. पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है.

बता दें कि ऐना आउटसोर्सिंग का विस्तारीकरण इंडस्ट्री बस्ती की ओर बढ़ रहा है. परियोजना का कार्य इंडस्ट्री काली मंदिर के महज 30 फीट की दूरी तक रह गया है. इसी मंदिर के अस्तित्व को बचाने की मांग को लेकर रविवार को इंडस्ट्री व ऐना के लोगों को लेकर पार्षद निरंजन कुमार आउटसोर्सिंग पहुंचे. लोगों ने आउटसोर्सिंग का कार्य रोक दिया.जिससे गुस्साए इंडस्ट्री के ही स्थानीय लोग के दूसरा गुट वहां पहुंच काम शुरू कराने लगे. इसी को लेकर दोनों पक्ष के बीच विवाद हो गया. जो विवाद हाथापाई और नोंकझोंक तक पहुंच गई. निरंजन का आरोप है कि मंदिर के अस्तित्व पर खतरा है. मंदिर के समीप जमीन में दरारें पड़ रही हैं. इसी को लेकर आंदोलन कर रहे थे. पर कंपनी का काम बंद होने के कारण दूसरे पक्ष के लोग बवाल किया. झरिया पुलिस मामले से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है.

# संगठन विरोधी क्रियाकलाप के विरोध में भाजपाइयों ने किया हवन

संवाददाता।धनबाद




- एक गुट ने उगला महानगर जिलाध्यक्ष के खिलाफ जहर
- कहा : पैसे लेकर बांट रहे पद, पार्टी को ऐसे लोगों से बचाने की जरूरत

भाजपा के जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय के संगठन विरोधी क्रियाकलाप के विरोध में भारतीय जनता पार्टी का एक गुट खुल कर सामने आ गया है. इसे लेकर रविवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धनबाद के रणधीर बर्मा चौक पर संगठन की पवित्रता,गरिमा और मर्यादा को बचाने के लिए शुद्धिकरण हवन किया. इस दौरान भाजयुमो उपाध्यक्ष जयंत सिंह चौधरी ने कहा की श्रवण राय के आने से पार्टी अशुद्ध हो गया है. जब से श्रवण राय जिला अध्यक्ष बने हैं, एक ही परिवार में दो - दो लोगों को पद दिया गया है.यही नहीं पैसे लेकर पद को बेचा जा रहा है. किसी को भी पदाधिकारी बना दिया जा रहा है. पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं का यह कर्तव्य है कि वह दागियों,भितरघातियों और अवसरवादियों से पार्टी को बचाये. इसलिए पार्टी की शुद्धिकरण के लिए आज यह हवन किया गया है. संतोष कुमार साव, अजय तिवारी, लल्लू तिवारी, रामदेव प्रसाद, सुनील साव, नीतिन भट्ट, अरूण साव, उमेश यादव, शैलेश सिंह, रंजन गुप्ता, पिंटू सिंह, चंद्रशेखर मुन्ना, कृष्णा मोदी आदि हवन में शामिल हुए.

# बीसीसीएल कर्मी की तालाब में डूबने से मौत

**मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलारीटांड़ पंचायत के दास टोला निवासी 59 वर्षीय कालू दास का मौत खरखरी स्टेशन के समीप तेली पोखर बांध नामक तालाब में डूबने से हो गई. वे रविवार की सुबह 9 बजे घर के बगल में स्थित तेली पोखर तालाब में नहाने के लिए गए थे, पैर फिसलने के कारण अनियंत्रित हो कर तालाब में गिर गए. तालाब के अंदर खोजने के बाद जब उसका कोई पता नहीं चला तो फुलारीटांड़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दिलीप विश्वकर्मा ने एरिया वन के प्रोजेक्ट ऑफिसर काजल सरकार से बात कर पुटकी से आठ दस गोताखोरों को बुलवाया1 इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद शाम के लगभग 5:00 बजे कालू.दास का मृत शरीर को तलब से बाहर निकाला गया. कालू दास एरिया-1 में मेस हेल्पर के पद पर कार्यरत थे.

# प्रेमी के दरवाजे धरना पर बैठी चार बच्चे की मां

संवाददाता।महुदा

### महुदा के कांडरा बस्ती का मामला




रविवार को महुदा थाना क्षेत्र के काण्डरा बस्ती मिल्लत मोहल्ला मे एक महिला अपनी एक बच्ची को लेकर अपने प्रेमी से बात करने की जिद करने को लेकर उसके दरवाजे पर धरना में बैठ गई .मामले के बारे में पूछने पर महिला ने बताया कि वह पहले से शादीशुदा है, अपने ससुराल में पति राजु अन्सारी के साथ महुदा मोड़ रहती है, उसका चार बच्चा है, जिसमे पति के साथ एक पुत्र दो पुत्री और प्रेमी के साथ एक पुत्री, कुल चार बच्चे हैं. महिला का मायके बोकारो जिला के चन्दाहा बस्ती में है. महिला ने कहा कि पांच वर्ष पहले काण्डरा बस्ती निवासी कबीर शेख के पुत्र मो. सोहेल के साथ उसकी जान पहचान हुई और प्यार हो गया. कुछ दिनों बाद शारीरिक संबंध भी बन गया. कुछ दिन पहले उसका प्रेमी उसे लेकर रांची चला गया था. उसे किराए के मकान में रखा. वापस आने पर यहां पंचायती हुई, जिसमें उसने अपने पति से स्वेच्छा से तलाक ले लिया. पंचायत में गणमान्य लोगों के उपस्थिति में यह फैसला हुआ कि शरीयत के मुताबिक तीन माह 13 दिन के बाद दोनों का निकाह करवा दिया जाएगा. इस बीच उसे सूचना मिली कि लड़का विदेश जाने की तैयारी में है. उसने बताया कि लड़का का बड़ा भाई विदेश में रहता है.वही उसे चोरी छुपे विदेश जाने में मदद कर रहा है. इस बात की जानकारी होते ही महिला अपने आशिक से बात करने के लिए उसके घर पहुंच गई. जब घर के लोग घर से बाहर नहीं निकले तो वह अपने प्रेमी से बात करने की जिद लेकर उसके दरवाजे पर धरने पर बैठ गई. बाद में घटना की जानकारी मिलने पर महुदा पुलिस काण्डरा बस्ती पहुंची. महिला को अपने साथ थाना ले गई. पूछे जाने पर काण्डरा मिल्लत मोहल्ला के सदर कलीम शेख एवं सेक्रेटरी हारू शेख ने बताया कि पंचायत में फैसला हुआ था कि 3 माह 13 दिन के बाद दोनों का निकाह करवा दिया जाएगा. अगर किसी तरह की बात थी तो उसे पंचायत में बात रखनी चाहिए, उसके घर नहीं जाना चाहिए था. थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि उक्त महिला का मामला का संज्ञान आया है.जांच पड़ताल के बाद ही उचित कार्रवाई की जाएगी.

**खेल** मुख्य अतिथि उमेश सहनी और विशिष्ठ अतिथि तूफान कुमार पोद्दार ने विजेताओं को किया सम्मानित

# 9 वीं राज्य थांग-ता चैंपियनशिप में धनबाद बना ओवरऑल चैंपियन

संवाददाता।धनबाद



झारखंड थांग-ता संघ के तत्वावधान में दुमका के कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय 9वीं राज्य थांग-ता चैंपियनशिप रविवार को संपन्न हो गई. इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक पदक जीतकर धनबाद टीम चैंपियन घोषित हुई जबकि दूसरे तथा तीसरे स्थान पर पलामू तथा दुमका की टीम रही. प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि उमेश सहनी, वन संरक्षक, दुमका द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक, प्रमाण पत्र तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार द्वारा भी पदक व प्रमाणपत्र देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता के दौरान सभी स्पर्धाओं का तकनीकी संचालन राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय निर्णायकों द्वारा किया गया. चैंपियनशिप के दौरान खेले गए विभिन्न आयु तथा भार वर्ग के सभी स्वर्ण पदक विजेताओं के नाम घोषित किए गए. जिसमें मनोज शर्मा, कृष्ण कुमार साव, राजेश कुमार चौधरी, सोनामोती कुमारी, ममता पांडे, संजू कुमार, मृत्युंजय कुमार तथा संजय कुमार का नाम शामिल है. मंच का संचालन झारखंड थांग ता संघ के अध्यक्ष रंजीत केशरी द्वारा किया गया. जबकि धन्यवाद ज्ञापन दुमका थांग-ता संघ के सचिव उदय शंकर भारती द्वारा दिया गया. प्रतियोगिता को सफल बनाने में जयराम शर्मा, प्रदीप झा तथा कौशल मरांडी का सराहनीय योगदान रहा. चैंपियनशिप के दौरान खेले गए विभिन्न आयु तथा भार वर्ग के सभी स्वर्ण पदक विजेताओं में आदिति चौधरी, कौशिकी, सुरंजय कुमार, युवराज कश्यप, रामावरूप हेंब्रम, राज कुमार किस्कू, अरमान हंसडाक, सिद्धार्थ कश्यप, अभिषेक पटेल, अली राजा अंसारी, ऐश्वर्या प्रसाद, प्रगति प्रिया, ज्योति कुमारी, श्रेया प्रसाद रजक, अनु सिंह, रवि कुमार साव, साहिल सिंह, जुली कुमारी, पूनम कुमारी, सौरभ भारती, शिव कुमार महतो, सरीब खान तथा यशवीर भारती. रजत पदक विजेताओं में आश्रिता डोड्डे, काव्या गुप्ता, अमन कुमार, जनार्दन गोप, मिलन दास, रौनक कुमार सत्यम, अनिरूद्ध बिस्वास, तुसार गुप्ता, सुमंजय कुमार, सोनम कुमारी, कशिश कुमारी, दिव्यांका कुमारी, नियति कुमारी, पलक कुमारी, रेहान कादरी, भावेश गांधी, प्रिया केशरी, किरण सिंह, अनिकेत कुमार तथा रवि कुमार चौहान का नाम शामिल हैं.

# प्रत्याशियों के चयन को कांग्रेस कराएगी सर्वे

- जिलाध्यक्ष ने चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष रखी मांग

संवाददाता।धनबाद



रांची कांग्रेस मुख्यालय में झारखंड विधान सभा चुनाव स्क्रीनिंग कमिटी के चैयरमेन गीरीस चोडानकर,सदस्य प्रकाश जोशी, और पुनम पासवान के साथ झारखंड के सभी जिलाध्यक्षों के साथ बैठक में धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने लिखित प्रतिवेदन देकर धनबाद के सभी छह विधान सभा में सर्वे कराने का मांग किया. साथ ही सिन्दरी और निरसा विधान सभा क्षेत्र से भी कांग्रेस उम्मीदवार देने का प्रस्ताव रखा1 स्क्रीनिंग कमिटी जल्द ही धनबाद के कार्यकताओं से भी राय शुमारी कर टिकट पर फैसला लेगी. जिलाध्यक्ष ने कहा कांग्रेस संगठन के प्रति प्रतिबद्धता रखने वाले खांटी कांग्रेसी को टिकट मिलना चाहिए. आयातित प्रत्याशी नहीं चाहिए. उक्त बैठक में धनबाद कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी सहित सभी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शामिल जिसमें बोकारो कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता, गिरीडीह जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, रामगढ जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, जमशेदपुर जिलाध्यक्ष इंद्र बिहारी दुबे, लोहरदगा जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, सहित सभी सम्मानित जिलाध्यक्ष उपस्थित थे.

## तोपचांची के गांवों में अब रात को सुनाई देते हैं - जागते रहो, सावधान रहो

# चोरों के खिलाफ पहरेदारी, अब नींद पर भी पड़ गया डाका





- पहरेदारी कर रही टोली में शामिल युवकों की पूरी दिनचर्या प्रभावित

अक्षय चौबे । तोपचांची

नानी या दादी से कभी आपने चोर की कहानी तो जरूर सुनी होगी. चोर की कहानी सुनते ही दुबक कर सो जाया करते थे. लेकिन तोपचांची थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में चोर ने ग्रामीणों के नींद को चोरी कर ली है. ग्रामीण गांव में पूरी रात जाग कर करीब 20 दिनों से पहरेदारी कर रहे हैं. गांव में अब रातों में युवकों की टोली से खबरदार सावधान, जागते रहो, की आवाज सुनाई देगी. इस टोली के युवकों की रात जागने के कारण पूरी दिनचर्या खराब हो रही है. कई सुबह उठकर काम में भी नहीं जा रहे हैं. आखिर ऐसा कब तक चलेगा. कब तक गांव में पहरेदारी की जाएगी. पहरेदारी कर रहे युवकों की टोली क्या फिर से चैन का नींद सो पाएंगे.

### शनिवार की रात को दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना

शनिवार को तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीरामपुर पंचायत के बडकीटांड गांव में मियां देवी के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है. भुक्तभोगी मियां देवी ने बताया कि रात को मनसा पूजा को लेकर मूर्ति विसर्जन करने गाए थे. रात करीब 12 बजे चोरों ने घर में घुस कर मियां देवी के कमरे को बाहर से बंद कर दिया. दूसरे कमरे में रखे बक्सा को तोड़ कर चार हजार रुपए नगद लेकर फरार हो गए. चोरों ने बडकीटांड गांव के नीचे टोला में गुलशन बेबी के घर में ताला तोड कर चोरी करने प्रयास किया गया. चोरों ने घर में रखे समान को इधर-उधर फेंक दिया. गुलशन बेबी ने बताया कि कोई समान की चोरी नहीं हुआ है. दोनों ही मामले में तोपचांची पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दिया गया है.

### धरना का एलान

इधर चोरी मामले को लेकर जदयू के प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह ने चार सितंबर को क्षेत्र में बढ़ते चोरी मामले को लेकर तोपचांची थाना के समीप धरना प्रदर्शन करने का एलान किया है.

### पहरेदारी के दौरान सांप का होता है खतरा

गांव में रात को पहरेदारी के दौरान बारिश के दिनों में सांप का खतरा ग्रामीणों को रहता है. पहरेदारी करने दौरान पाण्डेडीह निवासी तुलसी पांडेय को सांप ने काट लिया था. जिसे आनन-फानन में धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. तुलसी पांडेय की स्थिति सामान्य है. लेकिन ग्रामीणों में रात के अंधेरे में पहरेदारी देना कोई खतरे से कम नहीं है.

### 10 से अधिक चोरी में एक भी उद्भेदन नहीं

तोपचांची थाना क्षेत्र में करीब 10 से अधिक चोरी की घटना घट चुकी है. चोर लगातार एक के बाद एक घर को अपना निशाना बनाते रहे. किसी के घर से आभूषण तो किसी के घर से नगद रुपए लेकर चोर फरार हो गए. लेकिन एक भी चोरी की घटना का उद्भेदन नहीं हो पाया. घटना के बाद तोपचांची पुलिस की रात्रि गश्ती को तेज कर दिया गया. रात के समय गांव में जाकर पुलिस गश्त कर रही है. बावजूद ग्रामीण भी रात को गांव में पहरेदारी दे रहे हैं.

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में 9,622 आवेदन मिले

# 1,657 आवेदन का निष्पादन

### 1,289 के बीच परिसंपत्तियां बांटी गई

संवाददाता । धनबाद

धनबाद। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे दिन 9622 आवेदन प्राप्त हुए. इसमें 1657 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया. फोकस स्कीम के 4915 आवेदनों में 227 तथा बेनिफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 2389 में 90 आवेदन निष्पादित किए गए. वहीं 1289 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. शिविरों में 51 शिकायतों का निवारण भी ऑन द स्पॉट किया गया.

सरकार की फोकस स्कीम में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 319, अबुआ आवास योजना के 3638, सर्वजन पेंशन 417, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 121, जाति 197, आवासीय 124 व आय प्रमाण पत्र के 99 आवेदन प्राप्त हुए.इसमें अबुआ आवास योजना के 108, जाति प्रमाण पत्र के 63, आवासीय 25 व आय प्रमाण पत्र के 31 आवेदनों को निष्पादित किया गया. वहीं बेनेफिशरी ओरिएंटेड स्कीम में वृद्धा पेंशन के 243, विधवा पेंशन 19, दिव्यांगजन पेंशन 11, आयुष्यमान कार्ड 259, सामुदायिक वन पट्टा के 10 तथा 1847 अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इसमें आयुष्यमान कार्ड के 77 तथा 13 अन्य आवेदन निष्पादित किए गए. शिकायत निवारण में राजस्व अभिलेखों में संशोधन के 45, जन्म प्रमाण पत्र 11, मृत्यु प्रमाण पत्र में संशोधन 8, आधार कार्ड में संशोधन 111, राशन कार्ड में संशोधन के लिए 612 तथा बिजली सम्बन्धी समस्या के 32 आवेदन प्राप्त हुए. जिसमें राजस्व अभिलेख में सुधार के 11, मृत्यु प्रमाण पत्र एक, आधार कार्ड में संशोधन के 33, राशन कार्ड में संशोधन के 5 तथा बिजली संबंधी समस्या के एक आवेदन को निष्पादित किया गया.शिविरों के दौरान ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया. जिसमें 17 लैमिनेटेड जाति प्रमाण पत्र, 24 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल क्रय के लिए प्रतीकात्मक चेक तथा 1458 एसएचजी / कलस्टर सदस्यों की बीच आइडेंटी कार्ड का वितरण किया गया. वहीं उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों तथा अंचल अधिकारियों को शेष आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री में गति लाकर शीघ्र आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश दिया है.

अलग-अलग श्रेणियों में निष्पादित आवेदन







### टुंडी में सरकार आपके द्वार शिविर

टुंडी। चौथी बार हेमन्त सरकार आमजनों को उनके द्वार पर अधिकार देने के लिए आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रविवार को पश्चिमी टुंडी के जाताखुटी पंचायत के सामने खुले मैदान में शिविर का आयोजन किया गया. प्रखंड से सभी कर्मी पंहुचकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने एवं सरकार की आवाज गांव के आमजनों तक पहुंचाकर उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की कड़ी से जोड़ने को कई स्टॉल लगाए गए. सर्व प्रथम अतिथियों ने दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया. इसके शिविर में बने कल्याण मंच से दर्जनों छात्राओं को साइकिल एवं ऑन द स्पॉट निर्मित जाति प्रमाण पत्र के अलावे दर्जनों लाभुकों को त्वरित कार्यवाही करते विधवा, वृद्धा एवं विकलांग लाभुकों को पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई. मनरेगा कार्ड वितरण, जेएसएलपीएस दीदीयों के बीच पहचान पत्र एवं पौधों का वितरण किया गया. रविवार की छुट्टी होने के कारण लाभुकों एवं उनके परिजनों से शिविर के सभी स्टॉलों में भीड़ था. मौके पर टुंडी प्रमुख मालती मरांडी, बीडीओ शैलेन्द्र कुमार चौरसिया, सीओ जीतेन्द्र प्रसाद, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मूरत महतो विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, फुलचंद किस्कु जिप सदस्य मीना हेम्ब्रम, बीपीआरओ बबलेश शाह, गौरी शंकर, शहजाद अंसारी आदि थे.

### चैता पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार

गोमो। गोमो के चौता ग्राम पंचायत सचिवालय में रविवार को आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा व पंचायत समिति सदस्य राम चन्दर ठाकुर संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम का संचालन प्रधान लिपिक महेंद्र कुमार, एवं वरीय शिक्षक कनक कान्ति मेहता ने संचालक कर कार्यक्रम में अबुवा आवास, मंईया सम्मान,गुरु जी क्रेडिट कार्ड,अबुआ स्वास्थ्य योजना,बिजली माफी आदि अन्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए विस्तार से ग्रामीणो को जानकारी दी गई। शिविर में अबुवा आवास के लिए महिलाओं ने अधिक आवेदन दिए गए. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के चैता पंचायत सचिवालय में जेरोक्स की एक प्रति फार्म 20 रुपए में बेचे गये.

# 41 साल बाद जीता मुकदमा जमीन पर कब्जा मिला

- शिवलीबाड़ी में मकान खाली कराने पहुंचे व्यवहार न्यायालय के नाजिर

संवाददाता । मैथन

कुमारधुबी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी अंसार मोहल्ला में रविवार के सुबह सिविल जज जूनियर डिवीजन दो धनबाद के नाजिर नलिनी कांत मिश्रा कुमारधुबी पुलिस के साथ मकान खाली कराने पहुंचे. न्यायालय द्वारा मकान खाली कराये जाने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी.सभी की मौजूदगी में मो आमिर का पुस्तैनी मकान पर कब्ज़ा दिलाया गया. आमिर ने बताया की उनकी पुस्तैनी मकान व जमीन पर मो सुलतान एवं हाज़ी साबिर द्वारा कब्ज़ा कर लिया गया था. मकान पर कब्ज़ा हटाने को लेकर 1983 में व्यवहार न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया गया था. जिसका फैसला 41 सालों बाद आया है.

नाजिर नलनीकान्त मिश्रा ने बताया की सिविल जज जूनियर डिवीजन के निर्देश पर तीन डिसमिल जमीन में से डेढ़ डिसमिल जमीन पर कब्ज़ा दिलाया गया है. बचे डेढ़ डिसमिल जमीन पर हाजी साबिर द्वारा दो मंजिला मकान बना हुआ है.जिसके कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है. आदेश आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# जेपी हॉस्पिटल की लटानी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

संवाददाता । धनबाद

जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने सामाजिक दायित्व के तहत पूर्वी टुंडी स्थित लटानी में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया. इस शिविर में सैकड़ों बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की स्वास्थ्य जांच अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क की गई और मरीजों को दवाइयां प्रदान की गईं.जेपी हॉस्पिटल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन धनबाद वासियों की बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए निरंतर तत्पर है. ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता की कमी के कारण वे अपनी स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते हैं, इसके लिए अस्पताल द्वारा एक टीम गठित की गई है, जो जरूरतमंदों को जेपी हॉस्पिटल में बिल्कुल निःशुल्क इलाज करने की व्यवस्था करेगी. उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधन ग्रामीणों के स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है.

जेपी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य जांच अभियान हॉस्पिटल के द्वारा निरंतर जारी रहेगा. हमारा लक्ष्य है कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं और उनके स्वास्थ्य की देखभाल की जाए. इस शिविर में अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की. साथ ही, अस्पताल द्वारा ग्रामीणों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं.

▼ ब्रीफ खबरें

### विहिप के स्थापना दिवस पर भुरकुंडाबाड़ी में जश्न

**निरसा बाजार** । विश्व हिंदू परिषद का 60 वां स्थापना दिवस धनबाद जिला ग्रामीण कलियासोल प्रखंड का कार्यक्रम भुरकुंडावाड़ी सामुदायिक भवन में श्री गणेश गोराई जी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष प्रीतम मंडल ने कहा है कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना धर्म की रक्षा गो रक्षा कन्या रक्षा मठ मंदिरों की रक्षक के लिए और समाज के रक्षा के लिए किया गया था जो विश्व हिंदू परिषद करते आ रही है. श्री राम जन्मभूमि आंदोलन बाबा अमरनाथ राम सेतु अमरनाथ श्राइन बोर्ड आदि राष्ट्रीय व्यापी विश्व व्यापी आंदोलन रहा है.

### हज पर जाने वालों का प्रशिक्षण

**बरवाअड्डा:** अल फजर अंतराष्ट्रीय हज उमरा ग्रुप व दावत इस्लाम के मोहम्मद जावेद व हाजी मौलाना अब्दुल रशीद की अगुवाई में रविवार को मदरसा जामिया नोमानी चरकपत्थर-मुर्राडीह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर हज व उमरा में जानेवाले हाजियों को हज यात्रा की पूरी जानकारी दी गयी. मौलाना अब्दुल रशीद ने कहा कि उमरा में जाने वाले लोगों की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है.वैसे लोग जो चाह कर भी हज करने नहीं जा पाते है. अल फजर अंतराष्ट्रीय हज उमरा ग्रुप वैसे लोगों को भी हज ए उमरा में भेजने में मदद कर रही है. मौके पर मौलाना मुफ्ती नशीम, मौलाना रहमान मिशवाही, मौलाना याकूब, मौलाना सुल्तान, साबीर बाबा, मौलाना मेराज, मौलाना अख्तर, मौलाना मुराद, हाफीज सद्दाम, मौलाना आसिफ, मौलाना मुमताज, मौलाना कलीम, हाफीज मुस्तकीम, हाजी महमूद, आदि मौजूद थे.

### सालुकचपड़ा लौटेंगे डेपुटेशन में गए शिक्षक

**निरसा** । मध्य विद्यालय सालुकचपड़ा सहित अन्य विद्यालयों से डेपुटेशन में अन्यत्र गये शिक्षक अपने मूल पदस्थापित विद्यालय में अब अविलंब लौटेंगे. उक्त आशय की जानकारी धनबाद जिला शिक्षा अधीक्षक से वार्ता उपरांत वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधांशु शेखर झा ने दी. उन्होंने कहा कि सालुकचपड़ा मध्य विद्यालय में सरकार द्वारा स्वीकृत 18 शिक्षकों का पद हैं. उसकी जगह वहां 6 शिक्षक कार्यरत थे परंतु सन 2022 मे एक शिक्षक को धनबाद जिला स्कूल तथा दिनांक 20.09.2023 को दूसरे शिक्षक को एसएसएलएनटी विद्यालय धनसार डेपुटेशन में भेज दिया गया. वैसे में विद्यालय में अब शिक्षकों की संख्या 4 रह गई है. फलस्वरूप 450 छात्रों वाले इस महत्वपूर्ण ग्रामीण विद्यालय का पठन-पाठन बुरी तरह प्रभावित हो गया है.

### आठ अवैध खनन स्थलों की हुई भराई

**निरसा बाजार** । निरसा पुलिस, सीआईएसएफ एवं ईसीएल सिक्योरिटी के टीम के द्वारा रविवार को संयुक्त अभियान चलाकर फटका स्थित जीरो सिम खदान के समीप 8 अवैध खनन स्थलों की भराई करवाई गई. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मंजीत कुमार है बताया कि सूचना मिली थी कि फटका जीरो सिम बंद खदान के समय कोयला तस्करों द्वारा अवैध उत्खनन स्थल बनकर कोयले की निकासी करवाई जा रही है. सूचना के आधार पर टीम गठित कर अवैध उत्खनन स्थलों को चिन्हित किया गया तथा स्थानीय लोगों को अवैध खदान में नहीं जाने की हिदायत कर दी गई. रविवार को जेसीबी मशीन के द्वारा अवैध खनन स्थलों की भराई करवाई गई. कोयला तस्करी पर हर हालत में लगाम लगाया जाएगा.

# पलासिया जंगल में संचालित अवैध मुहाने को करवाया बंद

**खास बातें**

- पुलिस व सीआइएसएफ की संयुक्त कार्रवाई
- प्राथमिक दर्ज नहीं होने से पुलिस कार्यशैली में लगा प्रश्न चिन्ह

संवाददाता । निरसा



पंचेत ओपी अंतर्गत बीसीसीएल एरिया 12 के पलासिया में सीआईएसएफ व स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से शनिवार की शाम छापेमारी अभियान चलाकर अवैध खनन स्थल मुहानों को डोजरिंग कर बंद करवाया. पुलिस की इस कार्रवाई को लोग आई वाश मान रहे हैं. लोगों का कहना है कि छापेमारी के पूर्व ही धंधेबाजों को इसकी खबर मिल गयी थी. इसलिए पुलिस के पहुंचने के पहले ही धंधेबाज वहां से नौ दो ग्यारह हो गए थे. बताया जाता है कि पलासिया में एक नहीं बल्कि कई मुहाने है. जहां से प्रतिदिन लोग कोयला का खनन कर आसपास के उद्योगों में खफा देते हैं1 पुलिस द्वारा अवैध खनन मामले में नामजद दर्ज नहीं करना भी उनके कार्य प्रणाली में प्रश्न चिन्ह खड़ा करने के लिए काफी है.

# एके राय की जीवनी पर लिखी किताब स्कूलों में बांटी जाएगी

- झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

संवाददाता । धनबाद

झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक रविवार को एलसी रोड हीरापुर में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं संचालन जिला सचिव राणा चट्टराज ने की. मुख्य अतिथि समिति के वरिष्ठ साथी एवं विनोद बिहारी महतो इंटर कॉलेज बलियापुर के पूर्व प्रिंसिपल सिद्धार्थ बंदोपाध्याय उपस्थित थे.मुख्य अतिथि ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सांसद कॉमरेड एके राय को सिर्फ धनबाद झारखंड ही नहीं पूरा देश जानता था. उनकी ईमानदारी एवं सिद्धांत वादी राजनीति नेता शायद हमें इस यूग में नही मिल पायेगा .एके राय ने पूरा जीवन यहां के मजदूर किसान शोषित वंचित लोगों के लिए समर्पित कर दिया था. उन्होंने लोकसभा में सर्वप्रथम सांसदों को मिलने वाली सुविधा का विरोध किया था. आज की इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी प्रखंड कमेटी को विस्तार कर सम्मेलन किया जाए . राय साहब की जीवनी पर लिखी किताब को सभी विद्यालय में बांटा जाएगा. बैठक में मुख्य रूप से कल्याण भट्टाचार्य, कल्याण घोषाल, चंदन सरकार, कल्याण राय, सुमंतो मुखर्जी, कल्याण चक्रवर्ती, पिंटू चटर्जी आदि लोग शामिल थे.









चूल्हा चौकी, नावाडीह (असर्फी अस्पताल के समीप, धनबाद)

**कृष्ण जन्मोत्सव** भगवान श्री कृष्ण के जन्म के छठे दिन भव्य आयोजन

# मैथन में भगवान श्री कृष्ण की छठियारी

संवाददाता । मैथन



मैथन एरिया चार के श्रीराम मंदिर में भगवान श्री कृष्ण भगवान की जन्म के छठे दिन छठियारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा भजन कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया. छठियारी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. सुबह से मैथन एवं आसपास के श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में जुटना शुरू हुआ, जो देर शाम तक रहा.

छठियारी कार्यक्रम के मौके पर मंदिर परिसर को खुबसूरत ढंग से सजाया संवारा गया और विधिवत पूजा अर्चना की गई. इस मौके पर मंदिर के महंत बालक बाबा द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन किया गया. इससे पूर्व सुबह में महिलाओं ने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना में भाग लिया. छठियारी को सफल बनाने में मनोज यादव, डी कुमार, पप्पू सिन्हा, पंचम यादव, सत्यनारायण चौधरी, अकिचंद महतो, अनिल पांडे, शेखर दत्ता, अशोक लोहार, कृष्णा शर्मा, सत्यम चौबे आदि लोगों का सराहनीय भूमिका रहा.

### नन्हें-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**धनबाद** । संस्कार भारती की ओर से हर वर्ष की भांति राजकमल स्कूल में श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. संस्कार भारती का यह 39वां कार्यक्रम है. इस बाल सज्जा प्रतियोगिता में राधा और कृष्ण के वेश में बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी. इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. नन्हें-मुन्ने बच्चे नटखट नंद गोपाल की भूमिका में नजर आए. कोई कृष्ण कन्हैया बना तो, कोई बनी राधा,बाल गोपाल एवं राधा के रूप में सुसज्जित बच्चें जीवांत प्रतीत हो रहे थे. पूरा विद्यालय परिसर गोकुल धाम में परिवर्तित हो गया था. इस अवसर पर बच्चे राधा एवं कृष्ण के रूप में सभी के आकर्षण का केंद्र बने. करीब 60 से 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में उपस्थित हुए समाजसेवी हरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला.

### पाथरकुआं मोड़ में मासस का मिलन समारोह

**निरसा/कलियासोल:** कलियासोल प्रखंड अंतर्गत कलियासोल मोड़ के सामने रविवार को मासस मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में उपस्थित पूर्व विधायक अरूप चटर्जी को स्वागत कर फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया गया. समारोह में राम गोस्वामी और निताई दास की नेतृत्व में विभिन्न दलों को छोड़ मासस के प्रति आस्था जताते हुए बड़ी संख्या में मासस का दामन थामा. चटर्जी ने सभी आंगतुकों को पार्टी में शामिल कर स्वागत किया. कहा कि आप लोगों के शामिल होने से मासस मजबूत होगी.आपके हर सुख-दुख में मासस कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी. दामन सामने वालों में बापी रोवानी, पिंटू गोराई, उज्जवल गोराई, लालटू गोराई, मनभूल मंडल, लालटू गोराई, दयामई गोराई, प्रेम गोराई, प्रदीप गोराई, दुलाल गोराई, आकाश रोवानी सहित अन्य शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल : दुर्योधन

**डुमरी(गिरिडीह)।** सितंबर-झारखंड सरकार पर अपनी चुनावी घोषणा पत्र को लागू करने में विफल रहने के विरोध में आजसू के द्वारा शुरू की गई जन जागरण पदयात्रा रविवार को कुलगो उत्तरी, कुलगो दक्षिणी, चीनो, चेहड़ो, कल्हाबार पंचायत में किया गया . इस दौरान आजसू विधानसभा स्तरीय ने दुर्योधन महतो केन्द्रीय महासचिव यशोदा देवी केन्द्रीय सचिव प्रदीप मंडल, टिकैत महतो, निरंजन महतो आदि दर्जनों आजसू के कार्यकर्ता उपस्थित थे . दुर्योधन महतो ने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया साथ ही कहा कि हेमंत सोरेन ने चुनाव के पूर्व जनता से जितने भी वायदे किये थे, उसे लागू करने में विफल रही है जिसका जवाब जनता चुनाव में अवश्य देगी .

### महिला सुरक्षा : पुलिस ने जारी की हेल्पलाइन

**गोड्डा.** पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी की पहल के बाद महिलाओ के खिलाफ अत्याचार को रोकने एवं महिलाओ को सुरक्षा प्रदान करने के लिए गोड्डा पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है. रविवार की संध्या इस बात की जानकारी आम लोगों को देने के लिए पुराने समाहरणालय भवन के सामने कतार में खड़े टोटो के शीशा पर हेल्पलाइन लिखा पोस्टर चिपका कर दिया गया. एसडीपीओ जेपीएन चौधरी, प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ कुमार, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा सहित अन्य पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में महिला थाना प्रभारी ने बताया कि महिलाओ के प्रति हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए112 नंबर किया गया है. इसके अलावा व्हाट्सएप नंबर क्यूआर कोड एवं थाना प्रभारी के भी नंबर पोस्टर में लिखे हुए है. इस नंबर की जानकारी अधिक से अधिक लोगो खासकर महिलाओं तक पहुंचे इसके लिए सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर लगाए गए है.

### किशोरियों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के गर्री पंचायत में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर किशोरियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई. प्रशिक्षक प्रकाश कुमार झा ने बताया कि किशोरियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी होना जरूरी है. कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, विशेष प्रयोजन योजना, सुकन्या योजना, फोस्टर केयर योजना, कौशल योजना, छात्रवृत्ति योजना, आयुष्मान योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई. इस दौरान जेंडर समानता को लेकर विशेष सत्र का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने भी संबोधित किया. कहा कि संस्था द्वारा कसमार प्रखंड के तीन पंचायतों में बाल विवाह को समाप्त करने के लिए किशोरी नेतृत्व विकास कार्यक्रम का संचालन विगत पांच वर्षों से की जा रही है.

### भाजपा मंडल प्रभारियों की सूची जारी

**बोकारो।** बोकारो परिसदन में भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक रविवार को हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने की. बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों समेत मंडल एवं बूथ स्तर पर चर्चा चली. 3 सितंबर को भाजपा बोकारो जिला कार्यसमिति की बैठक चास के दीपांजलि पैलेस में होगी. मंडल एवं बूथ स्तरीय चर्चा में जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने जिले के सभी मंडल प्रभारियों की सूची जारी की.

### मंकीपॉक्स को ले जिला अस्पतालों में 5 बेड सुरक्षित रखने का निर्देश

**बोकारो।** जिले में मंकीपॉक्स की रोकथाम को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अभियान के निदेशक अबु इमरान ने सिविल सर्जन को अहम निर्देश दिए हैं. इसके लिए उन्होंने एहतियाती तौर पर जिला अस्पतालों में कम से कम पांच आइसोलेशन बेड पृथक रूप से तैयार रखने का निर्देश दिया है. साथ ही मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीज मिलने पर अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों में गहन निगरानी और जांच करने का भी निर्देश दिया है. इसके लिए एसटीडी क्लिनिकों के साथ साथ स्किन, मेडिसिन व पेडिएट्रिक ओपीडी में मरीजों की निगरानी और जांच सुनिश्चित करने को कहा है. संदिग्धों की पहचान होने पर नमूना संग्रह कर उसे सुरक्षित एनआईवी पुणे भेज दिया जाए. मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीज मिलने पर इसकी सूचना जिला सर्विलेंस इकाई के जिला निगरानी पदाधिकारी को दिया जाए.

## संस्कार भारती की श्रीकृष्ण बाल रूप सज्जा - नृत्य प्रतियोगिता

# कृष्णा-राधा का रूप धरे बाल प्रतिभागियों ने मन मोहा

संवाददाता ।बोकारो



साहित्य व ललित कला की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा रविवार को सेक्टर-5 स्थित चिन्मय विद्यालय के सभागार में श्रीकृष्ण बाल रूप सज्जा व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता की शुरुआत संस्कार भारती के ध्येय गीत साधयति संस्कार भारती, भारते नवजीवनम की सुमधुर प्रस्तुति से हुई. इसके बाद चिन्मय विद्यालय के विद्यार्थियों ने लघु नाटक नरसिंह अवतार प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरी. बोकारो जिला इकाई संस्कार भारती की रजनी पाढ़ी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया. बालकृष्ण व राधा का रूप धरे प्रतिभागी आकर्षक परिधान में थे. प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में डॉ. शुभ्रा मुखोपाध्याय, चित्रा चटर्जी और डॉ. वर्तिका सिन्हा शामिल थीं. प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक बिरंची नारायण ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार भारती इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर भारतीय सांस्कृतिक विरासत से भावी पीढ़ी को जोड़ रही है. उन्होंने कार्यक्रम आयोजन के लिए चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा की तारीफ की. संस्कार भारती के क्षेत्र प्रमुख डॉ. संजय कुमार चौधरी ने कहा कि सनातन संस्कृति के प्रति बच्चों में अनुराग जगाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करना जरूरी है. उन्होंने भविष्य में कृष्ण के जीवन दर्शन व संदेशों पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुति करने का भी सुझाव दिया. संस्कार भारती के सचिव स्वरूप शेखर पांडेय ने प्रतियोगिता आयोजित करने में सहयोग देने पर चिन्मय विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया. मंच संचालन अभिनव व रजनी पाढ़ी ने किया. विशिष्ट अतिथि चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार सिंह, संस्कार भारती के क्षेत्र प्रमुख डॉ. संजय कुमार चौधरी, बोकारो जिला इकाई अध्यक्ष अमरजी सिन्हा समेत अन्य थे. संस्कार भारती की ओर से विशिष्ट अतिथि को शॉल व तुलसी का पौधा भेंट किया गया.

### रोटरी क्लब का सांस्कृतिक कार्यक्रम

रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी द्वारा रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के जनवृत 4 स्थित क्लब परिसर में एक शाम कान्हा के नाम के नाम से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें क्लब के सदस्यों ने काफी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया . अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता एवं क्लब सचिव रोटेरियन हरदीप सिंह ने रेगुलर मीटिंग के उपरांत लेडीज़ कमिटी की अध्यक्ष रोटेरियन अलका गुप्ता को कार्यक्रम की बागडोर संभालने को कहा . तत्पश्चात लड्डू गोपाल जी की छठियारी के उपलक्ष्य में बधाईयां गाई गई और बांकेबिहारी जी को रुचरूच कर माखन मिश्री समेत अनेक प्रकार का भोग लगाया गया .

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

संवाददाता ।डुमरी (गिरिडीह)



निमियाघाट थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत हो गई. मृतक की पहचान लोहेडीह निवासी रघु ठाकुर (29) के रूप में हुई है. घटना 31 अगस्त की देर संध्या को प्रतापपुर के पास हुई जब एक ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. मृतक के पिता नारायण ठाकुर ने थाना में आवेदन देकर ट्रैक्टर के चालक तेजो साव पर लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन चलाने और बाइक में धक्का मारने का आरोप लगाया है. पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है. मृतक रघु ठाकुर अपनी मां को लाने के लिए बाइक से जा रहा था जब यह घटना हुई. वह अपने घर का एकमात्र कमाऊ पुत्र था. घटना के बाद मृतक के परिजनों और अन्य लोगों ने थाना परिसर में जमा होकर मुआवजा की मांग की. भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार और दिनेश महतो ने थाना पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना दी. सुरेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया है कि दुर्घटना करने वाला ट्रैक्टर निमियाघाट थाना में पदस्थापित पुलिस जवान या उनके परिजनों का है और यह बिना नंबर प्लेट के चल रहा था. पुलिस जांच का विषय बता रही है.

# जारंगडीह में एक ही रात 5 जगहों पर चोरी

**खास बातें**

- लागातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय
- पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

संवाददाता ।कथारा (बोकारो)





बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह में बीते कुछ दिनों से चोरी घटनाएं बढ़ चुकी है. पिछले लगभग 10 से 12 दिनो में 8 घरों में चोरी हुई है, जिससे स्थानीय निवासी भयभीत हैं. बीती रात, पांच दुकानों और घरों में चोरी हुई, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई है. जारंगडीह के मां गायत्री ज्वेलर्स नामक दूकान में सेंध मार कर चोरी की घटनाओं को अंज़ाम दिया गया है. ज्वेलर्स दूकान के कारीगर रवि शर्मा ने बताया की दो कान बाली सहित दुकान में सजाएं गए चांदी की कुछ सामान पर चोरों ने हाथ साफ किया जो लगभग 60 से 65 हजार का नुक़सान हुआ है इसी प्रकार पप्पू केंटीन का दूकान, सदानंद राय होमगार्ड, परमेश्वर, उपेन्द्र साव के आवास का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है. सभी घटना जारंगडीह आर आर शाप के सामने नेहरू सामुदायिक मनोरंजन केंद्र के पास की है. बता दें कि 19 अगस्त को जारंगडीह कॉलोनी में सीसीएल कर्मी अंजनी सिंह के आवास पर दिन के उजाले में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था. अंजनी सिंह कुछ देर के लिए अपने रिस्तेदार के यहां पूजा समारोह में भाग लेने गया था. दूसरी घटना 29 अगस्त की रात की है. जारंगडीह मनसा नगर कॉलोनी के नूरजहां खातून के आवास तथा नारायण महतो के घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना हुई थी. इनके यहां से भी नगद और समान की चोरी हुई.

### गुस्से में हैं कॉलोनी वासी

लगातार हो रही चोरी की घटना और पुलिस प्रशासन की विफलताओं को देख कर अंजनी सिंह ने कहा कि बोकारो थर्मल पुलिस हाथ पर हाथ धर बैठीं हुई है और चोर बेखौफ घटना को अंजाम दे रहे हैं . वहीं बीती रात की घटना से आहत मिठाई दुकानदार की बेटी रीति कुमारी ने रो रो कर बताया कि वे रात को घर सोने चले गई थी .और दुकान पर ही पैसे छोड़ रखी थी जो लोन भी देना था और ट्यूशन का फीस भी देना था . वंही लगातार हो रही है चोरी की घटनाओं से पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं .

### दर्जनों लोगों ने ली आजसू की सदस्यता

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के धोबियामोड में स्थित सुरेंद्र रजक के आवास पर रविवार को आजसू पार्टी का आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी साव ने की ओर संचालन प्रवीण गुप्ता ने की गांडेय विधानसभा स्तरीय बैठक में बेंगाबाद,गिरिडीह पूर्वी,तथा गांडेय प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता महिलाओ ने भाग लिया. इस बैठक में पिछले विधानसभा उपचुनाव में आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ताओ ने आजसू पार्टी से त्याग पत्र दे दिया था . पार्टी के वरीय नेता सुरेंद्र रजक और प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी साव के नेतृत्व में पुनः एक साथ गांडेय विधानसभा के तीनो प्रखंड गिरिडीह पूर्वी, बेंगाबाद ,गांडेय,के सभी मंच मोर्चा के साथी ने सुरेंद्र रजक के नेतृत्व में आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की मुख्यातिथि पहुंचे जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव ने सभी साथियों को माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया तथा कहा की एक बार फिर आजसू पार्टी गांडेय विधानसभा में काफी मजबूती के साथ रहेगी और केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार जनता की आवाज प्रखंड स्तर पर उठाएगी. कहा की एनडीए के साथ मिलकर आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी साझा प्रत्याशी को जीतने का काम करेगी . सदस्यता ग्रहण में कार्यकर्ताओ में काफी खुशी जताई आजसू पार्टी राज्य के युवाओं की पार्टी है.

### नीट परीक्षा में सफल छात्र को झामुमो जिला उपाध्यक्ष ने मिठाई खिलाई



**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के पिहरा पूर्वी पंचायत निवासी मो. कमरुद्दीन के पुत्र मो. कैफ कमर ने नीट परीक्षा में 371 वां रैंक हासिल किया है. उन्हें 647 अंक मिले हैं. बेहतर रिजल्ट लाने पर पूर्व जिप सदस्य सह झामुमो जिला उपाध्यक्ष इमरान अंसारी ने उनके घर जाकर मिठाई खिलाई और बधाई दी. इमरान अंसारी ने कहा कि मो. कैफ कमर की सफलता पूरे गावां प्रखंड के लिए सम्मान की बात है. यहां के अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए. मो. कैफ कमर डॉक्टर बनकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे. उनका नामांकन मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में हुआ है.

### गैस एजेंसी में केक काटकर मनाया गया इंडियन ऑयल का स्थापना दिवस



**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के मधुकरपुर स्थित राजेंद्र इंडेन गैस ग्रामीण वितरक की ओर से रविवार को इंडियन ऑयल का 65वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर गैस एजेंसी के संचालक राजेंद्र स्वर्णकार ने केक काटकर स्थापना दिवस की शुरुआत की. इस दौरान उपस्थित उपभोक्ताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राजेंद्र स्वर्णकार ने बताया कि इंडियन ऑयल से जुड़े इंडेन गैस के इस एजेंसी में पूरे कसमार प्रखंड के 3500 इंडेन गैस उपभोक्ताओं को सेवा दी जा रही है. उन्होंने कहा कि एजेंसी के अलावा डोर टू डोर सेवा भी दी जा रही है, ताकि आम लोगों को बगैर परेशानी के सुलभ तरीके से उनके घर पर ही गैस सिलेंडर प्राप्त हो. इस दौरान केक और मिठाई बांटकर स्थापना दिवस की खुशियां मनाई गईं. उपस्थित गैस उपभोक्ताओं को इंडेन गैस से जुड़ी कई जानकारियां भी दी गईं, ताकि उपभोक्ताओं को गैस के उपयोग में किसी तरह की परेशानी न हो. मौके पर संदीप कुमार, मीना देवी, संदीप कुमार महतो, मो जाकिर अंसारी, बंटी गंझू और अन्य ग्रामीण उपभोक्ता मौजूद थे.

# आंगनबाड़ी निर्माण में गड़बड़ी का ग्रामीणों ने किया विरोध

संवाददाता।कथारा



मामला बेरमो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के मांझी टोला में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 212का है. जंहा रविवार को स्थानीय दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में घोर अनियमितता बरतने तथा कार्य पूर्ण किए बिना संवेदक द्वारा सामान ले जाएं जाने का विरोध जताया. विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में हमारे बच्चे ही पढ़ेंगे ना कि संवेदक का. आंगनबाड़ी केंद्र में कुछ भी परेशानियां होंगी तो सबसे पहले यदि कोई प्रभावित होगा तो वह हम ग्रामीणों के बच्चे हैं वह भी छोटे छोटे. दूसरी सबसे बड़ी बात है जब सरकार भवन निर्माण के लिए फंड आवांटित किया है तो फिर गुणवत्ता से क्यों समझौता. वंही जब संवेदक ने थाना पुलिस की धमकी ग्रामीणों को दी तब ग्रामीणों ने मामला बढ़ता देख बेरमो विधायक प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस उर्फ बबलू को जानकारी दी. जानकारी मिलते ही बेरमो विधायक प्रतिनिधि पहुंचे और वास्तू स्थितियों से अवगत होते हुए कहा कि संवेदक ने आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में अनियमितता बरती है इसकी जानकारी बेरमो विधायक सहित बोकारो उपायुक्त को दी जायेगी.और आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की गुणवत्ता की जांच कि मांग की जायेगी. वंही संवेदक की शिकायतों पर बोकारो थर्मल पुलिस प्रशासन पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई. संवेदक के मुंशी ने हाथापाई करने का आरोप स्थानीय युवकों पर लगाया.वंही आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका निशा कच्छप ने भी आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण कार्य को संतुष्ट जनक नहीं बताया.

# हाथियों का आतंक, किसानों के फसलों को किया बर्बाद

संवाददाता।जारंगडीह (बोकारो)



बोकारो जिले के जरीडीह एवं कसमार प्रखंड के पहाड़ी व जंगल से सटे इलाकों में बरसात के मौसम में जंगली हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान हैं. पिछले एक सप्ताह से जरीडीह प्रखंड के रोरिया गांव में लगातार हाथियों का झुंड रात होते ही आ धमकता है. शनिवार देर रात को भी हाथियों के झुंड ने रोरिया के कई किसानों के खेतों में लगी मकई एवं धान की फसलों को चट कर गया व बर्बाद भी कर दिया. शनिवार रात को रोरिया के किसान धीरेंद्र कुमार महतो, अजित कुमार महतो, नंदलाल महतो, सुधीर चंद्र महतो, अर्जुन महतो, नागेश्वर महतो व रामेश्वर महतो के खेत में लहलहाती मकई की फसलों को चट कर गया. इसके साथ ही फसलों को पैरों से दबाकर बर्बाद भी कर दिया. इधर लगातार एक सप्ताह से हाथियों के उत्पात से रोरिया के ग्रामीण दहशतजदा हैं. ग्रामीण अलग अलग टोलियां बनाकर हाथियों पर नजर रख रहे हैं. रतजगा करने के बाद जब हाथियों का झुंड गांव में आता है तो बगैर संसाधन के ही जान जोखिम में डालकर किसी तरह हाथियों को गांव से निकालते हैं. मालूम हो कि रोरिया के ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को बीते फरवरी माह में ही आवेदन देकर गांव में एलिफेंट वॉच टॉवर बनाने की मांग की थी, ताकि वॉच टॉवर से हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके, लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं की. इससे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश गहराता जा रहा है. ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों को भगाने के लिए मशाल, केरोसिन, पटाखे, टॉर्च व अन्य सामग्री भी वन विभाग की ओर से नहीं दिया जा रहा है.

### झामुमो की बैठक में संगठन का विस्तार



**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के मंजुरा स्थित बिनोद बिहारी स्मारक कॉलेज परिसर में रविवार को झामुमो प्रखंड कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम की अध्यक्षता में हुई. बैठक में प्रखंड प्रमुख नियोति दे मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक में आगामी 11 सितंबर को कसमार बाजार टांड़ में मनाए जानेवाले स्व कैलाश रजवार की शहादत दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. इस दौरान बताया गया कि उक्त कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय स्तर, जिला स्तर के कई नेता, मंत्री व विधायक शामिल होंगे. बैठक में झामुमो के कसमार प्रखंड कमिटी का सांगठनिक विस्तार भी किया गया, जिसमें विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई. इनमें बुद्धिजीवी मोर्चा, श्रमिक संघ, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा और महिला मोर्चा शामिल हैं. मौके पर प्रखंड सचिव सोहेल अंसारी, सिकंदर कपरदार, शेरे आलम, फारुख अंसारी, राजेश टुडू, तनवीर अंसारी, द्वारिका प्रसाद, सुभाष ठाकुर, मिथिलेश कुमार, नंदकिशोर, सुनील कुमार टुडू, जितेंद्र पाहन, सुजाता, पिंकी व अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### रोटरी मिडटाउन कपल्स ने बांटी सिलाई मशीन

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स ने अपने सामाजिक दायित्व कार्यों के तहत आर्थिक रूप से कमजोर तीन बहनों को एक सिलाई मशीन उपहार स्वरूप भेंट किया. क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि प्रभात कॉलोनी में रहने वाले कुछ सामाजिक लोगों ने सूचित किया था कि विभा देवी और मनोज सिंह की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. उनकी तीन बेटियां हैं और वे कपड़े सिलाई में निपुण हैं. अगर उन्हें एक सिलाई मशीन मुहैया कराई जाए तो उन्हें अपनी आजीविका कमाने में मदद मिलेगी. इसी लिए क्लब ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत इस परिवार को एक सिलाई मशीन उपहार स्वरूप भेंट किया. क्लब के सचिव पुनीत जोहर ने कहा कि सिलाई मशीन देने से तीनों लड़कियों को रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी.

### महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन

**गिरिडीह।** झामुमो ज़िला कार्यालय में ज़िलाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में रविवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू थे. विधायक की मौजूदगी में कई महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की. विधायक ने सभी को पार्टी का प्राथमिक सदस्यता दिलाई. समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंइयां सम्मान योजना की शुरुआत की है. इस योजना को शुरू करने के पीछे हेमंत सोरेन का मकसद महिलाओं को सशक्त बनाना है. हालांकि इस योजना का विरोध भाजपा कर रही है. इसे बंद कराने भाजपा नेता हाई कोर्ट तक का दरवाजा खटखटा चुके हैं. भाजपा की ये मंशा कामयाब नहीं होने दी जाएगी. मौके पर दिलीप मंडल, रॉकी सिंह, अभय सिंह, प्रमिला मेहरा, ज्योति सोरेन, माला देवी समेत पार्टी की अन्य महिला और पुरुष कार्यकर्ता मौजूद थे.

### धनवार में चल रहा लूट का साम्राज्य : क्यूम अंसारी

**धनवार (गिरिडीह)।** धनवार प्रखंड के भाकपा माले के प्रखंड सचिव क्युम अंसारी ने कहा कि धनवार विधानसभा क्षेत्र में लूट का राज चल रहा है. ब्लॉक और अंचल में दाखिल ख़ारिज, मनरेगा समेत किसी भी कार्य में बगैर चढ़ावे के काम नहीं किया जाता. स्थानीय विधायक और सांसद इन मामलों में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं. उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार का कोई साधन नहीं हैं. जिसके कारण यहां के बेरोजगार युवाओं को पलायन करना पड़ रहा है. इन सभी समस्याओं को दूर करने को लेकर ही लोगों ने बाबूलाल मरांडी को विधायक बनाया ताकि लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके. लेकिन कुछ नहीं हो पाया. चन्दन बर्णवाल,अंशु बर्णवाल,सोनू रविदास, ऋषि यादव, प्रेम यादव की हत्या पर भी यहां के विधायक और सांसद ने एक बार भी विधानसभा और लोकसभा में आवाज़ नहीं उठाया. 5 वर्षों तक केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री रहने वाली सांसद धनवार प्रखंड में एक भी इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज की स्थापना नहीं करवा सकी. बैठक में 9 सितंबर को धनबाद में आयोजित एकता रैली को सफल बनाने और प्रखंड क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोगों की भागेदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया.

**फादर केविन ग्रोगन फुटबॉल टूर्नामेंट**

# संत रॉबर्ट, मसी मार्शल विजेता

## विजेता प्रतिभागियों को दिया गया पुरस्कार, 14 जेसुइट स्कूलों के प्रतिभागियों ने लिया भाग

संवाददाता ।बोकारो



तीन दिवसीय फादर केविन ग्रोगन फुटबॉल टूर्नामेंट के जूनियर व सीनियर वर्ग का अंतिम व निर्णायक मैच 1 सितंबर को सेंट जेवियर स्कूल में खेला गया. टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि फादर सुशील ओसगा (वाइस प्रोविंशियल , हजारीबाग प्रोविंस) थे. उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया. फादर रंजीत मरांडी ने प्रतिभागियों को आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया. इस टूर्नामेंट में 14 जेसुइट विद्यालयों के 18 टीमों ने हिस्सा लिया. जूनियर वर्ग का अंतिम व निर्णायक मैच कैथोलिक आश्रम स्कूल भुरकुंडा और मसीह मार्शल स्कूल चरही के बीच खेला गया, जिसमें मसी मार्शल स्कूल विजेता तथा कैथोलिक आश्रम स्कूल उप-विजेता रहे. सीनियर वर्ग का फाइनल मैच सेंट रॉबर्ट स्कूल हजारीबाग और सेंट जेवियर स्कूल हजारीबाग के बीच खेला गया, जिसमें सेंट रॉबर्ट स्कूल हजारीबाग विजेता और सेंट जेवियर स्कूल उप विजेता का खिताब अपने नाम किया. जूनियर वर्ग में सर्वाधिक स्कोर करने का पुरस्कार करने पर कैथोलिक आश्रम स्कूल भुरकुंडा के छात्र विनय खलखो को दिया गया. वहीं सीनियर वर्ग में सर्वाधिक स्कोर करने का पुरस्कार संत जोसेफ स्कूल महुआडांड़ के छात्र हाबिल तिर्की को दिया गया. ओएनजीसी के चीफ मैनेजर सह स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर इंचार्ज लॉजिस्टिक्स तथा भारतीय टीम के भूतपूर्व बास्केटबॉल की कप्तानी कर चुके अनूप मिंज को अपने भाई आलोक जॉन मुकुल मिंज के स्मरण में प्रायोजक का पुरस्कार दिया गया. टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द मैच अंडर 17 रामबृत मरांडी को मोमेंटो और 2100 रुपए नगद पुरस्कार स्वरुप दिया गया. प्लेयर ऑफ़ द मैच अंडर 19 कार्तिक बाखला को मोमेंटो और 2100 रुपए नगद राशि दिया गया. हैट्रिक ऑफ द टूर्नामेंट शुभम गोप को 1100 रुपए नगद पुरस्कार दिया गया. पुरस्कार वितरण के बाद सेंट जोसेफ प्लस टू स्कूल महुआटांड़ के प्राचार्य फादर दिलीप एक्का ने खिलाड़ियों को अनुशासित रहकर खेल में सुनहरा भविष्य तलाशने की सलाह दी. विद्यालय की शिक्षिका नीतू वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया. टूर्नामेंट के आयोजन में स्कूल के खेल प्रशिक्षक शशि शेखर और अमृत लता का सराहनीय योगदान रहा. राष्ट्रगान के साथ टूर्नामेंट की समाप्ति की घोषणा की गई. मौके पर प्राचार्य फादर अरुण मिंज (सेंट जेवियर), फादर फिलीमौन तिर्की (लोयोला इंग्लिश मीडियम स्कूल, सीतागढ़ ), फादर जॉन तिर्की (सेंट जेवियर प्लस टू सीतागढ़ा), फादर मॉरिस एक्का (मसीह मार्शल स्कूल चरही), फादर दिलीप एक्का ( संत जोसेफ प्लस टू स्कूल महुआडांड़), फादर थॉमस रॉड्रिक्स तथा फादर सेब्रेन लकड़ा (कैथोलिक आश्रम स्कूल भुरकुंडा ), फादर रंजीत मरांडी (उप प्रधानाचार्य सेंट जेवियर विद्यालय हजारीबाग), फादर मनोज समेत अन्य जेसुइट स्कूलों के प्राचार्य मौजूद थे.

### विश्व शांति दिवस पर सीटू कार्यालय में कार्यक्रम

**कथारा।** जारंगडीह स्थित सीटू कार्यालय में सीआईटीयू के आह्वान पर 1 सितम्बर को विश्व शांति दिवस को अंतरराष्ट्रीय कारवाई दिवस के रूप में मनाया गया. जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम बिहारी सिंह दिनकर के द्वारा किया गया जबकि संचालन विजय कुमार भोई के द्वारा किया गया. जंहा वक्ताओं ने कहा कि हर वर्ष 1सितम्बर को शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में हम लोग मानते हैं. साथ ही कहा कि युद्ध सदैव विनाश की ओर ले जाता है हम तत्काल युद्ध विराम की मांग करते है.हमें इजरायली युद्ध के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन में मजदूरों को संगठित करना होगा. वंही इस दौरान विश्व शांति के लिए युद्ध के खिलाफ एंव नाटो जैसा सभी सैन्य गठबंधनों को भंग करने की मांग पर संघर्ष तेज करो, सैन्य व्यय में लगातार वृद्धि पर रोक लगाओ. साम्राज्यवादी ताकतों के समर्थन से फिलिस्तीन में हत्यारे इजरायल द्वारा किए जा रहे जातीय नरसंहार एंव यूक्रेन सह सभी युद्ध पर रोक लगाओ.,परमाणु हथियारों का पूर्ण उन्मूलन की मांग पर संघर्ष तेज करो आदि मुद्दों पर चर्चा किया गया.

▼ ब्रीफ खबरें

### लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का मिलन समारोह

**बरवाअड्डा।** रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बरवाअड्डा जोन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का मिलन समारोह बरवाअड्डा स्थित न्यू अपना ढाबा में हुआ. काग्रक्रम की अध्यक्षता जोन के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद साव ने किया. संचालन ज्योति महतो ने की. मिलन समारोह में सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल माला से स्वगात किया गया. समारोह में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता नीरज शर्मा, एस० सी० मोर्चा के केंद्रीय संगठन महासचिव शंकर महतो, सुखलाल हेमब्रम, सह -सचिव रवि कुमार साव, महिला जिलाध्यक्ष भारती देवी, जिला प्रवक्ता प्रभात पांडेय, एस० सी० मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हरेंद्र रजक, बरवा पूर्व के अध्यक्ष उस्मान गनी आंसरी आदि उपस्थित थे.

### मासस नेता श्यामलाल का निधन

**बरवाअड्डा।** मासस के सक्रिय नेता बरवाअड्डा तिलैया निवासी 65 वर्षीय श्यामलाल महतो का निधन रविवार को हो गयी. महतो पिछले कुछ माह से बीमार चल रहे थे. महतो के निधन पर मासस नेता गणेश प्रसाद चौरसिया श्यामलाल के घर पहुंच के उनके परिजनों से भेंट कर मासस पार्टी के तरफ से शोक संवेदना व्यक्त किया. चौरसिया ने कहा कि श्याम लाल के निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है. सुभाष महतो, शिव शंकर महतो, प्रेम महतो, कपिल महतो आदि मासस कार्यकर्ता ने शोक व्यक्त किया.

### एसपी से शिकायत

**बरवाअड्डा।** धैया जीआईसी कालोनी निवासी जितेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक धनबाद, अनुमंडल पदाधिकारी, आरक्षी उपाधीक्षक, अंचलाधिकारी गोबिन्दपुर एवं बरवाअड्डा थाना में आवेदन देकर प्रदीप कुमार गोपालका और संतोष उपाध्याय अन्य के खिलाफ जबरन चाहरदीवारी को तोड़ फोड़ कर निर्माण करने का आरोप लगाया है. आरोप लगाया है कि उसके पूरे परिवार को केस में फंसा कर जेल में पहुंचाने की धमकी दी है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

# योगासन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार

खास बातें

- रविदास योग केंद्र, डीएवी कुसुंडा टीम ने जीती ट्रॉफी

संवाददाता। धनबाद



दी लाईट हाउस रिसोर्ट में आयोजित चतुर्थ धनबाद जिला योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का समापन समारोह सम्पन्न हुआ. मुख्य अतिथि किशन चौधरी ने विजेता रविदास योग केन्द्र व उपविजेता डीएवी कुसुंडा टीम को ट्राफी प्रदान की. विशिष्ट अतिथि सुशील सिंह, उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, शिवरतन प्रसाद, मनोज सिंह, ध्रुव जी सिंह, संजय सिन्हा, मधु सिंह एवं राज्य महासचिव विपिन कुमार पाण्डेय ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए. रिजोर्ट के निदेशक कैप्टन प्रदीप मोहन सहाय को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो दे कर विशेष रुप से सम्मानित किया गया. दी लाईट हाउस रिसोर्ट में चतुर्थ धनबाद जिला योगासना स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि किशन चौधरी विशिष्ट अतिथि सुशील सिंह, उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, शिवरतन प्रसाद, मनोज सिंह, ध्रुव जी सिंह, संजय सिन्हा, मधु सिंह एवं राज्य महासचिव विपिन कुमार पाण्डेय ने विजेता रविदास योग केन्द्र एवं उपविजेता डीएवी कुसुंडा टीम को ट्राफी प्रदान किया. सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया. विशेष रुप से रिजोर्ट के निदेशक कैप्टन प्रदीप मोहन सहाय को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया.प्रतियोगिता को सफल बनाने में विरेन्द्र कुमार रवानी, संजय यादव, अभिजीत पात्रा, दिपांकर बरारी, डा.शैलेष कुमार, अभिषेक महली, कुमार प्रिंश, प्रियंका कुशवाहा, आरती सिंह, आरती शर्मा, शीतल दत्ता, रश्मि भारती, सोनी कुमारी, मनोज कुशवाहा, मिक्की कुमारी, जसपाल सिंह व जिला सचिव कुणाल कुमार ने अहम भूमिका निभाई. **पदक विजेताओं की सूची :** महिला वर्ग में ट्रेडिशनल योगासना के बालिका 10 वर्ष से कम आयु वर्ग के ग्रुप ए में प्रथम प्रियांशी सिंह, द्वितीय इशिता अग्रवाल, तृतीय स्वाति भारती, ग्रुप बी में प्रथम वैदिका, द्वितीय अनन्या घोष, तृतीय आहाना सिंह, ग्रुप सी में प्रथम अराध्या आनंद, द्वितीय सुहासिनी कुमारी तृतीय सोनम सिंह, सब जूनियर में प्रथम निशा कुमारी द्वितीय आदया कुमारी एवं अंशिका शर्मा तृतीय अराध्या सिंह, पुनम टुडू, काव्या कुमारी शर्मा, कुमकुम कुमारी, अनन्या कुमारी, रितिका प्रजापति, जूनियर में प्रथम सोनम सिंह, द्वितीय अनुप्रिया किस्कू एवं काव्या कुमारी, तृतीय नविता कुमारी एवं साक्षी सिंह. **पुरुष वर्ग की सूची :** पुरुष वर्ग के बालिका 10 वर्ष से कम ग्रुप ए प्रथम शिवांशु कुमार, द्वितीय शुभम दास, तृतीय आदर्श कुमार, ग्रुप बी में प्रथम आदित्या कुमार, द्वितीय ओम पाण्डेय, तृतीय अंश सिंह, सब जुनियर में प्रथम सुधांशु कुमार, द्वितीय सुमित तिवारी एवं उज्जवल कुमार पंडित, तृतीय वैभव कुमार चौहान, प्रिंस मंडल, वीर दत्ता, सोनु कुमार, सुभाष दास जुनियर में प्रथम रोहन राज, द्वितीय विशाल कुमार गुप्ता, तृतीय अनिमेष राय हुए. निर्णायक की भूमिका रॉंची के चन्दू कुमार, शंकर कुमार राणा, पवन कुमार झा, अमित कुमार, प्रदीप कुमार ने निभाया. विषेश रूप से उमाशंकर सिंह, रविन्द्र प्रधान, विजय कुमार विशाल, रुद्र नारायण जी विशेष रुप से उपस्थित थे. मंच संचालन जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने किया.

# हार्ड कोक प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए अभिषेक डोकानिया

संवाददाता। मैथन



अभिषेक डोकानिया द स्मॉल स्केल बी-हाईव हार्ड कोक प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए. कुमारधुबी क्लब में शनिवार के देर शाम आयोजित एसोसिएशन के 46वें वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से डोकानिया को अध्यक्ष बनाया गया. पुरानी कमेटी के संयुक्त सचिव अभिषेक डोकानिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. अध्यक्ष डोकानिया ने कहा कि कोल इंडिया का कोयला आवंटन नीति हार्ड कोक उद्योग के हित में नहीं है1 समय पर उच्च श्रेणी का समुचित कोयला आवंटन नहीं होने से हार्ड कोक उद्योग पर बंदी का खतरा मंडरा रहा है. कोयले के विभिन्न ग्रेडों को एक ही क्लस्टर में समाहित करने से परेशानी हो रही है. नई नीति के तहत एक सौ मिलियन टन कोयला का आवंटन है, जो पर्याप्त नहीं है. विदेशों से कोयला मंगाना पड़ता है. कहा कि पश्चिम बंगाल के डीबूडीह चेकपोस्ट पर कोयला लदे ट्रक को वैध कागजात रहने के बावजूद कई कई दिनों तक रोक दिया जाता है. जिससे उद्योग संचालक काफी परेशान हैं और व्यवसाय पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है. नई कमेटी में उपाध्यक्ष-सुमित अग्रवाल,सचिव-अनुराग गढ्याण, संयुक्त सचिव-सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-विनोद पोद्दार, एक्सक्यूटिव मेम्बर-प्रतीक शर्मा एवं सौरभ अग्रवाल, सदस्य-वेद निधि शर्मा, मुकेश बंसल, सीताराम गोयल, अरूण कुमार गढ्याण, वाईएन नुरूला, अमित कुमार एवं पवन तुलस्यान चुने गए.

# ईसीआरकेयू की शाखा परिषद बैठक में चुनाव तैयारियों पर चर्चा

## यूपीएस की कमी को दूर करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा : आरके सिंह

संवाददाता। धनबाद



धनबाद में रेल कर्मचारियों के हितों के लिए ईसीआरकेयू की शाखा परिषद बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में यूनियन के मान्यता प्राप्ति के लिए 4 से 6 दिसम्बर को होने वाले चुनाव पर विशेष चर्चा हुई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यूपीएस द्वारा लंबे समय से गारंटी पेंशन की मांग पूरी हुई है. फिर भी इस स्कीम में जो भी कमी खामी है. उसकी समीक्षा कर दूर करने के लिए आवश्यक फोरम तक बात पहुंचाई जाएगी तथा समाधान होने तक रेलकर्मियों के सहभागिता से आंदोलन किया जाएगा. बैठक का संचालन करने के दौरान धनबाद टू शाखा के सचिव आर के सिंह ने कहा कि रेल कर्मचारियों के हितों के लिए ईसीआरकेयू ने हमेशा संघर्ष किया है. बैठक में सभी शाखा पदाधिकारी उपस्थित थे. बता दें कि वर्ष 2007 व 2013 में मान्यता प्राप्त करने के लिए हुए चुनाव में एकमात्र ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को मान्यता हासिल हुई थी और इस प्रकार ईसीआरकेयू पिछले 17 वर्षों से ईस्ट सेंट्रल रेलवे में रेलकर्मियों के विभिन्न समस्याओं और मांगों को रेल प्रशासन के समक्ष उठाती रही है. बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हालांकि यूपीएस द्वारा लंबे समय से गारंटी पेंशन की मांग पूरी हुई है फिर भी इस स्कीम में जो भी कमी खामी है उसकी समीक्षा कर दूर करने के लिए आवश्यक फोरम तक बात पहुंचाई जाएगी तथा समाधान होने तक रेलकर्मियों के सहभागिता से आंदोलन किया जाएगा. इस बैठक में एन के खवास,आर के सिंह, विश्वजीत मुखर्जी,परमेश्वर कुमार, सुदर्शन महतो,अजय सिंह, एस चक्रवर्ती, प्रदीपतो सिन्हा, मानवेंदु कुमार मुकेश रीतीलाल गोप, सुरोजित कुमार पाल, रोहित कुमार और ए के दास सहित कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे.

### विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस मनाया गया

**पुटकी।** रविवार को विश्व हिंदू परिषद की 60 वा स्थापना दिवस शुभ उपलक्ष में केन्दुआ प्रखंड ,भगाबांध शिव मंदिर के प्रांगण में किया गया. धनबाद महानगर केन्दुआ प्रखण्ड के विहीप उपाध्याछ टूनटून सिंह के अध्यक्षता में भव्य रूप से विश्व हिंदू परिषद की 60वां स्थापना दिवस का कार्याक्रम मनाया गया कार्याक्रम का संचालन सिंटू सिंह ने किया. वही विहीप के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य उमाशंकर तिवारी ने कहा कि हिन्दू समाज को जात पात छोड़ के एक जूट की आवश्यकता वही धनबाद महानगर के विहीप जिला मंत्री सोनू गिरी ने बताया की स्थापना दिवस के उपलक्ष पर धनबाद के धारती पर सिन्द्री मे पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होगे. उन्होंने इस कार्यक्रम को लेकर धनबाद जिले के सभी हिंदू संगठनों से अपील की है कि वे पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ जी का भव्य स्वागत करें और कार्यक्रम को बढ़-चढ़कर के हिस्सा. होने जा रहा है ,आप सभी हिन्दू समाज के मित्र आर्मत्रित है सामिल, विभाग सह संयोजक आनंद महतो, संयोजक सोनू सिंह, संचय गुप्ता, जितेन्द्र साव, प्रिंश सिंह, धार्मिन्द्र सहानी, राजेश शर्मा अन्य थे .

# उत्पाद बहाली में अभ्यर्थी की मौत के खिलाफ सीएम का पुतला फूंका

संवाददाता। गोविंदपुर




भाजयुमो धनबाद जिला ग्रामीण के द्वारा युवा विरोधी हेमंत सरकार के द्वारा हड़बड़ी में निकाली गई उत्पाद सिपाही की बहाली के कारण राज्य के युवाओं के स्वास्थ्य की क्षति और मौत हो रही है. इलाजरत अभ्यार्थियों को अस्पतालों में बेहतर इलाज नहीं मिल रहा है.

इन आरोपों के साथ भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष साव के नेतृत्व में गोविंदपुर स्थित हरदेव राम स्मिर्ति भवन से गोविंदपुर बाजार तक मशाल जुलूस निकाला गया और हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया. मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ,युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष साव ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह , तारा देवी, बलदेव महतो ,रतिरंजन गिरी, दिनेश मंडल, तलेश्वर साव ,बम्पी चक्रबोर्टी, जग्गू साव, गोविन्द राय, रंजीत सिंह, गोपाल भारती ,बृहस्पति पासवान, समीर साव ,रेखा विश्वकर्मा, अमादीप सिंह, कृति रुज, विजय रुज, अभिमन्यु कुमार, रमेश पांडे, धीरज मिश्रा ,अजय साहनी, इंद्रजीत मंडल ,बमबम साव ,संतराम सिंह ,सीमांत मंडल, पिंकू कुमार, सीबू मंडल, अश्विनी मंडल, गोपाल पाल, मदन महतो, रवि महतो, अभिषेक कुमार, रवि कुमार, सोमेन कुमार सिंह ,सुभाष मुर्मू, सचिन कुमार ,अमृत दास , राजेश मंडल, संतराम सिंह चौधरी, राजेश शर्मा, गोविंदा यादव, सजल दास, सूरज पांडे, आदि सैकड़ों भाजपा कार्यककर्ता मौजूद थे.

## आसनसोल

# पुलिस दिवस के अवसर पर 'पुलिस कैडेट क्रॉप्स' कार्यक्रम

संवाददाता। पुरुलिया



पुरुलिया जिला पुलिस एनसीसी स्टाइल में पुलिस कैडेट कोर का गठन करने जा रही है. पुलिस दिवस पर पुरुलिया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने की घोषणा. पुरुलिया जिला पुलिस ने 1 सितंबर को पुलिस दिवस के विशेष दिन पर छात्रों के लिए 'पुलिस कैडेट क्रॉप्स' लॉन्च किया. जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने नए कार्यक्रम का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य स्कूल और कॉलेज के छात्रों को पुलिस के काम और अनुशासन के बारे में उचित जानकारी देना है. यह पहल काफी हद तक भारतीय सेना के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की तर्ज पर बनाई जाएगी, जहां छात्र छात्राओं को सैन्य अनुशासन और सामरिक प्रशिक्षण मिलता है. 'पुलिस कैडेट क्रॉप्स' के माध्यम से, छात्र छात्राओं को पुलिस के दैनिक संचालन, यातायात नियंत्रण और कानून व्यवस्था में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा. कैडेटों को जिला पुलिस द्वारा यातायात कानूनों पर विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जहां वे बाइक सवारों को सचेत करना और यातायात को नियंत्रित करना सीखेंगे. कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न आबादी वाले क्षेत्रों एवं मोड़ो पर आम लोगों को जागरूक करने का काम किया गया है. पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने कहा कि भले ही समाज में पुलिस की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हों, लेकिन इस तरह की पहल से अगली पीढ़ी तक पुलिस की महत्ता और जिम्मेदारी के बारे में सही संदेश देना संभव होगा. उन्होंने यह भी कहा, ₹समाज में पुलिस के महत्व को भावी पीढ़ियों के सामने उजागर करने के लिए ऐसी कार्रवाई बहुत महत्वपूर्ण थी. पुरुलिया जिला पुलिस की इस पहल की स्कूली छात्रों और उनके अभिभावकों ने सराहना की. जिले के लोगों का मानना है कि 'पुलिस कैडेट क्रॉप्स' के माध्यम से छात्र समाज में पुलिस के महत्व और भूमिका से अवगत होंगे और पुलिस अनुशासन के बारे में खुद को समृद्ध कर सकेंगे.

### ट्रैफिक गार्ड ने किया पौधारोपण

**बराकर .** आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के स्थापना दिवस सह पुलिस दिवस के अवसर पर कुल्टी ट्रैफिक गार्ड और नियामतपुर सब ट्रैफिक गार्ड द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया . इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर मुख्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए . कुल्टी और नियामतपुर ट्रैफिक गार्ड द्वारा पौधारोपण किया गया और बच्चों को पर्यावरण को स्वस्थ रखने के लिए जागरूक किया गया .

### महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**रानीगंज।** कोलकात्ता आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ईस्टर्न रेलवे यूनियन के द्वारा रानीगंज रेलवे स्टेशन के बाहर महिला चिकित्सक की जघन्य हत्या के विरोध में आंदोलनकारी गले तख्तियां लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए न्याय की मांग करते हुए आरोपियों को तत्काल फांसी पर लटकाने की मांग की. संगठन के अनिल कुमार सिंह ने कहा की अरजी कर अस्पताल में दरंदगी की जो घटना घटी राज्य की मुख्यमंत्री घटना को संज्ञान में लेते हुए करवाई का आदेश दिया है. इस अवसर पर बच्चों ने चित्रांकन प्रतियोगिता के माध्यम से घटना को दर्शाया एवं घटना की कड़ी निंदा करते हुए तुरंत दोषियों को फांसी की सजा की मांग की. इस अवसर पर चंद्रीमा माझी एवं उनके सहयोगियों द्वारा नृत्य नाटक का मंचन करते हुए घटना को दर्शाया गया एवं दोषियों की फांसी की मांग की. इस घटना से पूरे राज्य में लोग इसका विरोध कर है एवं दोषी को फासी देने की मांग कर रहे है. इस घटना ने पूरे राज्य में आक्रोश पैदा कर दी है, और जगह जगह प्रदर्शन कर रहे हैं.

# मिथुन हरिजन ने देहदान करने का लिया संकल्प

खास बातें

- 58 बार कर चुके है रक्तदान
- 17 वर्ष से दे रहे खून

संवाददाता। रानीगंज



जामुड़िया ब्लाक 2 कांग्रेस कमेटी के महासचिव मिथुन हरिजन ने मानवता के प्रति अपने जज्बे का परिचय देते हुए कलकत्ता के गणदर्पण नामक संस्था में अपना देह दान करने के संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं. मिथुन हरिजन ने अभी तक 58 बार रक्तदान किया है और वह मात्र 17 वर्ष की आयु से रक्त दान करते आ रहे हैं. मिथुन हरिजन की शिक्षा उखड़ा नेहरू विद्या पीठ सेकेंडरी स्कूल से माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं. उनके पिता स्वर्गीय रामकमल हरिजन ई.सी. एल के कोयला खदान में श्रमिक थे और उनकी माता चम्पा हरिजन वर्ष 2023 के पंचायत चुनाव में जामुड़िया ब्लाक 2 से कांग्रेस के टिकट पर जिला परिषद का चुनाव लड़ी थीं. मिथुन हरिजन ने डोबराना पंचायत से वर्ष 2023 के पंचायत चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर संसद पद के लिए चुनाव लड़ चुके हैं. पश्चिम वर्धमान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेश चक्रवर्ती ने कहा कि देह दान का संकल्प अधिक से अधिक लोगों को लेना चाहिए. चिकित्सा विज्ञान में अनुसंधान करने में देह दान एक क्रांतिकारी कदम है. पश्चिम वर्धमान जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव विश्वनाथ यादव ने कहा कि मिथुन हरिजन ने देह दान कर के दधीचि ऋषि कि परंपरा को जीवित रखने का काम किया है. मृत्यु के बाद देह दान करना एक अनुकरणीय स्वागत योग्य कदम है.

### ट्रक के धक्के से युवक की मौत

**खड़गपुर।** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना थाना अंतर्गत रामजीवनपुर इलाके में चंद्रकोना-आरामबाग मुख्य सड़क पर एक ट्रक के धक्के से एक युवक की मौत हो गयी. इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख प्रदर्शन किया. इससे इलाके की यातायात बाधित हुई. जानकारी मिलने के बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझा कर स्थिति सामान्य की. इसके बाद शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा.

### पूर्व पार्षद के मकान में डकैती

**हल्दिया।** दुर्गाचक थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर इलाके में हल्दिया के पांच नंबर वार्ड की पूर्व पार्षद जयंती रायदंडपाठ के मकान में डकैती हुई. घटना शुक्रवार की देर रात हुई. बताया जा रहा है कि डकैतों का दल मकान के दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर अंदर घुसा. करीब 10 से 12 लोग थे. उन्होंने हथियार के बल पर घर में लूटपाट की. वहां रखे सोना के गहने, नकद व अन्य सामान लूट लिये. करीब दो घंटों तक डकैतों ने लूटपाट की.

# मध्यदेशीय वैश्य सभा का 65 वां वार्षिक उत्सव मनाया गया



संवाददाता। बराकर

आसनसोल मध्यदेशिय वैश्य सभा द्वारा राधा नगर स्थित आश्रम में 65 वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया. कुल्टी के राधा नगर स्थित गणिनाथ आश्रम के प्रांगण में मध्यादेशीय वैश्य सभा द्वारा 65 व वार्षिक पूजन उत्सव बड़े ही धूमधाम से शनिवार देर शाम को संपन्न हुआ. इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विनोद गुप्ता संरक्षक अयोध्या प्रसाद गुप्ता सचिव आशीष साव संयुक्त सचिव राकेश साव उपाध्यक्ष पिंटू कुमार प्रियदर्शी कोषाध्यक्ष नरेश साव ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इसके अलावे महिला सदस्य रीना साव रेखा देवी मंजू देवी एवं अन्य सभी वैश्य परिवार के आमंत्रण पर आसनसोल नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय कुल्टी विधायक डॉ अजय कुमार पोद्दार एमएमआईसी इंद्राणी मिश्रा बादल पोईतंडी राजू बनर्जी कुल्टी ब्लाक तृणमूल कांगेस के अध्यक्ष कंचन राय नियामतपुर फाड़ी प्रभारी अखिल मुखर्जी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे.

# अंजर ने ईसीएल के निदेशक का कार्यभार संभाला

संवाददाता। सांकतोड़िया



1 सितंबर, 2024 को, मोहम्मद अंजर आलम, ईसीएल के निदेशक (वित्त), ने श्रीमती आहुति स्वाई की सेवानिवृत्ति और कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के अनुमोदन के बाद ईसीएल में निदेशक (कार्मिक) का अतिरिक्त कार्यभार संभाला. वे 15 सितंबर, 2022 से ईसीएल के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत हैं. मोहम्मद अंजर आलम की शैक्षिक पृष्ठभूमि मजबूत है, जिन्होंने 1991 में बीआईटी, सिंदरी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी की डिग्री प्राप्त की. इसके बाद उन्होंने 2005 में पोंडिचेरी विश्वविद्यालय से कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा किया, और 2007 में प्रतिष्ठित पीजीपीईएक्स कार्यक्रम के तहत प्रतिष्ठित आईआईएम, कोलकाता से वित्त में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा किया. ईसीएल में शामिल होने से पहले, उन्होंने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल), एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) में तीन दशकों से अधिक का अनुभव प्राप्त किया और वित्त, आंतरिक लेखा परीक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, संचालन, रखरखाव, परियोजना वित्त, बजट प्रबंधन, टैक्सैशन और ईआरपी प्रणाली के कार्यान्वयन में व्यापक विशेषज्ञता हासिल करते हुए कई भूमिकाएँ निभाईं. उनकी रणनीतिक कुशाग्रता तब उजागर हुई जब उन्हें आरआईएनएल के तत्कालीन अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के विशेष सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया, एक ऐसा पद जिस पर उन्होंने व्यवसाय विकास और इंटरनेशनल कोल वेंचर्स लिमिटेड (आईसीवीएल) के गठन में महत्वपूर्ण योगदान दिया. उन्होंने लगभग 3,000 करोड़ के वार्षिक कारोबार के साथ चार क्षेत्रीय शाखाओं में वित्तीय परिचालन की देखरेख भी की, जो उनकी वित्तीय कुशाग्रता और नेतृत्व कौशल को रेखांकित करता है.

## आहुति स्वाई को दी गई विदाई

**सांकतोड़िया ।** ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) की निदेशक (कार्मिक) आहुति स्वाई का विदाई समारोह 31 अगस्त, 2024 को ईसीएल के झालबागान स्थित डिशेरगढ़ क्लब में आयोजित किया गया . इस समारोह में श्रीमती स्वाई के 37 साल के कार्यकाल को याद किया गया, जिसमें उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी अनुषंगियों में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया . इस अवसर पर ईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री समीरन दत्ता ने श्रीमती स्वाई के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और उनके नेतृत्व के प्रभाव को सराहा . कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के उप महानिदेशक श्रीमती संतोष, ईसीएल के निदेशक (वित्त) मोहम्मद अंजर आलम, और ईसीएल मुख्यालय के सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक, महाप्रबंधक और विभागाध्यक्ष ने भी इस समारोह में भाग लिया . श्रीमती स्वाई के पति श्री सतीश कुमार रवि ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए और उनकी व्यावसायिक उपलब्धियों के साथ-साथ व्यक्तिगत बलिदानों को भी याद किया . इस विदाई समारोह ने न केवल स्वाई की व्यावसायिक उपलब्धियों को मान्यता दी .

# बरनवाल समाज की बैठक



संवाददाता। रानीगंज

पांडवेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांडवेश्वर फूलबागान मोड़ में भारतवर्ष बरनवाल महासभा पश्चिम बंगाल की एक बैठक आयोजित की गई. इस बैठक का उद्देश्य बरनवाल समाज के सभी सदस्यों को एक साथ लाना था. बैठक में पश्चिम बर्धमान के विभिन्न ब्लॉक और इलाकों से बरनवाल समाज के सदस्य उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज अहिवरन के फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया. पश्चिम बर्धमान बरनवाल समाज के महामंत्री कृष्ण मुरारी लाल ने कहा कि हमारा एकमात्र लक्ष्य है कि सभी बरनवाल सदस्यों को एक मंच पर लाया जाए. उन्होंने कहा कि दो साल पहले बरनवाल समाज पूरी तरह से बिखरा हुआ था, लेकिन आज हमने सभी को संगठित कर बरनवाल समाज को एक मंच पर लाया है. इस दौरान महामंत्री मंजू बरनवाल, अध्यक्ष ललिता बरनवाल और सभी सदस्य उपस्थित थे. बैठक का मुख्य उद्देश्य बरनवाल महासभा को मजबूत बनाना था.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** पंचम चंद्र अस्त है. प्रेम में धोखा मिल सकता है. शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है.

**वृष** माता से विवाद होगा. कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करने पड़ेंगे. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा. कार्य के प्रभाव से आय होगी.

**मिथुन** समय उत्तम है. कार्य सिद्धि होगी. बड़े भाई का सम्मान करें. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा.

**कर्क** आय के लिए समय उत्तम है. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. व्यस्तता रहेगी.

**सिंह** रोजगार में वृद्धि होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. मेहनत के बल पर भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है. सूर्य को जल दें.

**कन्या** किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. मेहनत से व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. आय बनी रहेगी.

**तुला** चोट व रोग से हानि की आशंका है, लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. किये गए प्रयासों से लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. जल्दबाजी न करें.

**वृश्चिक** कोई मानसिक पीड़ा हो सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. मंदिर में अन्न का दान करें.

**धनु** पिता से लाभ का योग है. अनहोनी की आशंका रह सकती है. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा. माता पिता की सेवा करें. दिन की शुरुआत अच्छी होगी.

**मकर** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. आपके प्रयास और मेहनत से कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी.

**कुंभ** व्यापार से धन का आगमन अच्छा होगा. दांपत्य जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. कार्य का अच्छा लाभ होगा.

**मीन** शत्रु पक्ष से कुछ परेशानी का सामना करना पड़ेगा. धन के लिए दिन अच्छा है. मेहनत और प्रयास से स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. जल्दबाजी में कोई व्यवहार न करें. गुरु मंत्र का जाप करें.

## कांडी में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**कांडी (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरदाहा प्लस 2 उच्च विद्यालय के मैदान में रविवार को झा विपा के बैनर तले दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि मझिआंव-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह भावी विधायक प्रत्याशी विकास दुबे ने फीता काटकर दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का उदघाटन किया. मौके पर विकास दुबे ने कहा कि जिस प्रकार खेल में एकजुटता होती है,उसी प्रकार समाज में भी एक जुटता की जरूरत है. उन्होंने कहा कि मैं युवाओं के सहयोग के लिए हर समय खड़ा रहूंगा. मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अख्तर अंसारी, कांडी बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, खुटहेरिया बीडीसी अभिनंदन शर्मा, मोहित कुमार, अजहर हुसैन, अभय कुमार, रंजीत शर्मा, जयप्रकाश सोनी, विवेक पांडेय, विजय कुमार, राजेश पांडेय, दीपक पांडेय, सुनील चंद्रवंशी, शंभू पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## पेज एक का शेष

**डीजल कारों को बोलें अलविदा...**
नितिन गडकरी के मुताबिक, हमें जल्द ही पेट्रोल-डीजल को छोड़ कर प्रदूषण मुक्त होने की नई राह पर चलना होगा. गडकरी ईंधन से होने वाले प्रदूषण और इसके आयात को कम करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं. गडकरी ने ये भी कहा कि मैं वित्त मंत्री से डीजल वाहनों पर 10 फीसदी अतिरिक्त जीएसटी की मांग करूंगा.
**इससे पहले कही थी ये बात:** इससे पहले गड़करी ने अपनी कार का जिक्र करते हुए कहा था कि मेरी कार इथेनॉल से चलती है. अगर आप पेट्रोल से इस कार की तुलना करेंगे तो 25 रुपए प्रति किमी का खर्च पड़ता है, जबकि इथेनॉल से इससे भी कम पड़ता है. एक लीटर इथेनॉल पर 60 रुपए का खर्च आता है, जबकि पेट्रोल का रेट 120 से ऊपर है. गडकरी ने ये भी कहा था कि मैं चाहता हूं कि अगले 10 सालों में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों को पूरी तरह से हटा दिया जाए. गडकरी ने इन पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को मार्केट में उतारने की बात कही. नितिन गडकरी ने बताया कि आज के समय में इलेक्ट्रिक स्कूटर, कार और बस एक बेहतरीन ऑप्शन के रूप में सामने आए हैं. अगर आप डीजल पर 100 रुपये खर्च करेंगे, तो इलेक्ट्रिसिटी केवल 4 रुपये लेगी.

**भाजपा उपद्रवियों को दे रही...**
भाजपा से इन उपद्रवियों को खुली छूट मिली हुई है, इसीलिए उनमें ऐसा कर पाने का साहस पैदा हो गया है. अल्पसंख्यकों, खास कर मुसलमानों पर लगातार हमले जारी हैं और सरकारी तंत्र मूक दर्शक बना देख रहा है. राहुल गांधी ने कहा, ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई कर कानून का इकबाल कायम किया जाना चाहिए. भारत की सांप्रदायिक एकता और भारतवासियों के अधिकारों पर किसी भी तरह का हमला संविधान पर हमला है, जो हम बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे. भाजपा कितनी भी कोशिश कर ले, नफरत के खिलाफ भारत जोड़ने की इस ऐतिहासिक लड़ाई को हम हर हाल में जीतेंगे.

रेलवे पुलिस ने बताया कि मुंबई से सटे ठाणे जिले के कल्याण और इगतपुरी स्टेशन के बीच गोमांस रखने के शक में कई लोगों ने एक बुजुर्ग शख्स (हाजी अशरफ मुनियार) की पिटाई की और गालिया दीं. बुजुर्ग हाजी अशरफ मुनियार मालेगांव जाने के लिए ट्रेन में बैठे, उनके पास कुछ सामान भी था, लेकिन कुछ यात्रियों को शक हुआ कि उनके समान में गोमांस है. लोगों ने दावा किया कि जब उनके पास मौजूद बड़े से प्लास्टिक के डिब्बे को चेक किया, तो उसमे मांस जैसा कुछ था, लेकिन किसका था इसको लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी फिर गाली गलौज की. इस दौरान कुछ युवकों उस बुजुर्ग को पीटने लगे और वीडियो बनाने लगे.

# देवघर के डॉ डी तिवारी निर्विरोध आईएमए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने गए

संवाददाता।रांची/ देवघर



देवघर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ धनवंतरी तिवारी को निर्विरोध इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुना गया है. उल्लेखनीय है कि झारखंड बनने के बाद यह दूसरा अवसर है जब राज्य के किसी डॉक्टर को राष्ट्रीय आईएमए में महत्वपूर्ण पद मिला है. इससे पहले 2005-06 में आरपीएस हॉस्पिटल रांची के निदेशक डॉ. अजय कुमार सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने थे. 1995-96 से आईएमए के आजीवन सदस्य रहे डॉ. तिवारी ने पिछले एक दशक से आईएमए के सभी राष्ट्रीय और राज्य सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लिया है. उन्होंने शाखा सचिव और शाखा अध्यक्ष के रूप में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है. फिलहाल वे आईएमए झारखंड की देवघर शाखा के अध्यक्ष (2022-24 और 2024-26) के रूप में कार्यरत हैं. 2017 में झारखंड आईएमए के सम्मेलन के सफल आयोजन में उनका योगदान रहा है. वे 2021-22 से झारखंड से सीडब्ल्यूसी के नियमित सदस्य भी हैं. इसके अलावा वे 'आओ गांव चलें 2023-25' के तहत आईएमए मुख्यालय की स्थायी समिति के सदस्य रहे हैं. डॉ. तिवारी ने हाल ही में फरवरी 2024 में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या और जून 2024 में बद्रीनाथ उत्तराखंड में सेवा कार्यों में भाग लिया. डॉ. तिवारी को कई पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें 2018 का राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशंसा पुरस्कार, 2020 का डॉक्टर्स डे राष्ट्रीय पुरस्कार और 2023 का डॉ. एकेएन सिन्हा आईएमए राष्ट्रीय सम्मान शामिल है.

आइएमए का निर्विरोध राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने पर डॉ. तिवारी ने अपने प्रस्तावकों, आईएमए के राज्य अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह औरराज्य सचिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह को धन्यवाद दिया. उन्होंने आईएमए झारखंड की पूरी टीम, विशेषकर डॉ. अजय कुमार सिंह (आरपीएस अस्पताल रांची), डॉ. मेजर चंदन (धनबाद) और अन्य समर्थकों के प्रकि भी यआऊाप दताया है. साथ ही, उन्होंने राष्ट्रीय नेताओं डॉ. सहजानंद, डॉ. शरद अग्रवाल और डॉ. अनिल नायक को भी धन्यवाद कहा. डॉ. तिवारी ने महान एसोसिएशनिस्ट डॉ. केतन देसाई को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि वे इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे.

## बाल श्रीकृष्ण को खेलाने के लिए आये किन्नर

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर में रविवार को भगवान बाल श्री कृष्ण का छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मंदिर के पुजारी श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास द्वारा भगवान श्री कृष्ण की विशेष पूजा अर्चना व आरती कर छठी मनाई गई. इस अवसर पर गढ़वा एवं मेदिनीनगर से किन्नर समाज के लोग आये और भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन पूजन किया तथा काफी समय तक सोहर गीत गाया.

# फीस के अलावा 18 फीसद जीएसटी वसूली का निर्णय, गुस्से में विद्यार्थी

संवाददाता।रांची/ हजारीबाग

विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों से शुल्क के आलावा 18% जीएसटी वसूलने के निर्णय से छात्रों के साथ ही साथ छात्र संगठन गुस्से में हैं. छात्र संगठनों ने विवि की इस नई नीति का विरोध करते हुए कहा कि यह छात्र विरोधी निर्णय है, जिसका पुरजोर विरोध किया है.साथ ही इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है. उधर विनोबा भावे यूनिवर्सिटी प्रबंधन के अनुसार, शिक्षा शुल्क पर जीएसटी की वसूली आनेवाले दिनों में हर हाल में लागू की जाएगी. इससे छात्रों को शुल्क के अलावा 18% अतिरिक्त जीएसटी का भुगतान करना पड़ेगा, जो उनके लिए एक बड़ा आर्थिक बोझ हो सकता है. लेकिन इसके अलावा विवि के पास कोई विकल्प भी नहीं है. फीस के साथ हर हाल में जीएसटी का भुगतान करना ही होगा.

**एआईडीएसओ ने जताया विरोध, कहा- होगा जोरदार आंदोलन :** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन (एआईडीएसओ) ने फीस के साथ जीएसटी वसूली के विवि प्रशासन के निर्णय का कड़ा विरोध किया है. एआईडीएसओ के हजारीबाग जिला अध्यक्ष जीवन यादव ने कहा कि शिक्षा कोई वस्तु नहीं है, जिस पर टैक्स लगाया जाए. शिक्षा तो नीति, नैतिकता, मूल्यबोध और चरित्र निर्माण का माध्यम है. उन्होंने विनोबा भावे विवि प्रशासन के निर्णय को निंदनीय करार देते हुए कहा कि यह छात्र हित के खिलाफ है.

**विनोबा भावे विवि की कॉलेजों से वसूली का विरोध**



### छात्र बोले-विभाविवि अब कॉपी-पेस्ट' यूनिवर्सिटी बनी

विनोबा ऊावे विवि के विभिन्न कॉलेजों में पढ़नेवाले छात्रों ने आरोप लगाया कि विवि प्रशासन बिना विचार-विमर्श किए नीतियों को लागू कर रहा है. उन्होंने कहा, "यूनिवर्सिटी अब 'कॉपी-पेस्ट' यूनिवर्सिटी बन गई है. पहले भी सीबीसीएस सेमेस्टर सिस्टम, नई शिक्षा नीति और चांसलर पोर्टल जैसी नीतियां बिना सार्थक चर्चा के लागू की गईं थीं. इनके दुष्परिणाम छात्रों को भुगतने पड़े हैं. इसके बावजूद विवि प्रशासन एकतरफा निर्णय ले रहा है, जिसका हर स्तर पर विरोध होगा.

### नई शिक्षा नीति और वित्तीय प्रबंधन

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत, यूनिवर्सिटी को मिलने वाले अनुदान में कटौती की जा रही है. इसके तहत उच्च शिक्षा वित्तीय एजेंसी (एचईएफए) और एचइसीआई जैसी संस्थाएं अब यूनिवर्सिटी को ऋण के रूप में पैसे उपलब्ध कराएंगी, न कि अनुदान के रूप में. इससे शिक्षा का खर्च कई गुना बढ़ जाएगा. छात्र संगठनों ने मांग की है कि इस छात्र विरोधी नीति को तुरंत वापस लिया जाए. उनका कहना है कि यह निर्णय छात्रों के हित में नहीं है और इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ेगा.

## दूध में पानी व केमिकल मिलाने वाले तीन को किया गिरफ्तार



संवाददाता।लातेहार

मेघा डेयरी दूध में पानी व केमिकल मिलावट कर दूध बेचने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार लोगों में हरमप्रीत सिंह पिता दलपाल सिंह ( मतेवाल,अमृतसर, पंजाब), विशाल कुमार सिंह पिता मिथलेश कुमार सिंह (होटलवीर, चंदवा) व मिथिलेश यादव पिता सकेंद्र यादव (भुसूर, लातेहार) शामिल है. एसडीपीओ अरविंद कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि शनिवार को पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि पलामू के चियांकी मेघा डायरी फॉर्म से रांची ले जाने वाली दूध के टैंकर में पानी व केमिकल मिलावट कर दूध बेचा जा रहा है. घटना मामले की सत्यापन के बाद शनिवार को चंदवा से बालूमाथ जाने वाले रास्ते के कुजरी भुसाड़ नाला के पास चंदवा थाना पुलिस के नेतृत्व में छापेमारी की गई. जिसमें टैंकर में दूध मिलावटी करते तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने घटनास्थल से दूध लदा टैंकर, पिकअप वाहन व सिंटेक्स में 500 लीटर दूध एवं अन्य छोटे-छोटे केन में 70-80 लीटर दूध बरामद किया गया. उन्होंने बताया कि डेयरी से टैंकर से दूध लेकर रांची जाने के दौरान बीच रास्ते में टैंकर से दूध निकाल कर उस टैंकर में केमिकल और पानी मिलावट कर देते थे. यह धंधा पिछले 20 से 25 दिनों से चल रहा था. उन्होंने बताया कि इस घटना में कई और लोग भी शामिल हैं. छापेमारी अभियान में चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार, सअनि अरविंद कुमार सिंह, एसडीपीओ के अंगरक्षक व चंदवा सेट-44 के जवान शामिल थे.

## वृद्ध महिला से चावल देने के नाम पर अंगूठा लगवा 72,500 रु की निकासी

संवाददाता।डंडई

थाना क्षेत्र के सोनेहारा गांव में चावल दिलवाने के नाम पर पिछले 6 वर्षों से एक बुजुर्ग विधवा महिला से अंगूठा लगवा कर वृद्धा पेंशन की राशि ठगने का मामला को प्रकाश में आया है.

ठगी की शिकार हुई 64 वर्षीय वृद्ध महिला फुलझरी कुंवर ने बताया कि गांव के ही मालकुमार यादव पिता भीखू यादव के द्वारा मुझे ब्लॉक से चावल दिलवाने के नाम पर अंगूठा लगाया था और कभी-कभार 5 से 7 किलो चावल दे देता था. कई बार अंगूठा लगाने के बाद भी उसके द्वारा बोला जाता था अभी चावल नहीं है बाद में मिलेगा. चावल देने के दिन भी उसके द्वारा कई बार अंगूठा लगाया जाता था तब जाकर चावल देता था. जब हम वृद्धा पेंशन के बारे में पूछते तो वह बोलता कि तुम्हारा अब नहीं होगा. उससे थक हारकर चुकी तो मैं अपना पेंशन कराने के लिए सोनेहरा बीडीसी लालमुनी गुप्ता से बोली. इसके बाद उन्होंने पूरा आश्वासन दिया कि आपका वृद्धा पेंशन जरूर बनेगा. वृद्धा पेंशन के लिए उनके पास लगातार मिलता रही एक दिन बीडीसी ने अपने साथ मुझे प्रखंड कार्यालय लेकर आये और ऑपरेटर से जांच करवाया, जांच के दौरान पता चला कि मेरा पेंशन का पैसा यूनियन बैंक के खाते में जा रहा है और हर बार उसकी निकासी भी हो रही है. उसके बाद उसके तहकीकात की गयी तो पता चला कि गांव के ही माल कुमार यादव प्रखंड कार्यालय से चावल दिलवाले के नाम पर एक मशीन में अंगूठा लगवाता है. उसके द्वारा 6 वर्ष पूर्व 2018 में लवाही स्थित यूनियन बैंक में खाता खुलवाया था, उसी में मेरा पैसा वृद्धा पेंशन आ रहा था मैं समझ रही थी कि मेरा पहले पैसा पोस्ट ऑफिस में आता था अब वृद्धा पेंशन बंद हो चुकी है लेकिन उसने मेरा पैसा निकासी कर रहा था बदले में प्रखंड कार्यालय से मिले चावल के नाम पर कभी 5 किलो तो कभी 7 किलो देता था. उक्त ठग के द्वारा अभी तक 72500 की अवैध निकासी कर ली गयी है. फुलझरी कुंवर ने बताया कि मैं अपनी पेंशन की राशि वापस पाने को लेकर इसकी लिखित शिकायत डंडई थाने में की हूं.

मामले को लेकर आरोपी मालकुमार यादव ने बताया कि फुलझरी कुंवर के कहने पर ही हमने उसके खाता से पैसा निकाल कर और उसके बदले प्रत्येक माह चावल दिया है. जिसका लिखित मेरे डायरी में गवाह के साथ उसका अंगूठा का निशान दर्ज है. साथ ही बताया कि उक्त महिला को हमने 2018 से लेकर अभी तक 2270 किलो चावल दे चुका हूं. हमने उस महिला से कोई भी पेंशन की राशि का ठगी नहीं किया है. मामले को लेकर थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि फुलझरी कुंवर ने आवेदन दिया है, मामले की पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी.



पीड़िता फुलझरी कुंवर

**खास बातें**

- पीड़िता ने अपनी पेंशन की राशि वापस पाने के लिए पुलिस से लगाई गुहार
- आरोपी ने कहा-महिला के कहने पर ही हमने उसके खाते से पैसा निकाला था

## मृतक के आश्रितों को 19-19 लाख मुआवजा देने की शर्त पर हटा जाम

संवाददाता।टंडवा (चतरा)

शिवपुर कठौतिया रेलवे लाइन के पुल निर्माण कार्य में लगी सरिया खिसकने से हुई मजदूरों की मौत पर मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया. आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने कंपनी से मुआवजे की मांग को लेकर धनगड्डा मुख्य चौक में शव रखकर टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ को जाम कर दिया था. सड़क जाम की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे सीओ विजय दास व एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया. लेकिन सड़क जाम कर रहे ग्रामीण व परिजन पचास-पचास लाख रुपये आर्थिक मुआवजा व नौकरी की मांग पर अड़े रहे. इसी बीच शनिवार की देर रात टंडवा स्थित एसडीपीओ कार्यालय में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासन व कंपनी के प्रतिनिधि के बीच वार्ता हुई. वार्ता के दौरान मृतक के आश्रितों को उन्नीस-उन्नीस लाख रुपए आर्थिक मुआवजा दिए जाने एवं घायल मजदूर को समुचित इलाज का पुरा खर्च देने की बात पर सहमति बनी. जिसमें आठ-आठ लाख रुपये नकद व ग्यारह-ग्यारह लाख इंश्योरेंस कंपनी की ओर से इरिकॉन कंपनी को दिलाने की जिम्मेदारी दी गई. जिसके बाद मृतक के आश्रितों को आठ-आठ लाख रुपए का चेक सौंपा गया. जिसके उपरांत शनिवार देर रात करीब बारह बजे सड़क से जाम हटाया गया. उसके बाद पुलिस ने मृतक दोनों मजदूरों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. वहीं कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि सरिया खिसकने के कारणों की जांच कराई जा रही है. जांच के उपरांत दोषी इंजिनियर अथवा कॉन्ट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. वहीं घायल के इलाज के लिए भी कम्पनी तत्पर है. घायल मजदूर के समुचित इलाज में कोई परेशानी न हो इसे लेकर कंपनी के प्रतिनिधि लगातार घायल मजदूर के परिजनों के सम्पर्क में रहकर आर्थिक तौर पर मदद कर रहे हैं. ताकि मजदूर ससमय ठीक हो सके.

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता 27 अक्टूबर को होगी

**रांची।** झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन की बैठक आज एचईसी जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम धुर्वा में हुई. बैठक में वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स स्वीडन में भाग लेकर आने वाले खिलाड़ी केके ठाकुर, मधु उरांव, एवं मेरी मुंजनी , अनु सिंह,अशोक महतो,उर्मिला महतो को भव्य स्वागत किया गया.बैठक में सभी प्रतिभागी अपना अपना अनुभव साझा किया . सभी खिलाड़ियों को प्रेरित किया गया. बैठक के दौरान सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि झारखंड मास्टर एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता 27 अक्टूबर को रांची में आयोजित किया जाएगा . इस अवसर पर झारखंड मास्टर एथलेटिक्स के सभी पदाधिकारी लक्ष्मण राम,अध्यक्ष राजकुमार वाल्मीकि, लाइफ प्रेसिडेंट पीसी देवगन, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद साहू आदि शामिल हुए.

## सीएम मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम चार को रांची में

संवाददाता।रांची

- दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के 3 लाख लोग होंगे शामिल
- सीएम लाभुकों को योजना के स्वीकृति पत्र का वितरण करेंगे

राजधानी के नामकुम खोजाटोली आर्मी कैंप स्थित कुटियातू चौक के पास आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम 4 सितंबर को होगा. इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे. मुख्यमंत्री लाभुकों के बीच योजना के स्वीकृति पत्र का वितरण करेंगे.

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में अन्य अतिथियों के साथ प्रमंडल के पांच जिलों रांची, सिमडेगा, गुमला, खूंटी एवं लोहरदगा से लाभुक शामिल होंगे. कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा दिया गया है. कार्यक्रम में पांचों जिलों से तीन लाख से अधिक लाभुक शामिल होंगे.

## केंद्रीय राज्यमंत्री का अभिनंदन करेगा झारखंड नागरिक परिसंघ

संवाददाता।रांची

सात सितम्बर को केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे की रांची यात्रा के दौरान उनका नागरिक अभिनंदन किया जायेगा. इस संदर्भ में आज अशोकनगर में झारखण्ड नागरिक परिसंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया कि केन्द्रीय खनन योजना एवं डिज़ाइन संस्थान (सीएमपीडीआई) के मयूरी प्रेक्षागृह में आयोजित इस अभिनंदन समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जायेगा. शिव शंकर उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में समाजसेवी अखिलेश पाण्डेय को स्वागत समिति का संयोजक चूना गया. आज की बैठक में परिसंघ के सदस्य धर्मेंद्र तिवारी, सुमन सिंह, डॉ. प्रणव कुमार बब्बू, रमेश पुष्कर, संतोष दीपक, आशुतोष पाण्डेय, गोपाल प्रताप सिंह, देवी कुमारी भूमिज सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि झारखण्ड के प्रति समर्पण की दिशा में अपने नीतिगत निर्णय के तहत बैठक की निरंतर जारी रहेगी.

**पहल** रक्तदान शिविर में पांच लोगों ने रक्तदान किया

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 251 लोगों का किया गया उपचार

संवाददाता।रांची

स्वैच्छिक रक्तदान संगठन लहू बोलेगा, रांची ने मशहूर समाज सुधारक,उलेमाओं की सामाजिक कुर्बानियों की याद में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया . रक्तदान-महादान शिविर एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर केनाया बैंकेट हॉल,कांटा टोली लगाया गया. शिविर में बारिश होने पर भी दिनभर लोग आते रहे..निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आंखों के डॉक्टर ने 76 लोगों की जांच की,दांतों की जांच में 75,हॉल बॉडी जांच में 85,चमड़े की जांच में 13 और रक्तदान में पांच लोगों ने रक्तदान किया जबकि 4 लोगों रक्तदान भूखे आने,कम वजन,मौसमी दवा खाने की वजह से नही हुआ.रक्तदाता कमालुद्दीन अंसारी,मो शहज़ाद अलाम,एजाज़ अंसारी,साकिब इक़बाल,मो शादाब ने पहली बार रक्तदान किया.

कांटा टोली के दो नियमित रक्तदाता पनकी खान और शारिम अली को लहू बोलेगा के द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया.रांची के मशहूर समाज सुधारक उलेमाओं की याद में एक महीनें तक विभिन्न जगहों पर विभिन्न कार्यक्रम तय होंगे.कार्यक्रम में सभी उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम पर कहा कि उल्लेमा की याद में जिस तरह का यह कार्यक्रम हो रहा है बेहद सराहनीय और ऐतिहासिक है,जो आज तक ऐसा नही हुआ था,ऐसे अवामी उलेमाओं के लिए सच्ची खिराजे अकीदत (श्रद्धांजलि) होगी.कार्यक्रम में डॉ मौलाना ओबैदुल्लाह क़ासमी साहब के द्वारा सामूहिक दुआओं के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई.कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मौलाना ओबैदुल्लाह क़ासमी और डॉ सयैद इक़बाल हुसैन ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन शिक्षक औरेन्ज़ेब खान ने किया. कार्यक्रम में उल्लेमा डॉ मौलाना ओबैदुल्लाह क़ासमी, मौलाना कारी असजद, अंज़ार अख़्तर (पुत्र,स्वर्गीय मौलाना जमील अख़्तर) मौलाना तहजीबुल हसन, डॉ सयैद इक़बाल हुसैन, डॉ आसिफ़ अहमद, डॉ एम. सिबगतुल्लाह, मुजीब कुरैशी (अध्यक्ष, जमीतुल कुरैश पंचायत झारखंड) शमशाद इमाम टिंकू एवं अफ़सर इमाम संजू (ओनर, केनाया बैंकेट हॉल), अय्यूब राजा खान, मो वसीम खान, रिज़वान खान एवं तौसीफ़ खान (नवनिर्वाचित, पठान तंज़ीम, रांची), शाहिद अय्यूबी (अध्यक्ष, एआईएमआईएम, रांची) मो जावेद (मिल्लत पंचायत), मो इम्तियाज नदीम खान, इंजीनियर शाहनवाज़ अब्बास,डॉ दानिश रहमानी, मो मुर्शिद शामिल थे.




निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लोगों की जांच करते चिकित्सक.

**समक्ष श्री**
**लेख्य प्रमाणक, हजारीबाग**

**शपथ-पत्र**

मैं, **NILAM KUMARI** पति का नाम **MAHENDRA PRASAD,** निवास स्थान- नूतननगर, थाना कोर्रा, जिला हजारीबाग (झारखण्ड) का रहने वाली हूँ। वो शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि :-

1. यह कि मेरे **आधार संख्या 3642 1975 9979** एवं **PAN NO. - BKUPK0854K** में मेरा नाम **NILAM KUMARI** है।
2. यह कि डाकघर बचत खाता, बरकाकाना, हजारीबाग के खाता सं० 1102961 में मेरा नाम **NILAM DEVI** अंकित है।
3. यह कि **NILAM KUMARI** एवं **NILAM DEVI** दोनों नाम एक ही महिला का है जो मैं स्वयं हूँ। मैं दोनों नामों से जानी जाती हूँ।
4. यह कि यह शपथ पत्र मैं डाकघर बचत खाता, बरकाकाना, हजारीबाग के **खाता सं० 1102961** में अपना सही नाम **NILAM KUMARI** दर्ज करने के लिए दे रही हूँ।

**शपथ पत्र संख्या 8332**
**दिनांक 30.08.2024**

# जीडीपी की वृद्धि दर नरम

बड़े-बड़े दावों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था की वास्तविकता को लेकर कई विशेषज्ञ सवाल उठाते रहे हैं. इस तथ्य का रेखांकन भी होता आया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था जीडीपी की वास्तविक दर वास्तव में उतनी है नहीं जिसका दावा किया जाता है. इसके साथ ही जीडीपी देश के गरीब और निम्न मध्य वर्ग के लोगों की जिंदगी की हकीकत को उजागर नहीं कर पाती है. वर्ष 2024-25 के दौरान अब तक अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के पहले आधिकारिक अनुमान के हिसाब से अप्रैल और जून के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वास्तविक वृद्धि दर 6.7 फीसदी रही है, जो पांच-तिमाही में कम और भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से नीचे है. भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले साल की 8.2 फीसदी की वृद्धि के बाद 2024-25 के दौरान जीडीपी में 7.2 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद की थी. लेकिन पहली तिमाही के अपने अनुमान को 7.2 फीसदी से संशोधित करके 7.1 फीसदी कर दिया. वास्तविक आंकड़े निराशाजनक हैं और आर्थिक रफ्तार में स्पष्ट गिरावट का संकेत देते हैं. जीडीपी के बरक्स एक साल तक बढ़ते अंतर के बाद, अर्थव्यवस्था में सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में वृद्धि 6.8 फीसदी से ज्यादा हो गई. इस वित्तीय वर्ष की शुरुआत में प्रमुख उम्मीदें सामान्य मानसून पर निर्भर थीं, जिससे कृषि क्षेत्र का उत्पादन बढ़ेगा तथा मुद्रास्फीति कम होगी और जो पिछले साल देखी गई कमजोर ग्रामीण मांग एवं निजी उपभोग को बढ़ा सकती है. उच्च मांग से निजी कंपनियों की नई क्षमताओं में निवेश करने की प्रवृत्ति बढ़ेगी और विकास को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक खर्च पर दबाव कम होगा. भले ही सरकार अभी भी इस साल पूंजीगत व्यय को 17 फीसदी बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करेगी, जबकि वह मानसून की इस कहानी के खुलकर सामने आने के इंतजार में थी और यह व्यय इस साल की विकास की आकांक्षाओं को रेखांकित करने वाला अन्य स्तंभ है. जैसे हालात हैं, उसमें इस पटकथा के हिसाब से चीजें अभी पूरी तरह से होनी बाकी है. लंबे समय तक खिंच गए आम चुनाव के चलते सार्वजनिक पूंजी व्यय में भारी गिरावट आई है और सरकार को अपने व्यय संबंधी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रयासों को दोगुना करने की जरूरत होगी. अच्छी खबर यह है कि निजी उपभोग व्यय बढ़कर 7.4 फीसदी के छह-तिमाही के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जिसकी आंशिक वजह मुद्रास्फीति में कमी आयी है. लेकिन खाद्य पदार्थों की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं.अधिकांश लोगों को आशंका है कि 2025-26 में विकास दर घटकर 6.5 फीसदी रह जाएगी और मध्यम अवधि की संभावनाएं भी इसी आंकड़े के आसपास रहेगी. यह रफ्तार बेहद धीमी है. जैसा कि आईएमएफ की शीर्ष अधिकारी गीता गोपीनाथ ने हाल ही में बताया है, नीति निर्माताओं को अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं में तत्काल सार्थक सुधार करने और इसके संस्थानों एवं न्यायपालिका की दक्षता में सुधार करने की जरूरत है.

> वर्ष 2024-25 के दौरान अब तक अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के पहले आधिकारिक अनुमान के हिसाब से अप्रैल और जून के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वास्तविक वृद्धि दर 6.7 फीसदी रही है, जो पांच-तिमाही में कम और भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से नीचे है.

## सुभाषित

**खलः सर्षपमात्राणि पराच्छिद्राणि पश्यति ।**
**आत्मनो बिल्वमात्राणि पश्यन्नपि न पश्यति ।।**

दुष्ट मनुष्य की यही प्रकृति होती है कि उसे दूसरों का सरसों जैसा दोष भी बहुत बड़ा होकर दिखायी पड़ने लगता है, लेकिन अपने भीतर बेल के फल के समान बड़ा दोष भी दिखायी नहीं पड़ता. अर्थात दुष्टों को हमेशा दूसरों के भीतर के दोष अधिक दिखाई देते हैं. परंतु स्वयं के अंदर कोई दोष नहीं दिखाई देता है.

# राहुल गांधी ही तय कर रहे नए नैरेटिव

**लगता है कांग्रेस नेता जैसे राहुल गांधी ने जातीय जनगणना के मामले में यूरेका मोमेंट पा लिया हो और कांग्रेस के वोटर से सीधे संवाद करने लगे हों. भाजपा के तीखे हमलों से बिलकुल बेअसर और बेपरवाह राहुल गांधी धुन के पक्के तेज कदमों से अपने रास्ते पर बढ़ते चले जा रहे हैं. भाजपा कितना भी मजाक उड़ाए, राहुल गांधी पर उसका कोई असर दिखाई पड़नेवाला नहीं है. अब उस पर भारी पड़ने लगे हैं.**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

मंडल बनाम कमंडल की लड़ाई में भी इस सवाल का जवाब ढूंढने की कोशिश हो चुकी है. बारी बारी दोनों के पक्ष में जवाब मिल चुके हैं - और एक जवाब तो यही है कि न मंडल, न कमंडल ये वक्त ही तय करता है कि हाथी नाव पर होगा, या नाव हाथी को नदी पार कराएगी. बीते एक दशक से भारतीय राजनीति में धर्म का ही बोलबाला महसूस किया गया, लेकिन अब वही राजनीति जाति की तरफ जाती हुई दिख रही है. भाजपा के लिए यह बहुत ज्यादा परेशान करने वाली बात है. तभी तो आरएसएस ने अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़ाव बनाये रखने के लिए धार्मिक सम्मेलन का प्लान किया है. और यह बीड़ा थमाया गया है सबसे विश्वसनीय संगठन विश्व हिंदू परिषद को. वही विहिप जिसने हिंदुत्व की राजनीति को ऐसी धार दी कि भाजपा सहयोगी दलों के साथ केंद्र सत्ता से बाहर होने के बाद फिर से काबिज हो गई, लेकिन अयोध्या में राम मंदिर बनते ही, हालत यह हो गई, जिसकी उस खेमे में कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी - लोकसभा चुनाव में भाजपा अयोध्या ही हार गई. भाजपा को अयोध्या हराने वाले इंडिया ब्लॉक की असली ताकत राहुल गांधी को तभी महसूस हुई जब 4 जून, 2024 को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए और फिर वे सारी भूल-चूक-लेनी-देनी को दरकिनार कर मिशन को पूरा करने निकल पड़े हैं.

बीते एक दशक में भाजपा ने राहुल गांधी का जीना हराम कर रखा था, यह तो पूरा गांधी परिवार मानता है. 2014 में कांग्रेस के हाथ से सत्ता फिसल जाने के बाद राहुल गांधी को वे सारे दिन और रातें भी देखनी पड़ीं, जिनके बारे में कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा. मां सोनिया गांधी के साथ कोर्ट में जाकर जमानत कराने से लेकर, ईडी के दफ्तर जाकर अफसरों के सामने पूछताछ के लिए पेश होने तक. कुछ देर के लिए तो गिरफ्तारी तक का खतरा भी मंडराने लगा था. राहुल लगे रहे. अपने हिसाब से अपनी लड़ाई लड़ते रहे. एक एक करके सारे ही हथियार नाकाम होते जा रहे थे, लेकिन बंदा चलता रहा. लंबी भारत जोड़ो यात्रा के बाद, एक और न्याय यात्रा भी पूरी की. तब भी, जब ज्यादातर गठबंधन साथी नाराज हो गये. नीतीश कुमार ने तो साथ ही छोड़ दिया. ब्यूटी कॉन्टेस्ट में राहुल के जातीय ऐंगल खोजने को लेकर भाजपा नेता मजाक उड़ा रहे हैं. पप्पू वाली बातें बालक बुद्धि पर आ चुकी हैं, लेकिन राहुल गांधी को अब ऐसी बातों से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है. बिलकुल वैसे ही जैसे संसद में अनुराग ठाकुर की बातों से बेअसर रहे थे. अनुराग ठाकुर का कहना था, जिनकी जाति का कुछ पता ही नहीं है, वे भी जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं. राहुल गांधी जातीय राजनीति के असर को जो दूर तक देख चुके हैं. प्रयागराज में संविधान का सम्मान और उसकी रक्षा कार्यक्रम में हिस्सा लेते वक्त राहुल गांधी सवाल उठाते हैं, मैंने मिस इंडिया की लिस्ट चेक की... इसमें कोई दलित, आदिवासी या ओबीसी महिला नहीं थी... प्रधानमंत्री कहते हैं कि देश सुपर पावर बन गया... कैसे सुपर पावर बन जाएगा, जब 90 फीसदी लोग सिस्टम से बाहर बैठे हैं.

यह बात राहुल गांधी ने कोई पहली बार नहीं कही है. संसद का विशेष सत्र बुलाकर जब महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया था, तब भी राहुल गांधी ने ऐसी बातें की थी. राहुल गांधी ने तब केंद्र सरकार में तैनात ओबीसी सचिवों की संख्या का मुद्दा उठाया था - और वैसे ही बजट सत्र में हलवा बनाये जाने को लेकर भी सवाल खड़ा किया था. राहुल गांधी की मंशा तो भाजपा के रणनीतिकारों और सलाहकारों को तभी समझ लेनी चाहिये थी, जब राहुल गांधी महिला आरक्षण के मामले में अपने ही पुराने स्टैंड से यू-टर्न ले लिया था. जिस मुद्दे पर मुलायम सिंह यादव और लालू यादव की पार्टियों के विरोध के चलते कांग्रेस चाह कर भी महिला बिल नहीं पास करा सकी, उसी मुद्दे पर खुद राजी ही नहीं हुई, बल्कि ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की मांग नये सिरे से शुरू हो गई. भाजपा को ये बिलकुल नहीं भूलना चाहिए कि जातीय जनगणना के मुद्दे पर उसके एनडीए साथी चिराग पासवान और नीतीश कुमार भी राहुल गांधी के साथ ही खड़े नजर आ रहे हैं. भाजपा कैसे भूल जाती है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत के आरक्षण को लेकर एक बयान से 2015 के बिहार में हार का मुंह देखना पड़ा था. और 2024 के लोकसभा चुनाव में भी तो भाजपा के खिलाफ संविधान बदल कर आरक्षण खत्म करने की आशंका वाला नैरेटिव चला ही दिया और भाजपा को यूपी में 33 सीटों पर सिमट जाना पड़ा. बता दें कि राहुल गांधी की जातीय राजनीति के निशाने सिर्फ बीजेपी नहीं है, बल्कि वे सारे ही राजनीतिक दल हैं जिनकी कास्ट वोट बैंक से ही डायनेस्टी पॉलिटिक्स चलती है. अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव के साथ साथ चिराग पासवान के भी सुर में सुर मिलाने की सबसे बड़ी वजह भी यही है. जब कांग्रेस में संगठन का चुनाव चल रहा था, तो शशि थरूर ने मल्लिकार्जुन खरगे को चैलेंज किया था. वे चुनाव तो हार गये, लेकिन शशि थरूर ने तब एक बहुत बड़ी बात कही थी. शशि थरूर का कहना था कि कांग्रेस को अपने कोर वोट बैंक के पास जाना चाहिए और रूठे हुए को मना कर वापस लाना चाहिए. हो सकता है तब शशि थरूर की बातों को अन्य कांग्रेस नेताओं ने हवा में उड़ा दिया हो, लेकिन राहुल गांधी के मिशन में तो लगता है कि शशि थरूर के सुझाव को गंभीरता से लिया गया है. राहुल गांधी का मिस इंडिया के मामले में भी जातीय ऐंगल ढूंढ लेना यूं ही नहीं है. राहुल गांधी अपने वोटर तक अपना संदेश अच्छी तरह पहुंचा रहे हैं और राहुल का वोटर धीरे धीरे मानने लगा है कि कोई तो है जो उनकी बात उठा रहा है. बिहार की राजनीति में लालू यादव को सोशल जस्टिस का पुरोधा माना जाता है. जैसे बिहार में राजद का वोटर कहता है कि सड़कें भले न बनवाई हो, विकास भले न किया हो लेकिन लालू यादव ने समाज में वंचित तबके को जो इज्जत दिलाई है, वह सबसे बड़ी बात है.

**(ये लेखक के अपने विचार हैं.)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## जीवन की सार्थकता

प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने तरीके से जीवन को सार्थक बनाना चाहता है. यह बात अलग है कि उसका जो भी तरीका है, उससे जीवन सार्थक होता है या नहीं? प्रायः बहिर्मुख-मानव भोग-उपभोग की विपुलता में ऐन्द्रियिक विषयों के सेवन में ही मानव-जीवन की सार्थकता देखता है, किन्तु अन्तर्मुख मानव इन भोगोपभोग में जीवन का दुरुपयोग देखता है और उदारता, दान, दया, परोपकार आदि उदात्त भावों के सेवन में जीवन का सदुपयोग अनुभव करता है. वस्तुतः मनुष्य जीवन की सार्थकता अपने जीवन को सु-संस्कृत, परिष्कृत, विशुद्ध और परिमार्जित करने में है. इन्हीं प्रयत्नों की परम्परा में मन, वचन और काया से ज्ञान दर्शन चरित्र की आराधना ही प्रमुख है. मानव जीवन की सार्थकता-सफलता जीवन मूल्यों को उन्नत और उत्तम बनाने में है. समस्या यहां अपेक्षा ही बन जाती है. सादा जीवन उच्च विचार जिस पीढी का सिद्धान्त है उसे स्वयंमेव निस्वार्थ पालन करना चाहिए न कि मात्र अगली पीढी से पालन करवाने के लिए ही तत्पर रहना चाहिए. चरित्र स्वयं श्रेष्ठ उदाहरण होता है. अगली पीढी वहीं से सबक ग्रहण करती है. कोरे उपदेशों से नहीं. उत्तम वस्तु तो अन्ततः स्वीकार की जाती है. और मानवीय स्वभाव व्यक्तिगत होता है. जब भी परिवर्तन के योग्य काल एवं परिस्थिति अनुकूल बनती है. परिवर्तन अवश्य आता है. नई पीढी तक संस्कृति की बस जानकारी पहुंचनी चाहिए, फोर्स कदापि नहीं. अन्ततः उम्मीद सफल होती ही है कि मानव जीवन की सार्थकता-सफलता जीवन मूल्यों को उन्नत और उत्तम बनाने में है. बचपन में हर व्यक्ति प्राकृतिक तौर पर 'बहिर्मुखी' होता है और आयु के साथ वह 'अंतर्मुखी' अधिक हो जाता है, जिस आधार पर अब कह सकता हूं कि मानव जीवन आकाश में उडती रंग-बिरंगी पतंगों के समान समझा जा सकता है, जिसकी डोर विभिन्न पतंग उड़ाने वालों के हाथ में होती प्रतीत होती है, जो शायद प्रतिबिंबित करता है कि 'हमारी' सबकी डोर वास्तव में किसी अदृश्य शक्ति के हाथ में है... किन्तु अज्ञानतावश, द्वैतवाद के कारण, 'करूं/न करूं' वाली स्थिति छोटे से छोटे विषय पर भी बन जाती है. इसलिए मन रूपी घोड़े की लगाम खींच लेनी पड़ती है. फव्वारे के मुंह पर डाट लगानी पड़ती है. तभी सिद्धांत को व्यावहारिक रूप देना संभव हो पाता है.

# किसान को सुनिश्चित कीमत क्यों नहीं

• विमर्श

देविंदर शर्मा

इसे 'पेंशन सुधार' बताया जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) सरकारी कर्मचारियों के लिए सम्मान और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है. उन्होंने कहा 'हमें उन सभी सरकारी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत पर गर्व है जो राष्ट्रीय प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं.' वास्तव में, यूपीएस, जो प्राप्त अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन का आश्वासन देता है – स्वीकारोक्ति है कि पहले वाली और बाजार नीत महंगाई से जुड़ी न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) सरकारी कर्मचारियों के लिए कारगर नहीं रही. सरकारी कर्मचारियों के लिए 'परिभाषित लाभ' सुनिश्चित करने के लिए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पेंशन योजना में बदलाव किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बाजार नीत अत्याचार (महंगाई) का सामना न करना पड़े. हालांकि, प्रधानमंत्री ने कई मौकों पर देश के किसानों की सराहना की है और अकसर कृषक समुदाय द्वारा प्रदर्शित लचीलेपन की प्रशंसा की है, लेकिन लंबे वक्त से चली आ रही गारंटीशुदा कीमत की मांग पर विचार करने में कोई भी इच्छुक नहीं है. अगर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बाजार नीत महंगाई से निपटना मुश्किल हो रहा है, तो स्पष्ट कर दें कि बाजार नीत महंगाई किसान के लिए भी उतनी ही बड़ी समस्या है. अगर कर्मचारियों को एक सुनिश्चित पेंशन की जरूरत पड़ती है, तो किसान को भी सुनिश्चित कीमत की जरूरत है. दुनिया में कहीं भी बाजार ने किसानों के लिए उच्च आय सुनिश्चित नहीं की है. प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में, या तो सब्सिडी देकर आय में घाटे की भरपाई की जाती है (चीन कृषि सब्सिडी प्रदान करने में शीर्ष पर उभरा है) या फिर कृषि को अपनी सुविधानुसार बाजार की ताकतों के रहमो-करम पर छोड़ दिया जाता है. मसलन, भारत में.जैसा कि कुछ अध्ययनों से पता चला है, निष्कर्ष केवल यह है कि भारतीय किसान आय पिरामिड के निचले स्तर पर है, बल्कि पिछले लगभग 25 वर्षों से वे हर साल घाटा उठा रहे हैं. किसानों को कभी खत्म न होने वाली गरीबी से बाहर निकालने का एकमात्र कारगर ढंग है कृषि कीमतों की गारंटी कानूनी रूप से बाध्यकारी तंत्र बनाकर सुनिश्चित करना. परंतु इसकी परवाह न करते हुए, एनडीए सरकार ने कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट में पेश एक शपथपत्र में कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी देने वाला कानून बाजार में 'बिगाड़ ला देगा'. अजीब बात यह है कि जब किसानों की बात आती है तो नीति निर्माता 'बाजार में बिगाड़' का वास्ता देकर और सुनिश्चित कृषि कीमतों से महंगाई पर आगे असर का हौवा खड़ा कर देते हैं. कर्मचारियों के मामले में सुनिश्चित पेंशन से किसी को कोई दिक्कत नहीं है, उनके मामले में, 'बाजार में बिगाड़' का डर अचानक गायब हो जाता है. जब मुख्यधारा के अर्थशास्त्री मानते हैं कि कानूनन एमएसपी से उपभोक्ता कीमतें बढ़ेंगी और इस तरह 'बाजार में बिगाड़' होगा, तो वास्तव में, यह कॉर्पोरेट मुनाफे को कम करता है और इसीलिए हो-हल्ला मचता है. अजीब बात यह है कि मुक्त बाजार के हामी इन अर्थशास्त्रियों की यही नस्ल तब चुप रहती है जब अमेरिका में कॉर्पोरेट अपने उत्पाद की 'मूल्य वृद्धि' करते हैं – उपभोक्ताओं को नोच खाने के लिए कीमतों में बेजा बढ़ोतरी करते हैं. वास्तव में यह मूल्य विकृति है. अमेरिका में पहले से ही, कैलिफोर्निया, फ्लोरिडा और न्यूयॉर्क सहित 38 राज्यों ने ऐसे कानून बनाए हैं, जो इस चलन को प्रतिबंधित करते हैं. उदाहरणार्थ, न्यूयॉर्क राज्य ने उन कंपनियों के खिलाफ़ कदम उठाया, जिन्होंने महामारी के दौरान हैंड सैनिटाइज़र की कीमतों में 400 प्रतिशत की वृद्धि की थी. और फिर भी, कई बाजार अर्थशास्त्री साफ नज़र आने वाली ऐसी बाजार विकृतियों पर अंकुश लगाने के उपायों को सोवियत शैली के मूल्य नियंत्रण की ओर वापसी करार देते हैं. बाजार के पक्ष में यह पूर्वाग्रह तब पैदा होता है जब किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की बारी आए, लेकिन तब नहीं जब कॉर्पोरेट ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए कीमतें बढ़ाते हैं. 'बाजार विकृति' पर यह दोगलापन किसानों को जीवनयापन की आय प्रदान करने की राह में अड़चन है. निःसंदेह, किसानों को देय सुनिश्चित कीमत के अनुसार बाज़ार अपने आप समायोजित हो जाएंगे. सोयाबीन की मौजूदा कीमतें 12 साल पहले के स्तर पर आ गई हैं, लेकिन कृषि पर निर्भर आजीविका के विनाश ने लाखों सोयाबीन किसानों को गुस्से से भर दिया है.

**(ये लेखक के अपने विचार हैं.)**

> अगर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बाजार नीत महंगाई से निपटना मुश्किल हो रहा है, तो स्पष्ट कर दें कि बाजार नीत महंगाई किसान के लिए भी उतनी ही बड़ी समस्या है. अगर कर्मचारियों को एक सुनिश्चित पेंशन की जरूरत पड़ती है, तो किसान को भी सुनिश्चित कीमत की जरूरत है. दुनिया में कहीं भी बाजार ने किसानों के लिए उच्च आय सुनिश्चित नहीं की है.

# क्या संभव है सुनीता की वापसी?

• सामयिकी

अरुण नैथानी

दुनिया भर के भारतीय एक बार फिर भारतवंशी बेटी सुनीता विलियम्स के लिए फिक्रमंद हैं. दरअसल, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में शोध-अनुसंधान के लिए गई सुनीता के लिए अपने एक सहयोगी के साथ निर्धारित समय पर लौट पाना मुश्किल हो रहा है. वे बोइंग के जिस अंतरिक्ष विमान स्टारलाइनर से गए थे, उसमें कई तरह की तकनीकी खामियां आ गई हैं. अमेरिकी अंतरिक्ष संगठन नासा अपने अंतरिक्ष यात्रियों की जान को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाह रहा है. दो बेहद अनुभवी व प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्रियों की बेशकीमती जिंदगियों का प्रश्न तो है ही, लेकिन मिशन की असफलता से सुपरपावर की साख को जो झटका लगेगा, उसकी बड़ी कीमत होगी. वह भी तब जब उसके नंबर वन के ओहदे को चुनौती देने वाला चीन अंतरिक्ष अभियान में नित नई सफलताएं हासिल करता ही जा रहा है. मगर भारतीयों के लिए अपनी बेटी की सुरक्षा की चिंता है. उसके दिल में भारत की एक होनहार बेटी कल्पना चावला को खोने के जख्म अभी तक हरे हैं. हरियाणा की इस लाडली को खोने का गम देश अभी तक नहीं भुला पाया है. बहरहाल, अब अमेरिका से छनकर आ रही खबरें बताती हैं कि जो सुनीता विलियम्स आठ दिन के लिए अंतरिक्ष मिशन पर गयी थीं, उसे अब आठ महीने अंतरिक्ष में गुजारने होंगे. निस्संदेह, किसी व्यक्ति के अंतरिक्ष में इस तरह की अनिश्चितताओं में फंसना एक बड़ी चिंता का सबब होता है. लेकिन सुनीता बड़ी दिलेर अंतरिक्ष यात्री हैं. एक लड़ाकू हेलीकॉप्टर की चालक रही सुनीता की उपलब्धियों ने ही उसे अंतरिक्ष मिशन तक पहुंचाया है. यह उसका तीसरा अंतरिक्ष मिशन है. पूरी दुनिया ने उस वीडियो क्लिप को देखा था, जिसमें वह स्टारलाइनर अंतरिक्ष विमान से निकलकर बहुत ही गर्मजोशी से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने सहयोगियों से मिली थीं. नये उत्साह व उमंग के साथ. निश्चित रूप से अंतरिक्ष यात्री कड़े प्रशिक्षण व मजबूत मानसिक तैयारी के बाद ही अंतरिक्ष मिशन में जुड़ते हैं. यूं तो जोखिम सड़क पर पैदल चलने वाले व्यक्ति के जीवन में भी कम नहीं होते हैं, लेकिन अंतरिक्ष यात्री के जीवन के जोखिम हर पल नजर आते हैं. दरअसल, बोइंग का स्टारलाइनर अंतरिक्ष विमान जब अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के करीब पहुंचा तो उसमें बड़ी तकनीकी खामियां आ गई थी. उसके वे पांच थ्रस्टर्श बंद हो गए थे, जो यान की दिशा निर्धारित करते हैं. कालांतर में उसकी हीलियम गैस भी खत्म हो गई. फलतः उसे वैकल्पिक ईंधन पर निर्भर होना पड़ा. नासा ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने वाली व्यावसायिक उड़ानों के लिए बोइंग व स्पेस एक्स के साथ अरबों डॉलर के करार किये हैं. अब तक नौ मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियानों को अंजाम देने वाले स्पेस एक्स को सुनीता विलियम्स व बैरी बुच विल्मोर को वापस धरती पर लाने का जिम्मा सौंपा गया है. नासा ने अंतरिक्ष अभियान के तमाम जोखिमों का अध्ययन करने के बाद यह फैसला लिया है. बहरहाल, नासा ने फैसला किया है कि सुनीता व विल्मोर को फरवरी, 2025 तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में ही रहना पड़ेगा. इसके बाद वे स्पेस-एक्स क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस लौट सकेंगे. जिसमें दो अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे और वापसी में सुनीता और विल्मोर उससे लौटेंगे. इन परिस्थितियों को स्वीकार करते हुए 58 वर्षीय सुनीता के हौसले बुलंद हैं. अगले छह माह तक का उनका कार्यक्रम निर्धारित हो गया है. इस बीच वह स्टेशन पर वैज्ञानिक कार्यों के अलावा यान की मरम्मत तथा स्पेस वॉक भी करेंगी. इस घटनाक्रम से बोइंग के अभियान को लेकर भी सवाल उठे हैं. कहा जा रहा है कि शुरुआती दौर में हीलियम रिसाव के संकेत मिले थे. विगत में भी बोइंग के कई अंतरिक्ष मिशनों का प्रदर्शन आशा के अनुरूप नहीं रहा है. लेकिन वहीं दूसरी ओर बोइंग की प्रतिद्वंद्वी एलन मस्क की स्पेसएक्स ने पिछले कुछ वर्षों में खासी उपलब्धियां हासिल की हैं. चार साल पहले ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचा चुका है और अंतरिक्ष यात्रियों व सामान को ले जाने व लाने का काम करता रहा है.

**(ये लेखक के अपने विचार हैं.)**

> जो सुनीता विलियम्स आठ दिन के लिए अंतरिक्ष मिशन पर गयी थीं, उसे अब आठ महीने अंतरिक्ष में गुजारने होंगे. निस्संदेह, किसी व्यक्ति के अंतरिक्ष में इस तरह की अनिश्चितताओं में फंसना एक बड़ी चिंता का सबब होता है. लेकिन सुनीता बड़ी दिलेर अंतरिक्ष यात्री हैं. एक लड़ाकू हेलीकॉप्टर की चालक रही सुनीता की उपलब्धियों ने ही उसे अंतरिक्ष मिशन तक पहुंचाया है. यह उसका तीसरा अंतरिक्ष मिशन है.

## मीडिया में अन्यत्र

# जानलेवा प्रदूषण में आई है गिरावट

**यह** खबर उत्साहवर्धक है कि भारत में सूक्ष्म कणों से पैदा होने वाले जानलेवा प्रदूषण में गिरावट आई है. लेकिन अभी जीवन प्रत्याशा घटाने वाले प्रदूषण को लेकर जारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है. यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की हालिया वार्षिक रिपोर्ट 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक-2024' बताती है कि भारत में साल 2021 की तुलना में 2022 के वायु प्रदूषण में 19.3 फीसदी की कमी आई है. हालांकि, यह उपलब्धि मौजूदा हालात में बहुत बड़ी तो नहीं कही जा सकती है, लेकिन यह बात उत्साहवर्धक है कि प्रत्येक भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इक्यावन दिनों की वृद्धि हुई है. हालांकि, हम अभी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों की कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं, लेकिन एक विश्वास जगा है कि युद्ध स्तर पर प्रयासों से भयावह प्रदूषण के खिलाफ किसी हद तक जंग जीती भी जा सकती है. लेकिन इसके साथ ही 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक-2024' में यह भी चेताया गया है कि यदि भारत में डब्ल्यूएचओ के वार्षिक पीएम 2.5 के सांद्रता मानक के लक्ष्य पूरे नहीं होते तो भारतीयों की जीवन प्रत्याशा में करीब साढ़े तीन साल की कमी आने की आशंका पैदा हो सकती है. दरअसल, पीएम-2.5 हवा में विद्यमान ऐसे सूक्ष्म कण होते हैं, जो हमारे श्वसनतंत्र पर घातक प्रभाव डालते हैं. उल्लेखनीय है कि एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेखित प्रदूषण में आई गिरावट की वजह अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियां बतायी गई हैं. हालांकि, हकीकत यह भी है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए चलायी जा रही कई योजनाओं के सकारात्मक परिणामों का भी इसमें योगदान रहा है. खासकर भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत जिन शहरों को शामिल किया गया था, वहां भी पीएम-2.5 सांद्रता में गिरावट देखी गई है. वहीं स्वच्छ ईंधन कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव प्रदूषण नियंत्रण पर नजर आया है. इससे भारत के रिहाइशी इलाकों में कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिली है. ऐसी योजनाओं को पूरे देश में लागू करने का सुझाव भी दिया गया है. बहरहाल, हमें वर्ष 2022 के उत्साहजनक परिणामों के सामने आने के बाद व्यापक लक्ष्यों के प्रति उदासीन नहीं होना है. यह एक लंबी लड़ाई है और इसमें सरकार व समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है. **(द ट्रिब्यून)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### जुग/युग

**सुप्रसिद्ध** लोक गायिका शारदा सिन्हा की आवाज में यह सोहर लोकप्रियता के शिखर पर रहा है-जुग जुग जियसु ललनवा, भवनवा के भाग जागल हो. ललना लाल होइहे, कुलवा के दीपक मनवा में आस लागल हो. इस सोहर में जुग शब्द का प्रयोग हुआ है. यह हिंदी के तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द युग के पर्याय के रूप में भोजपुरी भाषा में प्रयोग में आता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश में जुग का मतलब जोड़ा, युग्म, चौसर के खेल में दो गोटियों का एक ही घर में बैठ जाना, ताने के सूत को अलग-अलग रखने के लिए करघो में प्रयुक्त होनेवाला डोरा, पीढ़ी और पुश्त बताया गया है. जुग शब्द से अनेक शब्द बनते हैं. जैसे जुगजुगाना मतलब रुक-रुक कर चमकना, टिमटिमाना, अपना अस्तित्व दिखाना, हीन दशा से उबरना. जुगत यानी किसी काम को करने की तरकीब, युक्ति, उपाय, तदबीर. जुगनूं से तो आप भली-भांति परिचित हैं, जिसका पिछला भाग रात्रि में चमकता है. बहुत सारे लोग जुगाड़ बैठाने में माहिर होते हैं तो भैंसें जुगाली करती हैं. युग शब्द का सटीक प्रयोग हरिवंश राय बच्चन की इस कविता में देखा जा सकता है-युग के युवा मत देख दायें और बायें, झांक मत बगलें, तुम्हें कुछ देखना है देख अपने वे बृषभ कंधे, जिन्हें देता चुनौती सामने तेरे पड़ा युग का जुआ, युग के युवा. इस कविता में युग शब्द का प्रमुख अर्थ जमाना, दौर, समय है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार युग का अर्थ है इतिहास का वह लंबा कालखंड, जिसमें एक प्रकार की कार्य, घटनाएं आदि होती रहती हों, काल-अवधि. पुराणों के अनुसार काल गणना के विचार से कल्प के चार उपविभागों में से एक. जैसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर युग तथा कलियुग. बारह वर्ष के कालखंड को भी युग कहा जाता है. वैसे युग के अर्थ के सबसे निकट अर्थ कालखंड ही है. जैसे पाषाण युग, लौह युग आदि. साहित्य के कालखंड को भी युग कहा जाता है, जैसे भक्ति युग, रीति युग, भारतेंदु युग, प्रेमचंद युग आदि.

# कहां से लायें जुमलेबाजों की चतुराई!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



किसी को जुबान देना वादा करना है. किन्तु वादे तोड़े जा सकते हैं. कुछ का तो यहां तक कहना है कि वादे तोड़ने के लिए ही किए जाते हैं. लेकिन वादा करना और जुबान देने में फर्क है. जुबान तोडी नहीं जा सकती. उसे तोड़ ही नहीं सकते. अगर वादा तोड़ा नहीं गया तो समझिए जुबान दी गई थी. जुबान देना कोई साधारण वादा नहीं है. यह 'वचन' है. प्राण जाएं पर वचन न जाई ! आखिर जुबान दी गई है ! निभाना ही होगा. ज़बान से जो भी बोला जाता है, सामान्यतः वाक्यों में ढल कर आता है. वाक्य को उर्दू में जुमला भी कहते हैं. लेकिन कई बार जुमले निरर्थक होते हैं और वे केवल "जुमले" बन कर रह जाते हैं. बेमतलब कि बेईमान वाक्य, झूठे वादों की तरह, महज़ 'जुमले' होते हैं. धोखा देने के लिए बोले जाते हैं. बहलाने और बरगलाने के लिए बोले जाते हैं. चुनाव के वक्त नेताओं के बड़े-बड़े बोल, बेचते समय अपने माल की झूठी-सच्ची तारीफ़, अपनी उपलब्धियों का बढ़ा चढ़ा कर गान - ये सब काफी-कुछ 'जुमले' भर होते हैं. इनमें सच्चाई कम ही होती है. अतिशयोक्ति अधिक होती है. लेकिन लोग धोखा खा जाते हैं. धोखा देने के लिए ही तो वे बोले जाते हैं. वरना जुमले बोले ही क्यों जाएं ! जुबान तो जुबान है. बोलने के लिए बनी है. उससे आप कुछ भी बोलें. अच्छा बोलें, बुरा बोलें. झूठ बोलें, सच बोलें. मीठा बोलें, कड़ुवा बोलें. यह आप पर निर्भर करता है. ज़बान तो सिर्फ एक शस्त्र है. इसे कैसे भी चलाएं. ज़बान को तो बस चलाना-भर है. ज़बान सार्थक/निरर्थक कुछ भी बोल सकती है. वह सार्थक बात भी कर सकती है और 'जुमले' भी बोल सकती है. ज़बान और जुमलों का बड़ा घनिष्ट सम्बन्ध है. लेकिन यह एक उभय-मुखी, दोहरी वृत्ति का, दुविधा में डालने वाला सम्बन्ध है. 'जुमले' भी आखिर बोले तो जुबान से ही जाते हैं. लेकिन जुमले जुबान नहीं देते. कोई वादा नहीं करते कि जिसे निभाया जा सके. वे सार्थकता का केवल आभास भर देते हैं. वे सच को न केवल विकृत करते हैं बल्कि उसे ढंक भी देते हैं. माया का यही तो काम है. जुमलों की अपनी ही माया होती है. शास्त्रार्थ करने की मुझमें योग्यता नहीं है और न ही शस्त्र चलाने की हिम्मत. ऐसे में क्या किया जाए ? एक ही सहारा है. जुमलेबाजी पर उतर आना. कभी कभी यह जुअलेबाज़ी खूब काम करती है और आप इससे अपना काम निकाल लेते हैं. कभी यह असफल भी हो जाए तो भी आपका कुछ बिगड़ता नहीं, आप जहां के तहां बने रहते हैं.

# धर्म अध्यात्म

## गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रथम प्रकाशोत्सव (4 सितंबर 2024) पर विशेष

# धर्म निरपेक्ष गुरु ग्रंथ साहिब जी



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

**गुरु ग्रंथ साहिब जी सिखों का धार्मिक ग्रंथ होने के साथ वर्तमान में सिखों के लिए गुरु पद से सुशोभित है. दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी ने गुरु परंपरा को समाप्त करते हुए गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेक कर इसे गुरु मानने की आज्ञा दी.**

आज्ञा भयी अकाल की तभी चलायो पंथ।
सब सिखन को हुक्म है गुरु मानयो ग्रंथ।।
गुरु ग्रंथ को मानयो प्रगट गुराँ की देह।
जो प्रभु को मिलबो चहै खोज शबद में लेहि।।

उन्होंने कहा कि यह ईश्वर का आदेश है कि अब शरीर धारी गुरु परंपरा को समाप्त कर ₹ गुरु ग्रंथ साहिब₹को गुरु माना जाए. इसे एक पवित्र शरीर मानते हुए इसमें दर्ज वाणी और शब्दों को गुरु रूप में सम्मान देते हुए उनके अनुसार आचरण करें. ईश्वर को पाने की राह भी इसी में से प्राप्त होती है.

### ऐसे तैयार हुआ गुरु ग्रंथ साहिब

गुरुओं की बिखरी हुई वाणी को गुरु अर्जुन देव जी ने एकत्रित किया और गुरु जी के अनन्य भक्त भाई गुरदास जी से अमृतसर में बैठ कर लिखवाया. गुरुओं की वाणी के अलावा विभिन्न जाति, धर्म, संप्रदाय के अन्य 36 भक्तों, संतों, महापुरुषों आदि की वाणी को भी इसमें सम्मान पूर्वक स्थान दिया और भविष्य में इस ग्रंथ में लिखित सामग्री को बढ़ाने या घटाने की मनाही कर दी. सन् 1604 ई में अमृतसर में इसका पहला प्रकाश किया गया और ₹बाबा बुड्ढा जी₹ को प्रथम ग्रंथी नियुक्त किया गया. इस ग्रंथ ने न सिर्फ गुरुओं की और अन्य संतों की वाणी को बचाया बल्कि धर्म की रक्षा भी की.

### यह है खासियत

गुरु ग्रंथ साहिब में 1430 पृष्ठ हैं. अनेक महापुरुषों एवं भक्तों की वाणी का संकलन होने के कारण अनेक भाषाओं का सम्मिश्रण मिलता है. इसमें भक्त रविदास और भक्त कबीर जी के संस्कृत और फारसी युक्त हिंदी शब्द भी हैं. तथा गीत- गोविंद के रचयिता बंगाल निवासी विद्वान जयदेव जी की शुद्ध संस्कृत एवं बंगला युक्त भी...

"प्रसाद पुरख मनोपिमं सत आदि आवर्तम्।
प्रमाद भूतम् प्रकृति परम जतिचिंत सर्वगतम्।।

उत्तर में शेख फरीद की पंजाबी से लेकर दक्षिण में महाराष्ट्र निवासी नामदेव और त्रिलोचन की मराठी शब्दावली भी है

इबै बीठल (कृष्ण) ,ऊबै बीठल,
बीठल बिन संसार नहीं।।

गुरु ग्रंथ साहिब में विभिन्न भक्तों के साथ सिर्फ छः गुरुओं की वाणी है. गुरु नानक देव जी, गुरु अंगद देव जी, गुरु अमरदास जी, गुरु रामदास जी एवं गुरु तेग बहादुर जी. गुरु गोविंद सिंह जी की संपूर्ण वाणी अलग ग्रंथ "दशम ग्रन्थ" में संकलित है.

इस तरह भिन्न धर्मों, क्षेत्रों से संबंधित भक्तों की वाणी को इस ग्रंथ में संकलित कर, सभी को गुरु पद का भागीदार बनाकर सबके समक्ष शीश झुकाना, इस ग्रंथ को विलक्षणता प्रदान करने के साथ धर्मनिरपेक्ष भी बनाता है. गुरु ग्रंथ साहिब जी की रचना सांगीतिक एवं साहित्यिक रूप से प्रस्तुत की गई है. इसमें जीवन सिद्धांत एवं कला को बड़ी खूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया गया है. इसकी भाषा शैली, अलंकार - माला , विषय - वस्तु इत्यादि अत्यंत आकर्षक हैं.



### हर संस्कार, त्यौहार की अलग वाणी

गुरु ग्रंथ साहिब एक आकार नहीं बल्कि एक उपदेश है, संदेश है और सदविचार है. यह संपूर्ण मानवता को "एक पिता एकस के हम बारक" का संदेश देता है. गुरुद्वारे में प्रत्येक भोर में इसका विधिवत प्रकाश होता है और रात में सुखासन किया जाता है, जिसके लिए एक अलग कमरे में स्वच्छ आसन पर विराजमान किया जाता है. अलग -अलग समय, रीति-रिवाज, जन्म, मरण, दुख-सुख, बारह मास, अमावस्या, पूर्णिमा, संक्रांति, शादी संस्कार आदि सभी के लिए विशेष वाणी तय है. सिख समाज की शादियां भी गुरु ग्रंथ साहिब जी के चारों ओर चार फेरों के साथ संपन्न होती हैं. उन चार फेरों को "चार लांवां" कहा जाता है. ये चार लांवां गुरु ग्रंथ साहिब जी से पढ़ते हुए इनके चारों ओर फेरे लेते हुए पूरी की जाती हैं.

### ये हो सकते ग्रंथी

गुरुद्वारे में गुरु ग्रंथ साहिब की सुरक्षा, पाठन, भजन, कीर्तन आदि के लिए तनख्वाह पर ग्रंथी नियुक्त किया जाता है. अन्य कर्मचारी भी नियुक्त किए जाते हैं. लेकिन गुरु ग्रंथ साहिब को किसी भी जाति, धर्म, वर्ण या वर्ग का कोई भी पुरुष या स्त्री स्वच्छता के साथ सिर ढक कर पढ़ सकता है यदि उसे शुद्ध पढ़ना आता हो तो...

विशेष आयोजनों में अखंड पाठ किया जाता है जो निर्विघ्न अड़तालीस घंटे तक लगातार चलता है. पांच या इससे अधिक पाठियों द्वारा इसका पाठ कर संपूर्णता प्रदान की जाती है.

ग्रंथी गुरु नहीं कहलाता. गुरु तो ग्रंथ साहिब जी ही हैं. इस प्रकार गुरु ग्रंथ साहिब किसी खास वर्ग या धर्म का नहीं बल्कि पूरी मानवता का मार्गदर्शक है.

"गुरु ग्रंथ साहिब मध्यकालीन संतों की अमूल्य वाणी का एक अपूर्व संकलन है, जिसमें संग्रहकर्ता ने विग्रह एवं विधान के युग में व्यापक सार्वभौम दृष्टि के एक समान मंत्र की स्थापना की थी. युगबोध एवं भावी आदर्शों के साथ एवं उसमें भावनात्मक एकता का सूत्र बांधकर संतों ने सांसारिक जीवों के लिए जीने के सही मूल्य आंकने का सफल प्रयास किया था."

- डॉ मनमोहन सहाय केसरी

"यह ग्रंथ किसी एक देश, एक जाति अथवा एक संप्रदाय के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक दिव्य संदेश है. आज भी गुरु ग्रंथ साहिब जी के उपदेश और संदेश प्रासंगिक हैं. आज की विषम परिस्थितियों में इन उपदेशों को व्यवहारिकता में उपयोग कर हमारा कल्याण हो सकता है."

- आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

# प्रीति करै रामायण माहीं...

**भारतीय साहित्य के सर्वाधिक लोकप्रिय व पठनीय ग्रंथों में से एक है- रामचरितमानस.**



डॉ. हाराधन कोईरी

**यह एक उदात्त पूर्ण रचना है. इसकी महिमा अनन्त है, अनन्त काल तक रहेगी. रामचरितमानस का सर्वाधिक प्रभाव भारतीय संस्कृति, संस्कार, दर्शन, साहित्य एवं चिंतन पर पड़ा है, जिसका प्रभाव आने वालों कई कल्पों तक रहेगा. रामचरितमानस एक मंगलकारी रचना है जिसका मूल ध्येय है- मानवता की रक्षा और वसुधा की सुरक्षा. रामचरितमानस का माहात्म्य बताते हुए गोपाल दास जी कहते हैं - जो तुलसी रचित रामायण (रामचरितमानस) पर प्रेम करता है. अर्थात् रामचरितमानस का पठन-पाठन और मनन करता है, उनके समान कोई भाग्यवान नहीं है-**

"प्रीति करै रामायण माहीं।
तेहि सम भाग्यवंत कोउ नाहीं।।"

इतना ही नहीं तुलसी रामायण के सम्पादक पंडित ज्वाला प्रसाद मिश्र कहते हैं कि जो प्रतिदिन रामचरितमानस के किसी एक दोहे या चौपाई को मन लगाकर पढ़ता है, उनका जीवन सफल हो जाता है. यथा-

"एक श्लोक जो नित्य प्रति, पढ़े प्रेम मन लाय।
मिश्र सदा सुख पावहीं, जन्म सुफल हो जाय।।"

यद्यपि गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस की रचना स्वांत सुखाय के लिए किया था परन्तु उनके स्वांत सुखाय में ही जगत हिताय के भाव छिपे हुए हैं.

गोस्वामी जी कहते हैं कि यदि आप भक्ति मार्ग का पथिक बनना चाहता है और मन में अनेक प्रकार की शंकाएं हो रही हैं तो उस शंका का समाधान के लिए रामचरितमानस में वर्णित शिव-पार्वती संवाद का पठन एवं मनन करें। जिसके प्रभाव से मन का संदेह दूर हो जाता है-

"रामकथा सुंदर कर तारी।
संसय बिहग उड़ावनि हारी।।"

आज हरेक व्यक्ति सफल होना जाता है. लेकिन मन में उत्साह की कमी के कारण वे असफल हो रहे हैं. जबकि शास्त्र कहता है कि उत्साह (आनंद)से सिद्धि की प्राप्ति होती है. उस उत्साह को पाने के लिए योग, जप, तप की आवश्यकता नहीं है. बल्कि गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं कि आप केवल रामचरितमानस में वर्णित राम-सीता के विवाह प्रसंग को मन लगाकर पढ़िए, सुनिए और कथा को गाइये. जिसके प्रभाव से मन में उत्साह का संचार होने लगेगा और आप सफल होंगे-



"सिय रघुबीर बिबाहु,जो सप्रेम गावहिं सुनहिं।
तिन्ह कहुँ सदा उछाहु मंगलायतन राम जसु।।"

तुलसीदास जी कहते हैं कि जो कोई विजय, विवेक और विभूति (ऐश्वर्य) चाहते हो तो राम के समर (युद्ध) संबंधी कथा को सुनो. उस कथा के श्रवण से राम प्रसन्न होते हैं और मनुष्य को सहज ही विजय, विवेक और विभूति प्रदान करते हैं -

"समर बिजय रघुबीर के चरित जे सुनहिं सुजान।
बिजय बिबेक बिभूति नित तिन्हहि देहिं भगवान।।"

राजराजेश्वर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के चरित्र को सुनने से तीनों प्रकार के ताप नष्ट हो जाते हैं. ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है. भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं-

"सुनु खगपति यह कथा पावनी।
त्रिबिध ताप भव भय दावनी।।
महाराज कर सुभ अभिषेका।
सुनत लहहिं नर बिरति बिबेका।।"

कलिकाल के पाप से अपने मन के मल को बिना किसी अन्य साधन के कोई भी मनुष्य धोना चाहता है और अंत समय में राम का धाम अर्थात् मोक्ष पाना चाहता है तो प्रभु श्रीराम के निर्मल चरित्र को सुनिए,कहिए और गाइए। तुलसीदास जी कहते हैं-

"रघुबंस भूषन चरित यह नर कहहिं सुनहिं जे गावहिं।
कलि मल मनोमल धोइ बिनु श्रम राम धाम सिधावहीं।।"

पुण्य रूप यह रामचरितमानस मनुष्यों के लिए नित्य कल्याणकारी है. विज्ञान और भक्ति को देने वाला है. साहित्य के सभी लक्षणों रसों, गुणों का आस्वादन कराने वाला है. मनुष्य को कब किस प्रकार किसके साथ व्यवहार करना चाहिए उसका प्रामाणिक दस्तावेज है- रामचरितमानस. रामचरितमानस मानवीय मूल्यों का खजाना है, लोक जागरण और लोक संस्कार का पाठशाला है. रामचरितमानस मानस में ऐसे-ऐसे दिव्य अलौकिक गुण है जिसके सान्निध्य में जाते ही मनुष्य शिष्ट से विशिष्ट हो जाता है. आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में भी अथाह शांति देता है. रामचरितमानस के शरण में जो गया उनका इहलोक और परलोक दोनों सुधर जाता है. ऐसे उदात्तपूर्ण दिव्य ग्रंथ का प्रभाव धरती पर तब-तक रहेगा, जब-तक सूर्य-चन्द्र रहेगा.

**बाहर जिंदगी की जद्दोजहद के बाद जब हम घर लौटते हैं तो सुकून की तलब रहती है. कई बार कोशिशों के बाद भी घर में आराम नसीब नहीं होता. बरकत नहीं होती. आपसी प्रेम का अभाव होता है और व्यर्थ के झगड़ों में परिजन उलझे रहते हैं. ऐसी मान्यता है कि इन सबके पीछे कई बार वास्तु दोष भी उत्तरदायी होते हैं. आइए, वास्तु के मूलभूत सूत्रों से हों वाकिफ...**

# यहां मिलेगा सुकून बढ़ेगी खुशहाली



स्वामी विमलेश
वास्तु शास्त्री

- भूमि की ढलान उत्तर और पूर्व की ओर हो तो शुभ होती है. छत की ढलान ईशान कोण में होनी चाहिए.
- भूखंड के दक्षिण व पश्चिम में ऊंचे भवन, पहाड़, या पेड़ शुभ माने जाते हैं.
- भूखंड के उत्तर, पूर्व या ईशान में भूमिगत जल स्रोत, कुआं, तालाब एवं बावड़ी शुभ माने जाते हैं.
- भूखंड का दो बड़े भूखंडों के बीच होना शुभ नहीं होता.
- आयताकार, वृताकार व गोमुखी भूखंड गृह वास्तु में शुभ होता है. वृताकार भूखंड में निर्माण भी वृताकार ही होना चाहिए.
- सिंह मुखी भूखंड व्यावसायिक वास्तु के लिए शुभ होता है.
- भूखंड के उत्तर और पूर्व में मार्ग शुभ माने जाते हैं.
- भूखंड का उत्तर या पूर्व या स्थान को में विस्तार शुभ माना जाता है.
- दक्षिण और पश्चिम में मार्ग व्यावसायिक स्थल में लाभदायक माने जाते हैं.
- भवन के द्वारा के सामने मंदिर, खम्बा, गड्ढा शुभ नहीं माने जाते.
- बेसमेंट बनानी आवश्यक हो तो उत्तर और पूर्व में ब्रह्म स्थान को बचाते हुए बनानी चाहिए.
- बेसमेंट के ऊंचाई कम से कम 9 फीट और 3 फीट तल से ऊपर हो ताकि प्रकाश और हवा आ जा सके.
- कुआं, बोरिंग की भूमिगत टंकी उत्तर, और ईशान में बना सकते हैं. वास्तु पुरुष के अतिमर्म स्थान को छोड़कर.
- भवन की प्रत्येक मंजिल में छत की ऊंचाई 12 फुट रखनी चाहिए. 10 फुट से कम तो नहीं होनी चाहिए.
- भवन का दक्षिण भाग हमेशा उत्तरी भाग से ऊंचा होना चाहिए.
- भवन का पश्चिमी भाग हमेशा पूर्वी भाग से ऊंचा होना चाहिए.
- भवन का मुख्य द्वार ब्राह्मणों को पूर्व में, क्षत्रियों को उत्तर में, वैश्य को दक्षिण में तथा शूद्रों को पश्चिम में बनाना चाहिए. इसके लिए 81 पदों का वास्तु चक्र बनाकर निर्णय करना चाहिए.
- आवासीय भूखंड में बेसमेंट नहीं बननी चाहिए.
- द्वार की चौखट उसकी ऊंचाई से अधिक होनी चाहिए.
- बरामदा घर के उत्तर या पूर्व में ही बनना चाहिए.
- खिड़कियां घर के उत्तर या पूर्व में अधिक तथा दक्षिण या पश्चिम में काम बनाने चाहिए.
- ब्रह्मस्थान को खुला साफ तथा हवादार रखना चाहिए.
- घर की पूर्व दिशा में स्नान घर, तहखाना, बरामदा, कुआं बगीचा व पूजा घर बनाया जा सकता है.
- घर के ईशान कोण में पूजा घर, कुआं, बोरिंग, बच्चों का कैमरा, भूमिगत वॉटर टैंक, बरामदा, स्विमिंग रूम, ड्राइंग रूम और बेसमेंट बनाई जा सकती है.
- घर के अग्नि कोण में रसोई घर बिजली के मीटर जनरेटर इनवर्टर व मेंस शूज लगाया जा सकते हैं।
- घर के दक्षिण दिशा में मुख्य शयन कक्ष, भंडार घर बनाए जा सकते हैं. यहां उच्च वृक्ष लगाए जा सकते हैं.
- घर की पश्चिम दिशा में भोजन कक्ष, सीढ़ियां, अध्ययन कक्ष, शौचालय आदि बनाए जा सकते हैं.
- घर की उत्तर दिशा में कुआं, तालाब, बगीचा, पूजा घर, तहखाना, स्वागत कक्ष, लिविंग रूम आदि बनाए जा सकते हैं.
- घर का भारी समान नैऋत्य कोण, दक्षिण व पश्चिम में रखना चाहिए.
- घर का हल्का सामान उत्तर पूर्व वह ईशान में रखना चाहिए.
- सीढ़ियों के नीचे पूजा घर, शौचालय व रसोई घर नहीं बनना चाहिए.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी




भारत-पाकिस्तान समेत पांच टीमों ने किया स्क्वॉड का ऐलान

# वुमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अभी तक पांच देशों की टीम घोषित नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूएई में होने वाले वुमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में कुल 10 टीमों को हिस्सा लेना है. इन दस टीमों में से 5 ने तो अपने-अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है, मगर पांच टीमों का ऐलान करना बाकी है. तय कार्यक्रम के अनुसार यह वर्ल्ड कप पहले बांग्लादेश में खेला जाना था, मगर राजनेतिक संकट के चलते इसे शिफ्ट करना पड़ा है. अब यूएई इस वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहा है. वुमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज अगले महीने तीन अक्टूबर से होगा, वहीं फाइनल 20 अक्टूबर को खेला जाएगा. फाइनल सेमीफाइनल समेत टूर्नामेंट में कुल 23 टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे.

### घोषित टीमों के स्क्वॉड पर

- **ऑस्ट्रेलिया:** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोएबेलिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), सोफी मोलिनेक्स, बेथ मूनी, एलिसेपेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, तायला व्लामिनक. जॉर्जिया वेयरहैम
- **भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया (फिटनेस के अधीन), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल (फिटनेस के अधीन), सजना सजीवन.
- **पाकिस्तान:** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, गुलगु फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली, नशरा सुंधू, निदा डार, ओमैमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल (फिटनेस के आधार पर), सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह. तस्मिया रुबाब, तुबा हसन. यात्रा आरक्षितः नाजिहा अल्वी (विकेटकीपर). गैर-यात्रा रिजर्वः रमीन शमीम, उम्म-ए-हानी
- **इंग्लैंड:** हीथर नाइट (कप्तान), डैनी व्याट, सोफिया डंकले, नैट साइवर-ब्रंट, एलिस कैप्सी, एमी जोन्स (विकेट कीपर), सोफी एक्लेस्टोन, चार्ली डीन, सारा ग्लेन, लॉरेन बेल, मैया बाउचियर, लिंसी स्मिथ, फ्रेया केम्प, डेनी गिब्सन, बेस हीथ
- **वेस्टइंडीज:** हेलेमैथ्यूज (कप्तान), आलियाह एलीने, शमिलिया कॉनेल, डिएंड्रा एं डॉटिन, शमीन कैम्पबेले (उपकप्तान, विकेटकीपर), अश्मिनी मुनिसार, एफी फ्लेचर, स्टेफनी टेलर, चिनेल हेनरी, चेडियन नेशन, कियाना जोसेफ, जैडा जेम्स, करिश्मा रामहरैक, मैंडी मंगरू, नेरिसा क्राफ्टन

**दस टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया**

- वुमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली 10 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है. ग्रुप-ए में भारत-पाकिस्तान समेत श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड है.
- वहीं ग्रुप-बी में बांग्लादेश, स्कॉटलैंड, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड है.
- दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी. पहला सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को दुबई में तो दूसरा सेमीफाइनल 18 अक्टूबर को शारजाह में खेला जाएगा.



**इन देशों ने नहीं की घोषणा**

- स्कॉटलैंड: टीम का ऐलान करना बाकी
- दक्षिण अफ्रीका: टीम का ऐलान करना बाकी
- बांग्लादेश: टीम का ऐलान करना बाकी
- न्यूजीलैंड: टीम का ऐलान करना बाकी
- श्रीलंका: टीम का ऐलान करना बाकी

## ब्रीफ खबरें

### मंधाना और पांच अन्य भारतीय डब्ल्यूबीबीएल का हिस्सा बनेंगी

**मेलबर्न।** उप-कप्तान स्मृति मंधाना सहित छह भारतीय क्रिकेटर अलग-अलग टीमों द्वारा चुने जाने के बाद 27 अक्टूबर से शुरू होने वाली आगामी महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) का हिस्सा होंगी. एडिलेड स्ट्राइकर्स ने पहले ही मंधाना के साथ अनुबंध कर लिया था. दयालन हेमलता पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम से जुड़ेंगी. शीर्ष क्रम की यह बल्लेबाज पहली बार इस लीग का हिस्सा बनेगी.विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया भी डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण करेंगी. वह मेलबर्न स्टार्स टीम के साथ जुड़ेंगी. भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा भी इस टीम का हिस्सा है.तेज गेंदबाजी के साथ बल्ले से योगदान देने के लिए जानी जाने वाली शिखा पांडे को ब्रिसबेन हीट ने चुना है.

### पुरानी दिल्ली 6 डीपीएल में तीसरे स्थान पर पहुंची

**नयी दिल्ली।** पुरानी दिल्ली 6 ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में वेस्ट दिल्ली लायंस को छह विकेट से हराकर अपनी चौथी जीत दर्ज की. पुरानी दिल्ली 6 ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में वेस्ट दिल्ली लायंस को 139 रन पर आउट कर दिया और फिर 11 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया. केशा दलाल ने 30 गेंदों पर 47 रन बनाकर मैच विजेता पारी खेली. इससे पहले पुरानी दिल्ली 6 के लिए आयुष सिंह ने चार विकेट लेकर वेस्ट दिल्ली लायंस की टीम को सस्ते में समेटने में अहम भूमिका निभाई.

### आयरिश ओपन में दीक्षा 31वें स्थान पर

**डबलिन।** भारत की दीक्षा डागर ने केपीएमजी महिला आयरिश ओपन के तीसरे दौर में बोगी-रहित चार-अंडर 69 का स्कोर बनाया, जिससे वह संयुक्त 55वें से संयुक्त 31वें पायदान पर पहुंचने में सफल रही. शुरुआती दो दौर में 72 और 74 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने छठे और 12वें होल के बीच बिना किसी बोगी के चार बर्डी लगाई और तीन दौर के बाद उनका कुल स्कोर चार अंडर हैं.पेरिस ओलंपिक में मामूली प्रदर्शन और एआईजी महिला ओपन में कट से चूकने के बाद दीक्षा का आत्मविश्वास इस प्रदर्शन से बढ़ेगा. प्रतियोगिता में भाग ले रही तीन अन्य भारतीय प्रणवी उर्स, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावरी कट में जगह बनाने से चूक गयी.

पैरालंपिक बैडमिंटन: भारत का एक और पदक पक्का

# मनीषा व तुलसीमति के बीच होगा सेमीफाइनल मुकाबला

**एजेंसी ।पेरिस**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषा रामदास ने रविवार को यहां पैरा ओलंपिक खेलों में एसयू5 वर्ग में महिलाओं के एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना हमवतन तुलसीमति मुरुगेसन से होगा जिससे भारत का इस स्पर्धा में पदक पक्का हो गया. मनीषा के दाहिने हाथ में जन्म से ही विकार था. इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को क्वार्टर फाइनल में जापान की मामिको टोयोडा को 21- 13 21-16 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई. दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने अपनी गैरवरीय प्रतिद्वंद्वी को केवल 30 मिनट में बाहर का रास्ता दिखाया.

अंतिम चार में मनीषा का मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त तुलसीमति से होगा, जिन्होंने शनिवार को ग्रुप ए में पुर्तगाल की बीट्रिज़ मोंटेइरो को हराया था. एसएल4 वर्ग में पुरुष एकल सेमीफाइनल में दो भारतीय खिलाड़ी सुहास यतिराज और सुकांत कदम आमने-सामने होंगे. इस तरह से इन दोनों ने बैडमिंटन में भारत का पहला पदक पक्का किया था.इससे पहले मनदीप कौर और पलक कोहली क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही. एसएल3 वर्ग में खेल रही मनदीप नाइजीरिया की तीसरी वरीयता प्राप्त बोलाजी मरियम एनियोला के सामने किसी तरह की चुनौती पेश नहीं कर पाई और 23 मिनट में 8-21, 9-21 से मुकाबला हार गई. मनदीप की एनियोला के खिलाफ यह लगातार दूसरी हार है. इससे पहले वह ग्रुप चरण में भी नाइजीरियाई खिलाड़ी से हार गई थी. एसएल4 वर्ग में पैरा विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पलक इंडोनेशिया की खलीमातुस सादियाह से 28 मिनट में 19-21, 15-21 से हार गईं. बाद में दिन में नित्या सिवन सुमति एसएच6 श्रेणी के क्वार्टर फाइनल में चुनौती पेश करेंगी. उनका मुकाबला पोलैंड की ओलिविया स्ज़मीगील से होगा. एसएल3 वर्ग के पुरुष एकल सेमीफाइनल में नितेश कुमार का मुकाबला जापान के डाइसुके फुजिहारा से होगा.

**कांस्य पदक के प्ले ऑफ में खेलेगी शिवराजन और निथ्या :** सुहास ने अपने ग्रुप ए में इंडोनेशिया के हिकमत रामदिनी और कोरिया के क्यूंग शिन को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी. इतना ही नहीं सुहास ने ग्रुप ए में टॉप स्थान भी हासिल किया. वहीं शिवराजन सोलाईमलाई और निथ्या श्री सुमति सिवान की दूसरी वरीयता प्राप्त मिश्रित युगल जोड़ी एसएच6 सेमीफाइनल में अमेरिका के माइल्स क्रेजेवस्की और जेसी साइमन से 21-17, 14-21, 13-21 से हार गयी. भारतीय जोड़ी अब कांस्य पदक के प्ले ऑफ में खेलेगी.



### भारत ने अब तक जीते हैं कुल पांच पदक, चार शूटिंग से

भारत ने पैरालंपिक 2024 में अब तक पांच पदक जीते हैं, जिनमें से चार निशानेबाजी (शूटिंग) में आये हैं. अवनी लेखारा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया. इसी तरह मोना अग्रवाल ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 में कांस्य पदक जीता. जबकि मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल SH1 स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया. प्रीति पाल ने 100 मीटर T35 श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर भारत को पैरालंपिक में पहला ट्रैक पदक दिलाया. वहीं रुबीना फ्रांसिस ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 इवेंट के फाइनल में ब्रॉन्ज मेडल जीता

### पैरालंपिक बैडमिंटन : पलक व मनदीप मैच हार कर बाहर

**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर और पलक कोहली रविवार को यहां महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में अपने-अपने मैच हार कर पैरालंपिक खेलों से बाहर हो गई. एसएल3 वर्ग में खेल रही मनदीप नाइजीरिया की तीसरी वरीयता प्राप्त बोलाजी मरियम एनियोला के सामने किसी तरह की चुनौती पेश नहीं कर पाई और 23 मिनट में 8-21, 9-21 से मुकाबला हार गई. मनदीप की एनियोला के खिलाफ यह लगातार दूसरी हार है. इससे पहले वह ग्रुप चरण में भी नाइजीरियाई खिलाड़ी से हार गई थी. एसएल4 वर्ग में, पैरा विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पलक इंडोनेशिया की खलीमातुस सादियाह से 28 मिनट में 19-21, 15-21 से हार गईं.

### एथलेटिक्स: रक्षिता महिलाओं की 1500 मीटर रेस से बाहर

**पेरिस।** भारत की रक्षिता राजू पेरिस पैरालंपिक में रविवार को यहां महिलाओं की 1500 मीटर टी11 एथलेटिक्स स्पर्धा के शुरुआती दौर से बाहर हो गयी. तेईस साल की यह धाविका हीट तीन में पांच मिनट 29 .92 सेकेंड के समय के साथ चार धावकों में आखिरी स्थान पर रही. तीनों हीट से प्रत्येक में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया.

### निशानेबाजी : अवनि व सिद्धार्थ क्वालीफाई नहीं कर पाए

**शेटराउ।** भारतीय निशानेबाज अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों की मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच1) स्पर्धा में रविवार को यहां 11वें जबकि सिद्धार्थ बाबू 28वें स्थान पर रहे और इस तरह से फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए. अवनि 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के अपने प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाई और अच्छी शुरुआत के बावजूद 628 .8 अंक के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही. सिद्धार्थ ने 628 .3 का स्कोर किया. अवनि ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था.

### परवीन कुमार भाला फेंक में आठवें स्थान पर रहे

**पेरिस।** भारत के परवीन कुमार शनिवार को यहां पेरिस पैरालिंपिक में पुरुषों की एफ57 भाला फेंक स्पर्धा में आठवें स्थान पर रहे. हरियाणा के 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने चौथे थ्रो में 42 .12 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया. उज्बेकिस्तान के यॉर्किनबेक ओडिलोव ने 50 .32 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जबकि तुर्किये के मुहम्मत खलवंडी (49 .97 मीटर) ने रजत पदक जीता. ब्राज़ील के सिसेरो वाल्डिरन लिंस नोबरे ने 49 .46 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक हासिल किया.

### पैरालंपिक नौकायन: नारायण और अनीता आठवें स्थान पर रही

**पेरिस।** एशियाई पैरा खेलों की रजत पदक विजेता नारायण कोंगनापल्ले और अनीता की जोड़ी रविवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की पीआर3 मिश्रित युगल स्कल्स नौकायन में आठवें स्थान पर रही.पैरालंपिक में पदार्पण कर रही यह भारतीय जोड़ी अपने रेपेचेज स्पर्धा के फाइनल बी में आठ मिनट 16.96 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रही. फाइनल बी स्पर्धा का आयोजन स्थान निर्धारित करने के लिए था जिसमें सातवें से 12वें पायदान के लिए मुकाबला था.अमेरिका के सैज हैपर और टॉड वोग्ट की जोड़ी ने सात मिनट 48.38 सेकेंड के समय के साथ फाइनल बी रेस में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि मेक्सिको के मिगुएल एंजेल नीटो कार्पियो और एंजेल्स ब्रिटानी गुटिरेज विएरा की जोड़ी (आठ मिनट 28.23 सेकेंड) भारतीय खिलाड़ियों से पीछे रही.

# बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



भारत के रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्दिला सुत्जियादी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. बोपन्ना और सुत्जियादी की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 13 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स और चेक गणराज्य की कतेरीना सिनियाकोवा को 0-6, 7-6(5) 10-7 से हराया. बोपन्ना और सुत्जियादी का अगला मुकाबला मैथ्यू एबडेन और बारबोरा क्रेजिकोवा की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा. बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने शुरुआती दौर में जर्मनी के टिम पुएत्ज़ और नीदरलैंड की डेमी शूअर्स पर 7-6(7) 7-6(5) से जीत दर्ज की थी. बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी पहले ही पुरुष युगल के तीसरे दौर में पहुंच गई थी. उन्होंने दूसरे दौर में स्पेन के रॉबर्टो कारबालेस बेना और अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया को 6-2, 6-4 से हराया.

### बेरोजगार हॉकी खिलाड़ियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**लखनऊ ।** हॉकी इंडिया ने सरकारी संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र (पीएसयू) के उपक्रमों में नौकरी नहीं हासिल करने वाले पुरुष और महिला सीनियर कोर ग्रुप के संभावित खिलाड़ियों को दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की रविवार को घोषणा की. यह निर्णय यहां हॉकी इंडिया की एजीएम के दौरान लिया गया. हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि यह फैसला महासंघ के संज्ञान में लाए जाने के बाद लिया गया कि संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह में शामिल किये गये कुछ नए खिलाड़ी बेरोजगार हैं. हॉकी इंडिया से जारी बयान में टिर्की ने कहा, ''अधिकांश हॉकी खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के लिए पीएसयू और सरकारी विभागों द्वारा मान्यता मिलती है जो नौकरियां प्रदान करते हैं. हमें हालांकि पता चला है कि सीनियर कोर समूह में कुछ नए खिलाड़ी, विशेष रूप से महिलाएं बेरोजगार हैं.' भारतीय टीम के इस पूर्व कप्तान ने कहा, हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड ने लखनऊ में एजीएम के दौरान बेरोजगार खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता के तौर पर हर साल दो लाख रुपये का अनुदान देने का फैसला लिया है ताकि उनके परिवारों को गुजारा करने के लिए संघर्ष न करना पड़े.' बैठक में जमीनी स्तर पर आगामी प्रतियोगिताओं और विकास कार्यक्रमों पर चर्चा के अलावा, राष्ट्रीय सीनियर और जूनियर पुरुष और महिला टीमों द्वारा की गई प्रगति पर भी चर्चा की गयी.

मुक्केबाजी का भविष्य अधर में लटका

# एशियाई संघ ने आईबीए के पक्ष में मतदान किया

**एजेंसी। अल ऐन (यूएई)**



मुक्केबाजी का ओलंपिक में भविष्य पहले ही अधर में लटका है और अब इस खेल की एशियाई संचालन संस्था ने निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के पक्ष में मतदान करके उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं.गुप्त मतदान के जरिए किए गए मतदान में 21 देशों ने आईबीए के साथ बने रहने के पक्ष में जबकि 14 देशों ने इस खेल के संचालन के लिए गठित की गई नई संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के पक्ष में मतदान किया. भारत के अलावा जिन अन्य देशों ने मतदान में भाग लिया उनमें बहरीन, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, चीन, चीनी ताइपे, तिमोर लेस्ते, हांगकांग, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, जापान, जॉर्डन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मकाऊ, मलेशिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, फिलीपींस, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, श्रीलंका, सीरिया, ताजिकिस्तान, थाईलैंड, तुर्कमेनिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, वियतनाम और यमन शामिल थे. भारत ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया. आईबीए का अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ विवाद चल रहा है. आईओसी ने तोक्यो और पेरिस खेलों के लिए ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की जिम्मेदारी संभाली थी. एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ (एएसबीसी) का वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने से इनकार करने के इस फैसले के बाद लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने को लेकर परेशानियां बढ़ गई हैं.

मतदान के बाद आईबीए ने वर्ल्ड बॉक्सिंग पर निशाना साधते हुए कहा कि नई संस्था के पास प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए साधन की कमी है. आईबीए ने एक बयान में कहा, वर्ल्ड बॉक्सिंग के पास प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए किसी तरह का वित्त, विशेषज्ञता और समर्थन नहीं है. उनका मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है. एशियाई संस्था के समर्थन का स्वागत करते हुए आईबीए ने कहा कि इससे पिछले कुछ वर्षों में उसके अच्छे कामकाज की पुष्टि होती है.

**साक्षात्कार** 19 छक्के लगाने वाले साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के कप्तान है आयुष बडोनी

# कभी सोचा नहीं था कि 19 छक्कों के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाउंगा: बडोनी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



उत्तरी दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ रिकार्ड 19 छक्के लगाने वाले साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के कप्तान आयुष बडोनी का मानना है कि दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) मैच में अपनी शानदार टाइमिंग के दम पर वह 55 गेंद में 165 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेलने में सफल रहे. दायें हाथ के 24 साल के इस खिलाड़ी की ताबड़तोड़ पारी के दम पर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने शनिवार को खेले गे मैच को 112 रन से जीतकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया. बडोनी ने इस दौरान सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (120) के साथ दूसरे विकेट के लिए 286 रन की साझेदारी कर टी20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड बनाया. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने वाले बडोनी ने 19 छक्के जड़े जो टी20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड है. टी20 मैच की किसी पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले संयुक्त रूप से वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था. दोनों बल्लेबाजों ने एक समान 18 छक्के लगाये थे. बडोनी से 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, '' मैं बस गेंद को अच्छी तरह से हिट करने पर ध्यान दे रहा था, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक पारी में 19 छक्के लगाऊंगा. मैं सिर्फ गेंद की टाइमिंग पर ध्यान देता हूं और गेंद को जोर से मारने की कोशिश नहीं करता.' इस पारी के बाद आईपीएल की आगामी मेगा नीलामी में बडोनी के लिए कई फ्रेंचाइजी टीमें बोली लगाएंगीं. इस युवा बल्लेबाज ने कहा, ' मैं अभी (आईपीएल) मेगा नीलामी के बारे में नहीं सोच रहा हूं. एक कप्तान के तौर पर मेरा ध्यान फिलहाल डीपीएल जीतने पर है.' उन्होंने कहा, 'आईपीएल में खेलने से यहां (डीपीएल) एक बल्लेबाज के रूप में मेरे लिए काम बहुत आसान हो गया है. हम वहां विश्व स्तरीय गेंदबाजों का सामना करते हैं, और फिर यहां आकर खेलना अपेक्षाकृत आसान हो जाता है.' लखनऊ सुपरजायंट्स के सहायक कोच जोंटी रोड्स ने बडोनी की तुलना दक्षिण अफ्रीक के पूर्व आक्रामक सलामी बल्लेबाज हर्शल गिब्स से की है. बडोनी ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा,'जोंटी और मेरे बीच बहुत अच्छे रिश्ते हैं. मैं इस तरह से तारीफ किये जाने पर उन्हें धन्यवाद करना चाहता हूं और बस इतना कहना चाहता हूं कि जल्द ही मिलेंगे जोंटीं.'

# गंभीर जहां भी जाते हैं प्रभाव छोड़ते हैं: रोड्स

**एजेंसी। नयी दिल्ली**





दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर जोंटी रोड्स का मानना है कि भारत के नये मुख्य कोच गौतम गंभीर किसी भी टीम के साथ तुरंत प्रभाव छोड़ने की क्षमता रखते हैं और उनके रहते हुए भारतीय टीम और मजबूत होगी.रोड्स ने कहा,गंभीर जहां भी जाते हैं अपना प्रभाव छोड़ते हैं. हमने देखा है कि जब वह लखनऊ सुपर जायंट्स को छोड़ कर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े तो उन्होंने किस तरह से तुरंत प्रभाव छोड़ा. उन्होंने कहा,वह बेहद व्यवहार कुशल व्यक्ति हैं और जानते हैं कि उन्हें क्या करना है. वह हमेशा अपने मन की सुनते हैं. गंभीर अपने काम में कभी कोई कसर नहीं छोड़ते और उनके रहते हुए भारतीय टीम और अधिक मजबूत होगी. रोड्स लखनऊ की टीम के फील्डिंग कोच हैं और उन्होंने इस आईपीएल टीम के मेंटर के रूप में जहीर खान की नियुक्ति की सराहना की. उन्होंने कहा,आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में आपको शांत दिमाग वाले लोगों की जरूरत पड़ती है. अगर भावनाएं आप पर हावी होने लगती हैं तो इसका असर डगआउट या मैदान पर मौजूद हर खिलाड़ी पर पड़ता है. ऐसी परिस्थितियों में जाक (ज़हीर) जैसे किसी व्यक्ति का होना बहुत अच्छा है. रोड्स ने युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी की तुलना दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज बल्लेबाज हर्शल गिब्स से की. बडोनी ने दिल्ली प्रीमियर लीग के एक मैच में 19 छक्के लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया.रोड्स ने कहा,,वह मुझे कुछ हद तक हर्शल गिब्स की याद दिलाता है. उसके पास जबरदस्त हिटिंग क्षमता है. वह पारंपरिक और अपरंपरागत दोनों तरह के शॉट अच्छी तरह से खेल सकता है.

## ब्रीफ खबरें

### पद संभालने के बाद घर पहुंचे नए डीजीपी

**मुजफ्फरपुर ।** बिहार के नए डीजीपी आलोक राज रविवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे. वे पहले सरैया थानाक्षेत्र के गोपालपुर नेऊरा गांव पहुंचे. इस दौरान उन्होंने अपने पैतृक घर पर लोगों से मुलाकात की. उसके बाद उन्होंने वहां स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना किया. इसके बाद डीजीपी आलोक राज ने गांव में अवस्थित मजार पर चादर चढ़ाई. उसके बाद सीधे मुजफ्फरपुर शहर के जिला सर्किट हाउस पहुंचे. जहां जिले के कई पुलिस अधिकारी और डीएम सुब्रत सेन मौजूद थे.

### करंट लगने से युवक की मौत, मचा हड़कंप

**बिहारशरीफ ।** नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत विस्कुरवा गांव में बिजली के करंट लग जाने से एक युवक की मौत हो गई. मृतक विस्कुरवा गांव निवासी 25 वर्षय संजीत यादव बताया जाता है. घटना के संबंध में मृतक के भाई ने बताया कि खेत की सिंचाई के लिए रविवार की अहले सुबह गए थे, जहां बिजली के तार जोड़ने के क्रम में बिजली प्रवाहित करंट की संपर्क में आ गए जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई1 घटना की सूचना हिहसा थाना पुलिस को दी गई. पुलिस घटनास्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है.

### 150 लीटर देसी शराब सहित बाइक बरामद

**नवादा ।** नवादा जिले के रजौली में रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर रजौली थानाक्षेत्र के फुलवरिया डैम के समीप से रजौली पुलिस ने 150 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक बाइक को जब्त किया है. थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि शराब कारोबारी बाइक से शराब लेकर डैम की तरफ जा रहा है. सूचना के आलोक में फुलवरिया डैम के समीप रजौली पुलिस को भेजा गया लेकिन जैसे ही शराब कारोबारी की नजर पुलिस की वाहन पर पड़ी वैसे ही वह शराब सहित बाइक को सड़क पर छोड़कर जंगल और पहाड़ का फायदा उठाकर भाग गया.

## गिरिराज सिंह ने उठाया त्रिशूल

# ‘हमारा गौरव व स्वाभिमान है त्रिशूल’



एक्स पर गिरिराज सिंह ने लिखा कि ‘त्रिशूल हमारा गौरव व स्वाभिमान है. हम-आप सब जब त्रिशूल की रक्षा करेंगे, तो त्रिशूल से हमारी रक्षा होगी. धर्म के रक्षार्थ यह आवश्यक भी है और हमारा कर्तव्य भी है.’

## संजय झा दिलाई राजद से आए नेता को अपनी पार्टी की सदस्यता

# पूर्व मंत्री श्याम रजक जदयू में शामिल हुए

**संवाददाता ।पटना**



राजद के राष्ट्रीय महासचिव के पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने वाले पूर्व मंत्री श्याम रजक ने पूरे 10 दिन बगैर निर्दलीय रहने के बाद रविवार को जदयू का दामन थाम लिया है. जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई. यह जदयू में उनकी दूसरी पारी है. पिछली बार भी वह राजद से सीधे जदयू में आए थे और इस बार भी वह ऐसा ही करने जा रहे हैं. मौके पर उन्होंने बताया कि उन्हें उनकी पसंदीदा फुलवारीशरीफ विधानसभा सीट के लिए जदयू से भरोसा मिल गया है और एक जनवरी को वह जदयू में जाकर अभी से विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए मेहनत करने लगेंगे.

बिहार में जब राजद-कांग्रेस की सरकार थी तो श्याम रजक ऊर्जा मंत्री के रूप में चर्चित रहे थे. 2005 के बाद से जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कुर्सी संभाली तो भी श्याम रजक राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के वफादार बने रहे, लेकिन फिर पार्टी में उचित स्थान नहीं मिलने के कारण उन्होंने सत्ताधारी जदयू का दामन थाम लिया था. उन्होंने कहा कि इस बार तो साजिशों और झूठे आश्वासनों का दौर रहा, जिससे तंग आकर राजद छोड़ा है. सीएम नीतीश कुमार ने अपनी सरकार में मौका देकर देखा था. कुछ गलतफहमियों के कारण जदयू से राजद में चला गया था, लेकिन अब सारा सच सामने आ गया है. मैं एक सितंबर को जदयू में औपचारिक तौर पर आ जाऊंगा और फिर पार्टी के लिए विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत झोंक दूंगा. जदयू से क्या उम्मीद है, इस सवाल पर श्याम रजक ने कहा कि मुझे मेरे क्षेत्र फुलवारीशरीफ से चुनाव में उतारने का भरोसा मिल गया है. यह कोई शर्त नहीं थी, लेकिन भरोसा मिला है

### जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी का पार्टी प्रवक्ता पद से इस्तीफा, राजीव रंजन संभालेंगे जिम्मेवारी

**पटना ।** जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है. पार्टी की तरफ से दूसरे नेता को यह जिम्मेदारी दी गई है. केसी त्यागी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद को इस्तीफा दिया है. जदयू के महासचिव आफाक अहमद खान ने पत्र जारी कर इसकी सूचना देते हुए बताया है कि पार्टी ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर उनकी जगह दूसरे नेता को यह जिम्मेदारी दी गई है. जदयू की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि –जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नीतीश कुमार (मुख्यमंत्री, बिहार) ने राजीव रंजन प्रसाद को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है. केसी त्यागी ने निजी कारणों से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है.

### खेत में कुएं की खुदाई में निकले हड्डियों के अवशेष, मचा हड़कंप

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के सपही पंचायत के वार्ड नंबर 4 में एक किसान के खेत में गोलाकार कुआं जैसा एक गड्ढा मिला है. जिसकी खुदाई करने पर हड्डियों के अवशेष निकल रहे हैं. बताया गया कि कुआं का मुहाना करीब साढ़े तीन फुट का है. कुआं की करीब 15 फीट खुदाई की गयी. लेकिन अब तक उसकी गहराई का पूरा अंदाजा नही हो सका है. मिली जानकारी के अनुसार सपही के संतोष कुमार शनिवार को कुदाल से अपनी जमीन को समतल कर रहे थे. इसी दौरान कुदाल किसी वस्तु से टकरायी. देखा तो ईंट जैसा दिखाई दिया. जब उसने खुदाई की तो खेत में ईंट से बना कुएं का आकार दिखाई दिया. जिसे वह खोदते-खोदते 15 फुट नीचे तक नीचे चला गया, लेकिन अब तक पूरी गहराई का पता नहीं चल सका है. खुदाई के दौरान केवल हड्डियों के अवशेष मिल रहे है.वही कुआं से निकलने वाली ईंटें भी दुर्लभ दिख रही हैं. जिस पर तरह-तरह के निशान बने हैं.

## चोरी का विरोध करने पर गोली मारकर हत्या

# चाचा का शव देखकर भतीजे की भी मौत, मचा कोहराम

**संवाददाता ।पटना**

पटना जिला के शाहजहांपुर थानाक्षेत्र के ऐरई गांव में शनिवार की देर रात एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई. जबकि एक अन्य की मौत घटना को देखने से हो गई. बताया जा रहा है कि उपेंद्र मांझी (35) को गोली मार दी गई. वहीं, उनके भतीजे राजीव मांझी (27) की मौत गोली चलने की घटना देखने से हो गई. स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, चार से पांच युवक ऐरई गांव के महादलित टोला में शराब पीने आए. फिर उपेंद्र मांझी की चार बकरियों को चोरी कर ले जाने लगे. इस बात की भनक लगते ही उपेंद्र चोर का पीछा करने लगे. चोरी को लेकर विरोध जताने के दौरान उनका भतीजा भी साथ में था. साथ ही मौके पर ग्रामीण जुटने लगे. यह देख कर अज्ञात चोरों ने उपेंद्र मांझी पर गोली चला दी, जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई.



साथ ही खून से लथपथ अपने चाचा की लाश देखने से भतीजे राजीव मांझी की भी मौत हो गई. इस घटना के बाद परिवार वालों में कोहराम मच गया. परिवार बालों का रो-रो कर बुरा हाल है.

वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही शाहजहांपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए अस्पताल भेज दिया. वहीं, एसडीपीओ 2 पंकज कुमार ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस अपराधियों की खोजबीन में जुट गई. पुलिस ने बताया कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी.

### अमानवीय कृत्य मामले में दो और गिरफ्तार हुए कुल सात गिरफ्तारी हुई

**अररिया ।** अररिया में पांच दिन पहले सोशल मीडिया पर एक युवक के साथ अमानवीय कृत्य का वीडियो वायरल मामले में पुलिस ने दो और अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया. अब तक कुल मामले में सात अभियुक्तों को गिरफ्तारी हो चुकी है. एसपी अमित रंजन ने इसकी जानकारी दी. चोरी के आरोप में पकड़े गये युवक के साथ किए गए अमानवीय कृत्य के मामले में पुलिस ने अन्य दो आरोपी नगर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर के रहने वाले मो.रमीज और मधुपारा गांव के मो.लुकमान को गिरफ्तार किया. मामले में पांच आरोपियों की पूर्वे पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी की गई थी. एसपी अमित रंजन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुल सात अभियुक्तों की पहचान की गई थी. जिनमें से सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है.सीसीटीवी का डीवीआर न्यायिक जांच हेतु साक्ष्य के रूप में जब्त किया गया है.

## राजद कार्यकर्ताओं ने 32 जिलों में किया धरना-प्रदर्शन, तेजस्वी बोले

# आरक्षण को नौवीं अनुसूची में क्यों नहीं डाला

**संवाददाता ।पटना**

रविवार को राजद नेता और कार्यकर्ता बिहार के 32 जिलों में धरना प्रदर्शन किया. पटना में राजद के वरीय नेताओं के साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी धरना-प्रदर्शन किया. तेजस्वी पटना हाईकोर्ट द्वारा रद्द किए गए आरक्षण को फिर से लागू करने और संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने की मांग किए हैं. उनके साथ राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राजद नेता उदय



नारायण चौधरी, जयप्रकाश नारायण, अब्दुल बारी सिद्दीकी, प्रवक्ता चितरंजन गगन, शक्ति यादव, मृत्युंजय तिवारी धरना पर बैठे. मौके पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम जब 17 महीने सत्ता में रहे तभी तो आरक्षण की सीमा बढ़ाई गई? उनके (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) कार्यकाल में ऐसा क्यों नहीं हुआ? नौटंकी तो वे लोग कर रहे हैं. तेजस्वी ने पूछा की आरक्षण को नौवीं अनुसूची में क्यों नहीं डाला जा रहा है? जो आज बयान दे रहे हैं वही तो मेरे साथ बैठकर आरक्षण की घोषणा कर रहे थे. तेजस्वी ने कहा कि पांच लाख नौकरी उसी दौरान (महागठबंधन सरकार) मिला. खेल नीति, शिक्षा नीति उसी दौरान बनी. तेजस्वी ने कहा कि भाजपा और जदयू वाले नकारात्मक लोग हैं.

### पुल की रेलिंग से टकराई तेज रफ्तार बाइक,नाबालिग सहित दो की मौत

**सुपौल ।** सुपौल के जदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरियापट्टी के समीप रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार बाइक पुल के रेलिंग से टकरा गई. घटना में बाइक पर सवार एक लड़के की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतकों में एक 18 वर्षीय युवक है, जबकि दूसरा 16 वर्षीय नाबालिग लड़का है. इधर, मौत की खबर सुनते ही मृतकों के परिवार में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है.

### बक्सर में रिटायर्ड शिक्षक के घर चल रहा थी अवैध गन फैक्ट्री, 7 गिरफ्तार

**बक्सर ।** बक्सर के नया भोजपुर थाना क्षेत्र के चंदा गांव से शनिवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के अधार पर छापेमारी करते हुए मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है. पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अर्ध निर्मित पिस्टल के साथ हथियार बनाने वाले उपकरणों को भी जब्त किया है. पुलिस ने गन फैक्ट्री संचालन करने वाले कुल को सात लोगों को गिरफ्तार किया है. इसमें रिटायर्ड शिक्षक भी शामिल है जिसके घर में गन फैक्ट्री चल रहा था.

## कारोबार

### जेएसडब्ल्यू की खुदरा बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की अगस्त में खुदरा बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 4,571 इकाई रही. पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 4,185 गाड़ियां बेची थीं. जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने रविवार को बताया कि कुल खुदरा बिक्री में 35 प्रतिशत से अधिक नवीन ऊर्जा वाहन (एनईवी) थे. इनमें कंपनी का प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन जेडएस और कॉमेट शामिल है. कंपनी ने कहा कि 11 सितंबर 2024 को वह एक नया मॉडल विंडसर पेश करेगी.

### किआ इंडिया की बिक्री अगस्त में 17% बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** किआ इंडिया की कुल थोक बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 22,523 इकाई रही है. कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 19,219 वाहन बेचे थे. किआ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और बिक्री एवं विपणन मामलों के राष्ट्रीय प्रमुख हरदीप सिंह बराड़ ने एक बयान में कहा, यह सफलता कंपनी के उत्पादों को रणनीतिक रूप से बेहतर बनाने का प्रमाण है. यह कदम हमारे वाहनों को सबसे आकर्षक और मूल्य के हिसाब से पैसा वसूल बनाते हैं.

### टोयोटा की बिक्री अगस्त में 35 प्रतिशत बढ़ गयी

**नयी दिल्ली ।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की अगस्त में कुल थोक बिक्री 35 प्रतिशत बढ़कर 30,879 इकाई रही. पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 22,910 गाड़ियां बेची थीं. इसमें घरेलू और निर्यात दोनों आंकड़े शामिल हैं. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उपाध्यक्ष सबरी मनोहर ने कहा, जैसे-जैसे हम त्योहारों के करीब पहुंच रहे हैं, हमारे उत्पादों की मांग में उछाल आ रहा है और हम पहले से ही अपने सभी डीलर के पास उपभोक्ताओं की बढ़ती रुचि और बढ़ती हुई ग्राहक संख्या देख रहे हैं. उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन और बहुदेशीय वाहन बिक्री संख्या में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, जो इन खंड के वाहनों के प्रति बढ़ती पसंद को दर्शाता है.

## विमान ईंधन के दाम में रविवार को 4.6 प्रतिशत की कटौती की गयी

# वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 39 रुपये बढ़े

**संवाददाता ।नयी दिल्ली**

विमान ईंधन के दाम में रविवार को 4.6 प्रतिशत की कटौती की गयी. वहीं होटल और रेस्तरां में उपयोग किये जाने वाले वाणिज्यिक एलपीजी 39 रुपये प्रति 19 किलो सिलेंडर महंगा हो गया है. वैश्विक बाजारों में तेल के दाम के रुख के अनुरूप यह कदम उठाया गया है. सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कंपनियों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विमान ईंधन यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 4,495.5 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 4.58 प्रतिशत की कटौती की गयी है. विमानन कंपनियों की कुल परिचालन लागत में ईंधन की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है. ऐसे में दाम में कटौती से इन कंपनियों



पर लागत बोझ कम होगा. इससे पहले, दो बार दाम बढ़ाये गये थे. विमान ईंधन के दाम एक अगस्त को दो प्रतिशत यानी 1,827.34 रुपये प्रति किलोलीटर की बढ़ोतरी की गयी थी. इससे पहले, इसमें 1.2 प्रतिशत (1,179.37 रुपये प्रति किलोलीटर) की वृद्धि की गयी थी. एक जून को एटीएफ के दाम में 6.5 प्रतिशत (6,673.87 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती की गयी थी. कटौती के बाद एटीएफ के दाम में मुंबई में घटकर 87,432.78 रुपये



प्रति किलोलीटर हो गयी है जो इससे पहले 91,650.34 रुपये प्रति किलोलीटर थी. स्थानीय करों के कारण एटीएफ के दाम विभिन्न राज्यों में अलग-अलग होते हैं. इसके साथ, तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 39 रुपये बढ़ाये है. इससे कीमत बढ़कर 1,691.50 रुपये प्रति प्रति 19 किलो सिलेंडर हो गयी है. यह लगातार दूसरी मासिक वृद्धि है. एक अगस्त को कीमतों में 6.5 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी. इससे पहले, चार बार मासिक कीमतों में कटौती की गयी थी. वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत अब मुंबई में 1,644 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर होगी. वहीं कोलकाता में 1,802.50 रुपये और चेन्नई में 1,855 रुपये प्रति 19 किलो सिलेंडर होगी. हालांकि, घरों में इस्तेमाल होने वाली रसोई गैस की दर 803 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर बरकरार है. सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) मानक अंतरराष्ट्रीय ईंधन की औसत कीमत और विदेशी विनिमय दर के आधार पर हर महीने की पहली तारीख को एटीएफ और रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं.



### मारुति सुजुकी की कुल बिक्री अगस्त में चार प्रतिशत घट गयी

**नयी दिल्ली ।** वाहन बनाने वाली मारुति सुजुकी इंडिया की अगस्त में कुल बिक्री चार प्रतिशत घटकर 1,81,782 इकाई रही. कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 1,89,082 गाड़ियों की बिक्री की थी. मारुति सुजुकी इंडिया ने रविवार को बयान में कहा कि अगस्त में घरेलू बाजार में कुल यात्री वाहन थोक बिक्री आठ प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,43,075 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में 1,56,114 इकाई थी. ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री अगस्त में घटकर 10,648 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 12,209 इकाई थी. बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री अगस्त में 20 प्रतिशत घटकर 58,051 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 72,451 इकाई थी. ग्रैंड विटारा, ब्रेजा, एर्टिगा, इनविक्टो, फ्रोंक्स और एक्सएल6 जैसे बहुपयोगी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 62,684 इकाई रही.

## शीर्ष आठ कंपनियों का मामला

# बाजार पूंजीकरण बीते सप्ताह 1.53 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

शेयर बाजार में तेजी के साथ देश की 10 प्रमुख कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बीते सप्ताह 1,53,019.32 करोड़ रुपये बढ़ गया. भारतीय एयरटेल, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज सर्वाधिक लाभ में रहीं. पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1,279.56 अंक यानी 1.57 प्रतिशत का उछाल आया.

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में शुक्रवार को लगातार नौवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 231.16 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 82,365.77 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान, एक समय यह 502.42 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,637.03 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था.

भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 47,194.86 करोड़ रुपये बढ़कर 9,04,587.12 करोड़ रुपये हो गया. इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 33,611.37 करोड़ रुपये बढ़कर 8,06,880.50 करोड़ रुपये



रहा. टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 31,784.9 करोड़ रुपये बढ़कर 16,46,899.17 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 18,734.3 करोड़ रुपये बढ़कर 8,66,374.41 करोड़ रुपये पहुंच गया.

रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 13,396.42 करोड़ रुपये बढ़कर 20,43,107.10 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का एमकैप 5,600.24 करोड़ रुपये बढ़कर 12,44,206.43 करोड़ रुपये रहा. भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) का मूल्यांकन 2,340.25 करोड़ रुपये बढ़कर 6,73,390.88 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का एमकैप 356.98 करोड़ रुपये बढ़कर 7,27,935.97 करोड़ पहुंच गया.

### पीवीआर आईनॉक्स 70 घाटे वाले स्क्रीन बंद करेगी

**नयी दिल्ली ।** सिनेमाघर चलाने वाली पीवीआर आईनॉक्स ने वित्त वर्ष 2024-25 में 70 घाटे में चल रहे स्क्रीन को बंद करने की योजना बनाई है. अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कंपनी ने मुंबई, पुणे और वडोदरा जैसे प्रमुख स्थानों में गैर-प्रमुख रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण यानी बाजार पर चढ़ाने के लिए भी कदम उठाएगी. कंपनी साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 में 120 नयी स्क्रीन जोड़ेगी. वह ऐसे मौके तलाश रही है, जहां वृद्धि की अच्छी संभावनाएं हैं. लगभग 40 प्रतिशत नयी स्क्रीन दक्षिण भारत में खोली जाएंगी. कंपनी अपनी मध्यम से दीर्घकालिक रणनीति के अनुसार इस क्षेत्र पर खासतौर से ध्यान दे रही है. पीवीआर आईनॉक्स चालू वित्त वर्ष में नयी स्क्रीन पर अपने पूंजीगत व्यय को 25 से 30 प्रतिशत तक कम करने के लिए अपनी वृद्धि रणनीति को फिर से तय कर रही है. कंपनी अपने स्वामित्व वाली अचल परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण की संभावनाएं भी तलाश रही है और उसने निकट भविष्य में शुद्ध ऋण मुक्त कंपनी बनने का लक्ष्य रखा है.

## शेयर बाजार

## डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक भारत अब दुनिया का सबसे महंगा बाजार

# एफपीआई निवेश अगस्त में 7,320 करोड़ रुपये हुआ

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाते हुए अगस्त में घरेलू शेयर बाजार में केवल 7,320 करोड़ रुपये का निवेश किया. शेयरों के उच्च मूल्यांकन और बैंक ऑफ जापान के ब्याज दर बढ़ाने के बाद येन कैरी ट्रेड यानी निम्न ब्याज दर वाले वाले देश से कर्ज लेकर दूसरे देश की परिसंपत्तियों में निवेश के समाप्त होने के बीच उन्होंने सतर्क रुख अपनाया है. डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, यह निवेश जुलाई में 32,365 करोड़ रुपये और जून में 26,565 करोड़ रुपये से काफी कम है वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक (सूचीबद्ध निवेशक) विपुल भोवार ने कहा कि सितंबर में एफपीआई की घरेलू बाजार में रुचि बने रहने की संभावना है. हालांकि पूंजी प्रवाह को घरेलू राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक संकेतक, वैश्विक ब्याज दर की स्थिति, बाजार मूल्यांकन, क्षेत्रीय प्राथमिकताओं और बॉन्ड बाजार के आकर्षण से दिशा मिलने की उम्मीद है. डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त में भारतीय इक्विटी में 7,320 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया. पिछले दो महीनों की तुलना में एफपीआई की दिलचस्पी कम होने का मूल कारण भारतीय बाजार में उच्च मूल्यांकन है. वित्त वर्ष 2024-25 की अनुमानित



कमाई से 20 गुना अधिक पर निफ्टी कारोबार कर रहा है. इसके साथ, भारत अब दुनिया का सबसे महंगा बाजार है.

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई के पास बहुत सस्ते बाजारों में निवेश करने के अवसर हैं और इसीलिए, उनकी प्राथमिकता भारत के अलावा अन्य बाजार हैं. भोवार ने कहा कि इसके अलावा, 24 अगस्त को येन कैरी ट्रेड के समाप्त होने से एफपीआई व्यवहार पर काफी असर पड़ा, जिससे घरेलू इक्विटी में भारी बिकवाली हुई. दिलचस्प बात यह है कि एफपीआई शेयर बाजार बाजार में बिकवाली कर रहे हैं, जहां मूल्यांकन अधिक माना जाता है. वे अपने निवेश को प्राथमिक बाजार में लगा रहे हैं, जहां अपेक्षाकृत मूल्यांकन कम है. इस बीच, एफपीआई ने अगस्त में बॉन्ड बाजार में 17,960 करोड़ रुपये का निवेश किया. विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में शामिल किये जाने, आकर्षक ब्याज दर, स्थिर आर्थिक वृद्धि और अनुकूल दीर्घकालिक दृष्टिकोण एफपीआई को बॉन्ड में निवेश करने के लिए प्रेरित करने वाले प्रमुख कारक रहे हैं. बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लि. के मुख्य निवेश अधिकारी निमेश चंदन ने कहा कि वैश्विक बांड सूचकांकों में भारत के शामिल होने और आकर्षक प्रतिफल ने पूंजी प्रवाह को आकर्षित किया है. जियोजित के विजयकुमार ने कहा कि इसके अलावा, एफपीआई मुख्य रूप से बॉन्ड बाजार में खरीदारी कर रहे हैं क्योंकि इस साल भारतीय रुपया स्थिर रहा है और यह स्थिरता जारी रहने की उम्मीद है. इसके साथ, 2024 में अब तक इक्विटी में एफपीआई का निवेश 42,885 करोड़ रुपये और बॉन्ड बाजार में 1.08 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है.

## हीरो मोटो कॉर्प

# संजय भान को पदोन्नत कर कार्यकारी उपाध्यक्ष बनाया

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने वैश्विक कारोबार मामलों के अपने मुख्य व्यापार अधिकारी संजय भान को पदोन्नत कर कार्यकारी उपाध्यक्ष बनाया है. उनकी नियुक्ति एक सितंबर से प्रभाव में आ गयी है. हीरो मोटोकॉर्प ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि भान अपनी नई भूमिका में हाल में स्थापित ग्लोबल ‘मार्केट इनसाइट्स फंक्शन’ के साथ-साथ वैश्विक उत्पाद योजना (जीपीपी) पोर्टफोलियो का भी नेतृत्व करेंगे. भान ग्लोबल बिजनेस और जीपीपी के सीईओ को रिपोर्ट करना




जारी रखेंगे. इसके अतिरिक्त, वह ‘ग्लोबल मार्केट इनसाइट्स फंक्शन’ के प्रमुख के रूप में सीधे कार्यकारी चेयरमैन को रिपोर्ट करेंगे. साथ ही खेल इकाई का भी नेतृत्व करेंगे. कंपनी के बयान के अनुसार भान 1991 में कंपनी में शामिल हुए और इस अवधि के दौरान कई दोपहिया मॉडल को पेश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

## न्यूज अपडेट

### जुआ गिरोह का सरगना यूएई में धरा

**अहमदाबाद।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो गुजरात पुलिस और इंटरपोल एनसीबी-अबू धाबी संयुक्त अरब अमीरात में पकड़े गए 2,273 करोड़ रुपये से अधिक के जुआ गिरोह के एक कथित सरगना को रविवार को वापस लेकर आए. ठक्कर एक अंतरराष्ट्रीय जुआ गिरोह संचालित करने के लिए अहमदाबाद के माधवपुरा पुलिस थाने में 25 मार्च 2023 को दर्ज एक आपराधिक मामले में आरोपी है.

### रूस ने यूक्रेन के 150 ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में 158 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से दो ड्रोन मॉस्को शहर में और नौ मॉस्को के आसपास के क्षेत्र में नष्ट किए गए. यूक्रेन की ओर से बीती रात किए गए ड्रोन हमलों को उसकी ओर से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया जा रहा है. यूक्रेन के इन ड्रोन हमलों से अब लड़ाई अग्रिम मोर्चे से रूस की राजधानी तक भी पहुंच गई है.

### हेलीकॉप्टर में सवार 17 के शव बरामद

**मॉस्को।** रूस के सुदूर पूर्व में लापता हेलीकॉप्टर पर सवार 22 लोगों में से 17 के शव बरामद कर लिये गये हैं. रूस के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि हेलीकॉप्टर के मलबे का भी पता लगा लिया गया है. रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि बचावकर्मी शेष लोगों की तलाश में जुटे हैं. हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत हो जाने की आशंका है.

### पोप फ्रांसिस चार देशों का दौरा करेंगे

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस दो से 13 सितंबर तक इंडोनेशिया, पापुआ न्यू गिनी, ईस्ट तिमोर और सिंगापुर की यात्रा करेंगे. चार देशों की उनकी यह यात्रा मूल रूप से 2020 के लिए निर्धारित थी, लेकिन कोविड-19 के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था. मुस्लिम आबादी वाले, दुनिया के सबसे बड़े देश इंडोनेशिया में फ्रांसिस के ईसाई-मुस्लिम संबंधों को बेहतर बनाने पर जोर देने की संभावना है.

### पुलिसकर्मी, 'लाइफगार्ड' गिरफ्तार

**पणजी।** उत्तरी गोवा के पेरनेम में फिरौती के लिए डेढ़ साल के एक बच्चे का अपहरण करने की कोशिश करने के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल और एक 'लाइफगार्ड' को गिरफ्तार किया गया है. राज्य पुलिस की भारतीय रिजर्व बटालियन से संबद्ध कांस्टेबल निकेश चारी और 'दृष्टि मरीन' के 'लाइफगार्ड' संजय नार्वेकर को शनिवार को करगाव गांव से गिरफ्तार किया गया.

### अपहृत सैन्य अधिकारी व तीन अन्य मुक्त

**डेरा इस्माइल खान।** आतंकवादियों ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का गढ़ रह चुके डेरा इस्माइल खान से तीन दिन पहले अपहृत एक सैन्य अधिकारी सहित चार लोगों को शनिवार को मुक्त कर दिया. आतंकवादियों ने लेफ्टिनेंट कर्नल खालिद अमीर को बुधवार को उस समय अगवा कर लिया था, जब वह अपने पिता के जनाजे में शामिल लोगों का मस्जिद में इंतजार कर रहे थे.

### जापान में तूफान के कारण भारी बारिश

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र से 180 किलोमीटर दूर स्थित शिजुओका में 'शानशान' तूफान के कारण रविवार को मूसलाधार बारिश हुई. तूफान अभी कई दिनों तक बना रहेगा. शानशान तूफान के कारण 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जिससे भूस्खलन हुआ, नदियां उफनने लगीं, शाखाएं टूट गईं और चारों-ओर मलबा बिखर गया.

### निरर्थक याचिका पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** मुंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ निरर्थक याचिका दायर करने पर नांदेड़ के एक व्यक्ति पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. मोहन चव्हाण ने दलील दी थी कि एक समारोह के दौरान उसके महंत द्वारा दी गई विभूति को न लगाकर ठाकरे ने उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत किया है.

### असम टीएमसी अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

**गुवाहाटी।** तृणमूल कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने रविवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य के लोग टीएमसी को पश्चिम बंगाल की एक 'क्षेत्रीय पार्टी' मानते हैं और इसे अपना मानने के 'इच्छुक नहीं' हैं. उन्होंने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को असम में टीएमसी को 'स्वीकार्य' बनाने के लिए कई सुझाव दिए थे, लेकिन उन पर कोई काम नहीं किया गया.

### गेम खेलते दो की ट्रेन से कटकर मौत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में रेल की पटरियों पर बैठकर मोबाइल में गेम खेल रहे दो लड़कों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई. पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार शाम करीब सात बजे उस दौरान हुई जब 14 साल के दोनों लड़के पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रिसाली इलाके में रेलवे की पटरियों पर बैठकर मोबाइल में गेम खेल रहे थे.

### छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन मरे

**पोर्टलैंड (अमेरिका)।** पोर्टलैंड के पूर्वी इलाके में शनिवार सुबह एक छोटे विमान के कई मकानों से टकरा जाने से उनमें आग लग गई और तीन लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों ने बताया था कि विमान में दो लोग सवार थे और कम से कम एक निवासी लापता है. तस्वीरों और वीडियो में एक मकान में आग लगी हुई दिखाई दे रही है.

---

आईआईटी-बीएचयू परिसर में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी जेल से रिहा, विपक्ष ने सरकार को घेरा-कहा

# मोदी व भाजपा के कथित 'महिला सुरक्षा' के पाखंड का हुआ पर्दाफाश

**एजेंसी। लखनऊ**




समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने पिछले साल वाराणसी स्थित आईआईटी-बीएचयू परिसर के अंदर एक छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना के दो आरोपियों की रिहाई को लेकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला करते हुए कहा कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कथित 'महिला सुरक्षा' के पाखंड का पर्दाफाश हो गया है. सामूहिक बलात्कार के आरोपियों कुणाल पांडे और आनंद उर्फ अभिषेक चौहान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें उच्च न्यायालय के आदेश के बाद वाराणसी की जेल से उनकी रिहाई पर उनका जोरदार स्वागत होते देखा जा सकता है. इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने गत दो जुलाई को आनंद को और चार जुलाई को कुणाल को जमानत दे दी थी. कुणाल के वकील ने दलील दी थी कि उनके मुवक्किल का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह 31 दिसंबर 2023 से जेल में बंद है. सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि मामले की कमजोर पैरवी के कारण अदालत ने दो आरोपियों को जमानत दे दी. उन्होंने कहा, "जनता भाजपा की राजनीति और अराजकता से तंग आ चुकी है. आज भाजपा की ट्रेन अपने आखिरी स्टेशन पर पहुंच गई है. उसे देश से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए और अपने शासन के दौरान हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करना चाहिए." वहीं कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि इस पूरी घटना ने प्रधानमंत्री और भाजपा के कथित 'महिला सुरक्षा' के पाखंड को उजागर कर दिया है. कांग्रेस ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले भाजपा आईटी सेल के दो पदाधिकारी जेल से छूट गए हैं. खबरों के मुताबिक, जब ये जेल से बाहर आए तो जश्न मनाया गया और धूमधाम से इनका स्वागत किया गया."

### नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार, निष्कासित

**देहरादून।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के सल्ट क्षेत्र में भाजपा के एक नेता को एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पिंचा ने रविवार को बताया कि 14 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोपी भगवत सिंह बोरा को शनिवार रात गिरफ्तार किया गया. कथित घटना 24 अगस्त को सल्ट राजस्व क्षेत्र में हुई थी. इस बीच, घटना का संज्ञान लेते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर पार्टी के सल्ट क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष पद पर आसीन बोरा को तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया है.

### हावड़ा अस्पताल: तकनीशियन ने लड़की से छेड़छाड़ की

**हावड़ा।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में एक सरकारी अस्पताल में 12 वर्षीय एक लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के मामले में एक प्रयोगशाला तकनीशियन को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम हावड़ा जिला मुख्यालय अस्पताल में हुई, जहां लड़की को पिछले सप्ताह भर्ती कराया गया था. लड़की के परिवार के एक सदस्य ने दावा किया कि वह प्रयोगशाला से रोते हुए बाहर आई, क्योंकि आरोपी ने उसे "अनुचित तरीके से" छुआ था और उसे धमकी दी थी कि अगर उसने इस मामले के बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि प्रयोगशाला सहायक को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच जारी है. इस बीच, माकपा की युवा शाखा डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्यों ने रविवार को अस्पताल में प्रदर्शन किया और अस्पताल अधीक्षक के इस्तीफे की मांग की.

### लड़की से छेड़छाड़ पर पंसस के घर में की गई तोड़फोड़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में 10 वर्षीय एक लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में भीड़ ने एक पंचायत सदस्य के घर में तोड़फोड़ की. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि आरोपी को रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया और जिले की रोहांडा पंचायत के राजबाड़ी इलाके में पुलिस तैनात कर दी गई है. शनिवार शाम को लड़की के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की गई. लड़की ने अपने परिवार के सदस्यों को अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया.

---

एमवीए ने मुंबई के हुतात्मा चौक से 'गेटवे ऑफ इंडिया' तक किया मार्च

# शिवाजी की प्रतिमा ढहने पर उबली महाराष्ट्र की सियासत

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने पर राज्य की राजनीति गरमा गई है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) सुप्रीमो शरद पवार और शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना- यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने उक्त घटना के विरोध में दक्षिण मुंबई स्थित प्रतिष्ठित हुतात्मा चौक से 'गेटवे ऑफ इंडिया' तक रविवार को 'महा विकास आघाडी' (एमवीए) के मार्च का नेतृत्व किया. एमवीए नेताओं ने प्रतिमा ढहने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की आलोचना की. गठबंधन की घटक शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मांगी गई माफी में 'अहंकार की बू' है और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने इस घटना को भ्रष्टाचार का उदाहरण बताया. वहीं भाजपा ने सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के ढहने के मुद्दे का कथित रूप से राजनीतिकरण करने को लेकर विपक्षी महाविकास आघाडी (एमवीए) के खिलाफ रविवार को समूचे महाराष्ट्र में प्रदर्शन किया।मुंबई से करीब 480 किलोमीटर दूर मालवण तहसील के राजकोट किले में 17वीं सदी के मराठा योद्धा की प्रतिमा 26 अगस्त को गिर गई थी. इसका अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार दिसंबर 2023 को नौसेना दिवस के अवसर पर किया था. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) के शरद पवार, शिवसेना(यूबीटी) के उद्धव ठाकरे, कांग्रेस की प्रदेश इकाई के प्रमुख नाना पटोले और पार्टी की मुंबई इकाई की प्रमुख वर्षा गायकवाड़ ने 'संयुक्त महाराष्ट्र' आंदोलन में शहीद हुए लोगों की याद में बने हुतात्मा चौक पर पुष्पांजलि अर्पित कर विरोध मार्च की शुरुआत की.

**भाजपा का विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन : नागपुर।** भाजपा ने सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के ढहने के मुद्दे का कथित रूप से राजनीतिकरण करने को लेकर विपक्षी एमवीए के खिलाफ रविवार को समूचे महाराष्ट्र में प्रदर्शन किया. भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रकांत बावनकुले ने यहां प्रदर्शन में शिरकत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रतिमा के ढहने के सिलसिले में छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ-साथ मराठा योद्धा के प्रशंसकों से माफी मांग ली है. बावनकुले ने कहा, "उनकी माफी के बावजूद एमवीए वोट बैंक की राजनीति के लिए मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है. एमवीए विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहा है."




महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के विरोध में मार्च करते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता. प्रेट्र

### पीएम मोदी की माफी में अहंकार की बू आ रही थी : उद्धव



ठाकरे ने 'गेटवे ऑफ इंडिया' पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'क्या आपने (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की) माफी में अहंकार को देखा? इसमें अहंकार की बू आ रही थी. एक उपमुख्यमंत्री मुस्कुरा रहे थे.' उन्होंने कहा, 'इस गलती (प्रतिमा ढहने की घटना) को माफ नहीं किया जा सकता. हम सभी यहां 'भाजपा के भारत से बाहर जाने' की मांग को लेकर एकत्र हुए हैं.' उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोग महान योद्धा के अपमान को कभी माफ नहीं करेंगे. ठाकरे ने मोदी की 'गारंटी' का उपहास उड़ाने के लिए प्रतिमा के ढहने, राम मंदिर में और नए संसद भवन परिसर में रिसाव का हवाला दिया. उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री किस बात के लिए माफी मांग रहे थे? उस प्रतिमा के लिए जिसका उन्होंने आठ महीने पहले उद्घाटन किया था? उसमें शामिल भ्रष्टाचार के लिए? एमवीए काडरों को शिवाजी महाराज का अपमान करने वाली ताकतों को हराने के लिए मिलकर काम करना चाहिए. प्रतिमा का गिरना महाराष्ट्र की आत्मा का अपमान है.'

### छत्रपति की प्रतिमा का गिरना भ्रष्टाचार का उदाहरण : पवार



प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को पालघर में अपने संबोधन के दौरान कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक नाम या राजा नहीं, बल्कि एक देवता हैं. उन्होंने कहा था, 'आज, मैं उनके चरणों में सिर झुकाता हूं और अपने देवता से माफी मांगता हूं.' पवार ने विरोध मार्च में कहा, 'सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का गिरना भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है. यह सभी शिवाजी प्रेमियों का अपमान है.' कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि प्रधानमंत्री के माफी मांगने से बहुत पहले ही विपक्ष ने ऐसी 'शिवाजी द्रोही' (छत्रपति शिवाजी के सिद्धांतों के साथ विश्वासघात करने वाली) सरकार को सत्ता में आने देने के लिए मराठा योद्धा से माफी मांगी थी. आगामी विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने संकल्प लिया है कि ऐसा दोबारा नहीं होगा.' पटोले ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राज्य में होने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए माफी मांगी है.

### विपक्षियों ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों के पोस्टर पर चप्पल मारीं

'जोड़े मारो आंदोलन' (चप्पलों से मारो) नामक आंदोलन के दौरान ठाकरे ने शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के पोस्टर पर चप्पल मारीं. शिवाजी के वंशज एवं कोल्हापुर से कांग्रेस सांसद शाहू छत्रपति ने कहा कि मराठा योद्धा की गरिमा को हर कीमत पर बनाए रखा जाना चाहिए. पूर्वाह्न करीब 11 बजे के बाद शुरू हुए मार्च में हिस्सा लेने वालों में शाहू छत्रपति, राकांपा (एसपी) नेता एवं बारामती की सांसद सुप्रिया सुले और विधायक अनिल देशमुख शामिल रहे. मार्च दोपहर में समाप्त हो गया. हुतात्मा चौक पर शिवाजी की एक आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई. विरोध मार्च में शामिल लोगों ने प्रतिमा ढहने की घटना की निंदा करने वाली तख्तियां लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार के खिलाफ नारे लगाए. शरद पवार ने विरोध मार्च के तहत कुछ दूरी तक पैदल यात्रा की.

---

# हेमा कमेटी रिपोर्ट : सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करेगा यूडीएफ

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) न्यायमूर्ति के. हेमा कमेटी की रिपोर्ट में कथित तौर पर उल्लेखित व्यक्तियों को बचाने के आरोप में सोमवार को यहां सचिवालय के सामने वाम मोर्चा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा. विपक्ष हाल के लोकसभा चुनाव के दौरान वडकारा निर्वाचन क्षेत्र में विवादास्पद "काफिर" 'स्क्रीनशॉट' बनाने और प्रचारित करने वालों को पिनराई विजयन सरकार द्वारा दिए गए कथित संरक्षण के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन करेगा. रविवार को एक बयान में कहा गया है कि राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन दो सितंबर की सुबह सचिवालय के सामने विरोध प्रदर्शन की शुरुआत करेंगे. बयान में कहा गया है कि यूडीएफ संयोजक एमएम हसन, केपीसीसी अध्यक्ष के सुधाकरन, पीके कुन्हालीकुट्टी, पी. जे जोसेफ, सीपी जॉन, अनूप जैकब और सिबू बेबी जॉन समेत कई प्रमुख नेता विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे. इसी बीच, अभिनेता जयसूर्या ने चुप्पी तोड़ते हुए यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार है.

### अभिनेता जयसूर्या ने चुप्पी तोड़ी, यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार

**तिरुवनंतपुरम।** अभिनेता जयसूर्या ने अपने खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर चुप्पी तोड़ते हुए रविवार को आरोपों से इनकार किया और कहा कि इन आरोपों ने उन्हें, उनके परिवार और उनके हर करीबी व्यक्ति को 'तोड़' दिया है. पिछले एक महीने से अपने परिवार के साथ अमेरिका में मौजूद अभिनेता ने कहा कि वह कानूनी रूप से आरोपों का सामना करेंगे और उनके लौटने तक वकील उनके खिलाफ मुकदमों में सुनवाई में भाग लेंगे. जयसूर्या ने फेसबुक पर कहा, 'अपनी निजी प्रतिबद्धताओं के कारण, मेरा परिवार और मैं पिछले एक महीने से अमेरिका में हूं तथा इस दौरान यौन उत्पीड़न के आधार पर दो झूठे आरोप मेरे खिलाफ लगाए गए हैं. स्वाभाविक रूप से, इसने मुझे, मेरे परिवार को और मेरे करीब हर व्यक्ति को तोड़ दिया है. मैंने कानूनी रूप से इसका सामना करने का फैसला लिया है.'

# बहराइच में भेड़िए के हमले में एक बालक समेत दो घायल

- बीते छह-सात दिनों से शांत माहौल के बाद इलाके में फिर दहशत फैला

**एजेंसी। बहराइच**

बहराइच जिले के महसी तहसील क्षेत्र में शनिवार देर रात से रविवार भोर तक दो अलग-अलग स्थानों पर कथित रूप से भेड़िए के हमले में नौ वर्षीय एक बालक व एक अधेड़ उम्र का शख्स घायल हो गये. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. इससे पूर्व बीते करीब डेढ़ माह के अंतराल में कथित तौर पर भेड़ियों के हमलों से छह बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गयी थी और करीब तीस लोग घायल हुए थे. बीते छह-सात दिनों से शांत माहौल के बाद इलाके में एक बार फिर दहशत बढ़ गयी है. देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल ''सुशील'' ने रविवार को "पीटीआई-भाषा" को बताया, "गांव वासियों के अनुसार हरदी थानांतर्गत पूरेदिलदारसिंग गांव के मजरा नकही में शनिवार/ रविवार रात करीब डेढ़ बजे घर के आंगन में मां के साथ सो रहे पारस (नौ) को एक भेड़िए ने हमला कर घायल कर दिया. पारस बहराइच के रेहुआ मंसूर गांव का निवासी है जो अपनी ननिहाल नकही गांव आया हुआ था." सुशील ने बताया कि दूसरी घटना मैकू पुरवा ग्राम सभा के दरिया कुट्टी मजरे की है जहां रविवार सुबह करीब चार बजे पुन्नीलाल (55) घर के आंगन में सो रहे थे, तभी भेड़िए ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया.

### गुजरात के अमरेली में तेंदुए के हमले में दो साल के बच्चे की मौत

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में एक तेंदुए ने दो साल के बच्चे पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. वन विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार शाम गरमली गांव के पास हुई. पीड़ित चिराग दाहोद का रहने वाला था और उसके पिता खेतिहर मजदूर थे. तेंदुए ने चिराग पर उस समय हमला किया, जब वह खेल रहा था. तेंदुआ चिराग को लेकर भागने लगा. जब चिराग का पिता उसे बचाने के लिए पीछे दौड़ा, तो उसने बच्चे को नीचे गिरा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया.

---

**बदलाव** राजीव रंजन को मिली जिम्मेदारी, पार्टी के महासचिव आफाक अहमद ने जारी किया पत्र

# केसी त्यागी का जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा

**लगातार न्यूज नेटवर्क। पटना**



जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया. त्यागी ने निजी कारणों का हवाला देकर इस्तीफा दिया है. उनकी जगह राजीव रंजन प्रसाद को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है. पार्टी के महासचिव आफाक अहमद खान ने पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी. पार्टी ने कहा कि केसी त्यागी ने निजी कारणों से राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दिया है. राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को पार्टी का नया राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है. प्रसाद वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव की भूमिका में थे. बता दें कि जदयू के अनुभवी नेता केसी त्यागी को मई 2023 में राष्ट्रीय प्रवक्ता के साथ ही विशेष सलाहकार नियुक्त किया गया था. पार्टी ने जारी बयान में कहा था कि त्यागी के संगठनात्मक अनुभव का लाभ उठाने के लिए बिहार के सीएम व पार्टी के प्रमुख नीतीश कुमार ने उन्हें पार्टी का विशेष सलाहकार और मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया है.

केसी त्यागी पिछले कुछ समय में पार्टी की आधिकारिक लाइन से अलग बयान दे रहे थे. जदयू के एक लंबे समय से प्रमुख चेहरा रहे त्यागी ने कई बार पार्टी नेतृत्व या अन्य वरिष्ठ नेताओं से परामर्श किये बिना ही बयान जारी कर दिया था. इसकी वजह से पार्टी के भीतर असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी. त्यागी के बयानों के कारण एनडीए के भीतर भी मतभेद उत्पन्न होने लगा था. माना जा रहा है कि पार्टी के भीतर और अंतर उत्पन्न विवाद को कम करने के लिए पार्टी ने त्यागी का इस्तीफे स्वीकार कर लिया.

### पार्टी लाइन से अलग बयान पार्टी नेतृत्व को नागवार गुजरा

मालूम हो कि केसी त्यागी ने विदेश नीति के मुद्दे पर बयान दिया था. उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ सुर मिलाकर इजराइल को हथियारों की आपूर्ति रोकने के लिए एक साझा बयान पर हस्ताक्षर भी कर दिये थे. इसके अलावा, त्यागी ने एससी/एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर बिना पार्टी से चर्चा किये बयान जारी कर दिया था. लेटरल एंट्री के मुद्दे पर भी उन्होंने अपनी व्यक्तिगत राय को पार्टी की आधिकारिक राय के रूप में पेश किया था. जिसकी वजह से पार्टी की छवि और नेतृत्व पर सवाल उठने लगे थे. त्यागी के सारे बयान पार्टी नेतृत्व को नागवार गुजरा और जेडीयू नेतृत्व ने त्यागी के इस्तीफे को स्वीकार करने का निर्णय लिया.

# गाजा में छह बंधकों के शव हुए बरामद

- बाइडन और नेतन्याहू ने कहा- हमास को कीमत चुकानी पड़ेगी

**एजेंसी। यरूशलम**



इजराइल ने रविवार को कहा कि उसने गाजा में एक युवा इजराइली-अमेरिकी समेत छह बंधकों के शव बरामद किए हैं. इजराइली-अमेरिकी युवक हेर्श गोल्डबर्ग-पोलिन के माता-पिता ने रविवार सुबह पुष्टि की कि गाजा पट्टी में उनके बेटे को बंधक बनाने वाले उग्रवादियों ने उसकी हत्या कर दी है.

सेना ने कहा कि आतंकवादियों ने इजराइली सैनिकों द्वारा बंधकों को बचा पाने से कुछ देर पहले ही उनकी हत्या कर दी. उनके शव मिलने के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन शुरू होने का खतरा पैदा हो गया, जिन पर बंधकों के कई परिवार और इजराइली जनता बंधकों को जीवित वापस लाने के लिए समझौता करने में नाकाम रहने का आरोप लगाती है. नेतन्याहू ने बंधकों की हत्या पर दुख जताया और कहा कि इजराइल 'बेरहमी' से की गई उनकी हत्या के लिए हमास को बख्शेगा नहीं. उन्होंने कहा कि इन हत्याओं से साबित हो गया है कि आतंकवादी समूह संघर्षविराम समझौता नहीं चाहता है. उन्होंने कहा कि बंधकों की मौत की खबर सुनकर उनका दिल टूट गया है. नेतन्याहू ने कहा, 'जिन्होंने बंधकों की हत्या की है, वे कोई समझौता नहीं चाहते हैं.' हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर किए हमले के दौरान करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)